Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 18 October 2023 ● Year : 01 ● Issue : 271 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**सुविचार**

यदि किसी को दूध नहीं दे सकते, तो मत दो। मगर छाछ देने में क्या हर्ज है, यदि किसी भूखे को अन्न देने में समर्थ नहीं हो तो कोई बात नहीं, पर प्यासे को पानी तो पिला सकते हो।



शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी पूजा... 12

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 62,622.24 |
| निफ्टी | : | 18,534.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,740 |
| चांदी | : | 76.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### रेलवे ने बोनस के लिए 7 हजार रुपये की सीलिंग तय की, जल्द होगी बोनस की घोषणा

NEW DELHI : भारतीय रेलवे ने रेलवे के गैर राजपत्रित कर्मचारियों के बोनस के लिए 7000 रुपए सीलिंग निर्धारित कर दी है। अब बोनस के लिए हमेशा की तरह होने वाले 78 दिन के आधार पर होने वाले बोनस की दिन का निर्धारण नहीं हुआ है। रेलवे इसे एक दो दिन में तय कर देगी। इसके बाद उत्पादकता-लिंक्ड बोनस (पीएलबी) की घोषणा होगी। मालूम हो कि चक्रधरपुर रेल डिवीजन के 23 हजार कर्मचारी समेत दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के 80 हजार गैर राजपत्रित कर्मचारियों को बोनस मिलेगा। चक्रधरपुर रेल डिवीजन के पर्सनल विभाग ने पहले से ही बोनस भुगतान की पूरी तैयार कर ली है। बोनस के घोषणा के साथ ही एक -दो दिन मे रेलकर्मचारियों के खाते में बोनस राशि चली जाएगी।

### चुनाव में सेना का राजनीतिक इस्तेमाल उचित नहीं : खड़गे

NEW DELHI : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चुनाव में सेना का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद मोदी सरकार ने सेना को देशभर में 822 ऐसे सेल्फी प्वाइंट लगाने को कहा है, जो सरकारी योजनाओं का प्रचार करें। ऐसा करना उचित नहीं है। खड़गे ने एक्स पर लिखा कि इन झांकियों में सैनिकों के पराक्रम की गाथा की बजाय प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर है और उनकी योजनाओं का गुणगान है।

### 2040 तक चंद्रमा पर इंसान भेजेगा भारत

NEW DELHI : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2040 तक चंद्रमा पर इंसान को भेज सकता है। 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। हालांकि इससे पहले 2025 में वह अंतरिक्ष में मानव मिशन गगनयान भेजेगा। यह टारगेट मंगलवार यानी 17 अक्टूबर को इसरो के वैज्ञानिकों के साथ पीएम मोदी की मीटिंग में तय किए गए।

### दो पटाखा फैक्ट्रियों में धमाके, 11 की मौत

TAMILNADU : तमिलनाडु में मंगलवार को दो पटाखा फैक्ट्रियों में जोरदार धमाका हुआ। धमाके के बाद आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे रंगपालयम और किचनायकनपट्टी गांव में हुए।

# हजारीबाग के लोटवा डैम में डूबे छह बच्चे

## सात बच्चे गए थे साथ, एक को ग्रामीणों ने बचाया

PHOTON NEWS HAZARIBAGH : हजारीबाग जिले में दुखद घटना सामने आई है। दरअसल, इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क के सालपर्ण जंगल से सटे लोटवा डैम में सात बच्चे डूब गए। इनमें से एक को सुरक्षित बचा लिया गया है। उसका नाम शानू कुमार है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। बताया कि नहाने के दौरान छह बच्चे डैम में डूब गए हैं, पांच बच्चों का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि एक बच्चे का काफी देर तक पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना मिलते ही इचाक पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बच्चों की तलाश में लग गई। रेस्क्यू के बाद डैम में डूबे छठे बच्चे का शव बरामद कर लिया गया। बताया जा रहा है कि कुल सात बच्चे हजारीबाग शहर से लोटवा डैम घूमने आये थे और डैम में नहाने के लिए उतरे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर इस हादसे पर शोक प्रकट किया है।

इधर, इचाक के मुखिया रंजीत कुमार मेहता ने बताया कि अपने होटल के पास बैठे हुए थे। इतने में ही तीन बाइक पर सवार सभी छात्र वहां पहुंचे। सभी बच्चों के पास स्कूल बैग था और स्कूल ड्रेस में ही थे। जिसके बाद पास की दुकान से कुछ खाने के लिए सामान खरीदे और डैम की ओर बढ़ने लगे। थोड़ी देर के बाद ही यह



हजारीबाग के लोटवा डैम पहुंचकर छानबीन में जुटी पुलिस।

**डूबने वाले बच्चों के नाम**

- प्रवीण यादव, पिता-द्वारिका यादव, दिपूगढा कनहरी
- शिवसागर, पिता-शंकर रजक, पेटो झुमरा
- मयंक सिंह, पिता-अशोक सिंह, मटवारी
- रजनीश पांडे, पिता - राजीव पांडे, ओकनी
- ईशान सिंह, पिता - मुकेश सिंह, इचाक भुसाय
- सुमित कुमार, पिता - विजय साव, रोमी पेलावल

हजारीबाग जिले के लोटवा डैम में छह बच्चों के डूबने की दु:खद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा, हादसे में मरने वाले बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

**हेमंत सोरेन, सीएम।**

हजारीबाग जिले के लोटवा डैम में छह बच्चों के डूबने की अत्यंत दुखद व पीड़ादायक सूचना मिली। उनके परिवारजनों के प्रति मैं गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। ईश्वर उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल।**

**नहाने के दौरान हादसा**

जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने बताया कि माउंट एग्मोंट स्कूल, हजारीबाग के छात्र थे। सभी छात्र तीन बाइक पर लोटवा डैम घूमने आए थे। सबसे पहले दो बच्चे नहाने के लिए डैम में उतरे और इसी बीच दोनों डूबने लगे। जिसके बाद बचाने के लिए बाकी बच्चे डैम में कूद गए। गोताखोरों को भी इसकी सूचना दी गई। प्रशासन के लोग भी यहां मौजूद थे। इसके बाद रेस्क्यू कर शव बरामद किए गए।



JAMSHEDPUR : नवरात्र का महापर्व शुरू हो गया है। इस दौरान मां दुर्गा के दर्शन को भक्त मंदिरों का रूख करेंगे। लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण पूजा पंडाल हैं। जमशेदपुर शहर में करीब 300 से अधिक जगहों पर इस बार छोटे बड़े पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा पूजा पंडाला आदित्यपुर स्थित में बना है जिसका नाम प्रवीण सिंह सेवा संस्थन दुगार्पूजा पंडाल है। करीब 50 लाख रुपए की लागत से बने इस पूजा पंडाल का उद्घाटन हो चुका है।

# सेम-सेक्स मैरेज को मान्यता देने से इनकार

## स्पेशल मैरज एक्ट में बदलाव करने का अधिकार केवल संसद के पास

AGENCY NEW DELHI : सेम सेक्स मैरेज को कानूनी मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। मंगलवार को 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हिमा कोहली, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस रविंद्र भट और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की संविधान पीठ ने इस मामले की सुनवाई की थी। जस्टिस हिमा कोहली को छोड़कर फैसला चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस कौल, जस्टिस भट और जस्टिस नरसिम्हा ने बारी-बारी से फैसला सुनाया।



सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान 5 जजों की संविधान पीठ।

**हर व्यक्ति को पार्टनर चुनने का अधिकार**

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि ट्रांसजेंडर महिला को एक पुरुष से शादी करने का अधिकार है। उसी तरह ट्रांसजेंडर पुरुष को महिला से शादी करने का अधिकार है। हर व्यक्ति को अपने पार्टनर को चुनने का अधिकार है। वो अपने लिए अच्छा-बुरा समझ सकते हैं। आर्टिकल 15 सेक्स ओरिएंटेशन के बारे में भी बताता है। हम सभी एक कॉम्प्लेक्स सोसाइटी में रहते हैं। एक-दूसरे के प्रति प्यार और सहयोग ही हमें मनुष्य बनाता है। हमें इसे देखना होगा। इस तरह के रिश्ते अनेक तरह के हो सकते हैं। हमें संविधान के भाग 4 को भी समझना होगा। अगर मौजूदा याचिकाओं को लेकर कोर्ट तय करता है कि स्पेशल मैरिज एक्ट का सेक्शन 4 असंवैधानिक है, क्योंकि ये सबको अपने साथ लेकर नहीं चलता। इस सेक्शन को हटाना होगा या इसमें नई बातें जोड़नी होंगी। अगर स्पेशल मैरिज एक्ट को खत्म कर दिया जाता है तो ये देश को आजादी से पहले के समय में ले जाएगा। अगर कोर्ट दूसरी अप्रोच अपनाता है और इसमें नई बातें जोड़ता है तो वह विधानपालिका का काम करेगा।


**होमोसेक्शुअलिटी सिर्फ अर्बन एरिया तक सीमित नहीं**

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, होमोसेक्शुअलिटी या क्वीरनेस सिर्फ अर्बन इलीट क्लास तक सीमित नहीं है। ये सिर्फ अंग्रेजी बोलने वाले और अच्छी जॉब करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों में खेती करने वाली महिलाएं भी क्वीर हो सकती हैं। ऐसा सोचना कि क्वीर लोग सिर्फ अर्बन या इलीट क्लासेस में ही होते हैं, ये बाकियों को मिटाने जैसा है। शहरों में रहने वाले सभी लोगों को क्वीर नहीं कहा जा सकता है। क्वीरनेस किसी की जाति या क्लास या सोशल-इकोनॉमिक स्टेटस पर निर्भर नहीं करता। ये कहना भी गलत है कि शादी एक स्थायी और कभी न बदलने वाला संस्थान है। विधानपालिका कई एक्ट्स के जरिए विवाह के कानून में कई सुधार ला चुकी है।

# एनआईए और झारखंड पुलिस का मोस्ट वांटेड इनामी नक्सली अघनु गंझू धराया

## कमांडर रविंद्र गंझू का है करीबी

CRIME REPORTER RANCHI : एनआईए और झारखंड पुलिस का मोस्टवांटेड आठ लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार हुआ है। लातेहार जिला पुलिस ने नक्सली कमांडर रविंद्र गंझू के करीबी माने जाने वाले नक्सली अघनु गंझू को गिरफ्तार कर लिया है। अघनु गंझू पर झारखंड पुलिस ने पांच लाख और एनआईए ने तीन लाख का इनाम घोषित कर रखा है। अघनू गंझू मूल रूप से लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के मड़मा गांव का रहने वाला है। बताते चलें कि एनआईए ने 23 अप्रैल 2021 को लातेहार के गारू थाना क्षेत्र स्थित रूप पंचायत के जंगल में माओवादियों की मौजूदगी की जांच को टेकओवर किया था। लातेहार के गारू थाना में दर्ज केस संख्या 32/2017 और एनआईए केस संख्या आरसी 14/2017 के अनुसंधान के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर एनआईए की रांची ब्रांच केस संख्या आरसी 03/2021 दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। एनआईए ने इस मामले में अघनू गंझू को मोस्ट वांटेड घोषित किया है।



## इधर, नक्सली मोने तियू से पांच दिनों से चल रही पूछताछ

CRIME REPORTER RANCHI : रांची की एनआईए ब्रांच नक्सली मोने तियू को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। मोने तियू पिछले वर्ष गोइलकेरा में हुए पूर्व विधायक गुरुचरण नायक के बॉडीगार्ड (अंगरक्षक) की हत्या कर हथियार लूट मामले में संलिप्त था। नक्सली मोने तियू समेत पांच नक्सलियों को चाईबासा पुलिस ने बीते आठ अगस्त को गिरफ्तार किया था। सभी ने पुलिस की पूछताछ में कई अहम जानकारियां दी। साथ ही कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। गिरफ्तार हुए तीन नक्सलियों ने बड़ाजामदा व नोवामुंडी क्षेत्र में हुए विस्फोटक लूटकांड में अपनी संलिप्तता कबूला। बता दें कि चार जनवरी 2022 की शाम झीलरुआं मैदान में आयोजित खेलकूद समारोह में शामिल पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सलियों ने हमला किया था। गुरुचरण नायक ने भीड़ में शामिल होकर अपनी जान बचायी थी। नक्सलियों ने मैदान में मौजूद पूर्व विधायक के तीनों अंगरक्षक को घेर लिया था। नक्सलियों ने दो अंगरक्षकों शंकर नायक और ठाकुर हेम्ब्रम की हत्या कर दी।

# इटकी में आदिवासी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, छह दबोचे गए

## गिरफ्तार आरोपियों में पांच नाबालिग, रविवार रात की घटना

- दोस्तों के साथ लोहरदगा घूमने गयी थी नाबालिग
- बेहोश हुई तो मरा समझकर भागे आरोपी

CRIME REPORTER RANCHI : रांची के ईटकी थाना क्षेत्र अंतर्गत विंधानी पतरा में ले जाकर एक आदिवासी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना रविवार देर रात की है। नाबालिग ने नगड़ी थाना क्षेत्र के हरही गांव निवासी पवन मुंडा उर्फ बिट्टू और पांच नाबालिग के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पवन मुंडा सहित पांचों नाबालिग को दबोच लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज है जबकि सभी नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया। वहीं पीड़िता की मेडिकल जांच कराकर बयान दर्ज कराया गया। नाबालिक पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रविवार की सुबह छह बजे इटकी स्टेशन से ट्रेन पकड़कर चार दोस्तों के साथ लोहरदगा गई थी। दोपहर दो बजे लोहरदगा से ट्रेन से सभी वापस इटकी स्टेशन पहुंचे। ट्रेन से उतरकर स्टेशन में ही दोस्तों से बातचीत कर रही थी। शाम करिब साढ़े पांच बज एक आरोपी अपने दोस्त को फोन कर बुलाया। इसके बाद स्कूटी पर बैठाकर विंधानी पतरा गए। पेड़ के नीचे सभी बैठकर बात कर रहे थे। रात लगभग 10 बजे पवन मुंडा पहुंचा। जिसके बाद सभी आरोपी छेड़छाड़ करने लगे। फिर बारी-बारी ने बेहोश होने तक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि बेहोश होने के बाद सभी आरोपी मरा समझकर घटनास्थल से भाग निकले। वह खून से लतपथ रात भर अर्धनग्न अवस्था मे पड़ी रही। सुबह जब उसे होश आया तो किसी तरह इटकी थाना पहुंची और पुलिस को घटना की जानकारी दी। इटकी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आरोपियों को धर दबोचा। नाबालिग ने बताया कि मैं दर्द से कराहती रही और वे दुष्कर्म करते रहे। नाबालिक जिन दोस्तों पर इतना विश्वास करती थी उन्ही दोस्तों घटना को अंजाम दिया।

**चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला पीजी कॉलेज में लगा 'युवा संसद सत्र', दो प्रस्ताव ध्वनि मत से किए गए पारित**

# यायावरी वाया भोजपुरी व कॉलेज के बीच हुआ MOU

PHOTON NEWS GORAKHPUR : चंद्रकांति रमावती देवी आर्य महिला पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग की छात्राओं द्वारा मंगलवार को 'युवा संसद सत्र' चलाया गया। जिसमें अविश्वास प्रस्ताव एवं महिला शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा हुई। दोनों ही विधेयक पर सरकार के पक्ष में ध्वनि मत से वोटिंग हुई। संसद का संयोजन प्रवक्ता डॉ प्रीति त्रिपाठी ने किया। सदन को राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष स्वप्निल पाण्डेय ने आहुत किया। इसी क्रम में 'चंद्रकांति रमावती देवी आर्य महिला पीजी कॉलेज' यायावरी वाया भोजपुरी के साथ एमओयू साइन हुआ। जिसमे यायावरी वाया भोजपुरी की परियोजना अधिकारी श्वेता सुप्रिया और चंद्रकांति रमावती देवी आर्य महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्या डा. सुमन सिंह ने हस्ताक्षर किया।



समझौते के बाद दस्तावेज दिखाते महाविद्यालय और ऐप के प्रतिनिधि ● द फोटोन न्यूज

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित :** सदन में सोनल शुक्ला (अध्यक्ष), जान्हवी पाण्डेय (प्रधानमंत्री), पूजा राव (गौरव गोगोई), नेहा नायक (गृहमंत्री), अर्चना रंजन (अल्पसंख्यक कार्य मंत्री), खुशी शर्मा (अधीर रंजन चौधरी), राधना पासवान (राहुल गांधी), शिवांगी पासवान (सोनिया गांधी), भावना पाण्डेय (रक्षा मंत्री), संतोषी (कानून मंत्री), पुष्पा गौड़ (वृत्त मंत्री), तनीषा, पूजा प्रजापति, रूक्मणी (मार्शल) उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ विजय लक्ष्मी मिश्र ने छात्राओं की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से लोकतंत्र जीवित रहता है। मुख्य अतिथि महोदया श्वेता श्रीवास्तव (अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा) ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही अद्भुत है। इस तरह की गतिविधियों से छात्राओं की शैक्षणिक उन्नति होती है।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग की प्रवक्ता श्रेया द्विवेदी, शंकर थापा, डॉ रेखा रानी शर्मा, डॉ पवन राज, डॉ आस्था प्रकाश, डॉ अमिता अग्रवाल, डॉ शिवानी श्रीवास्तव सहित यायावरी वाया भोजपुरी की टीम उपस्थित रही एवं आभार ज्ञापन महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त छात्राएं एवं प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

**क्या है यायावरी वाया भोजपुरी**

ईश्वर बृज फाउंडेशन द्वारा संचालित माटी परियोजना के तहत निर्मित भोजपुरी भाषा के पहले स्टोरी टेलिंग मोबाइल ऐप्लिकेशन यायावरी वाया भोजपुरी द्वारा विगत तीन वर्षों विश्व के अलग-अलग देशों अलग-अलग भाषाओं की कहानियों को भोजपुरी भाषा में अनूदित करते हुए लोगों को सुनने के लिए अपने प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। युवाओं को जोड़ने के लिए यायावरी वाया भोजपुरी परिवार द्वारा एक नई योजना की शुरूआत की गई है, जिसका नाम 'यायावरी क्लब' है। यायावरी क्लब के गठन का प्रधान उद्देश्य युवाओं को भोजपुरी भाषा से जोड़ना है। किसी भी भाषा को भली प्रकार सीख कर उसके प्रयोग को कौशल में बदल जा सकता है।

# विधायक अमर बाउरी को मिला नेता प्रतिपक्ष का दर्जा

## विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी की

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री अमर बाउरी को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिल गया है। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर की अधिसूचना के अनुसार बाउरी को 16 अक्टूबर की तिथि से ही नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि 2019 में दिसंबर महीने में हुए विधानसभा चुनाव के बाद से ही नेता प्रतिपक्ष का पद खाली था। मुख्य विरोधी दल भाजपा ने चुनाव के तुरंत बाद इस पद के लिए किसी का चयन नहीं किया था। बाद में फरवरी 2020 में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व वाली झारखंड विकास मोर्चा के भाजपा में विलय होने के बाद मई 2020 में उन्हें भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था लेकिन उनके खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में दलबदल का मामला लंबित रहने के कारण अब तक उन्हें नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता नहीं दी गई थी। करीब तीन महीने के इंतजार के बाद केन्द्रीय राज्य पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक विभाग मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र भेज कर जानकारी दी कि अमर कुमार बाउरी को भाजपा विधायक दल के नेता और जय प्रकाश पटेल को सचेतक की कमान सौंपने की बात केंद्रीय नेतृत्व से कही है, जिसकी औपचारिक मंजूरी मिल गई है और इस संबंध में वह आगे की कार्रवाई करें।

BRIEF NEWS

### ट्रेड मजदूर यूनियन खूंटी ने किया बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**KHUNTI :** अंतरराष्ट्रीय गरीब उन्मूलन दिवस के अवसर पर ट्रेड मजदूर यूनियन खूंटी के सौजन्य से मंगलवार को तोरपा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कोरला डांड़टोली में स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर सूनियन के जिला महासचिव अीत राय ने कहा कि शिक्षा के बिना अधिकार पाना नामुमकिन है। इसलिए बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को हर रोज स्कूल जरूर भेजें। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मांझी, जिला सचिव मंसूर आलम, जिला महासचिव अजीत राय, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष निकोदिम हेमरोम, सनिका धान, स्कूल के शिक्षक अब्राहम हेमरोम, प्रबंध समिति के सदस्य दीना हेमरोम, सनिका, सामू आदि उपस्थित थे।

### नए अंचलाधिकारी से मिले बिरसा फुले अंबेडकर संघर्ष समिति के सचिव



**RANCHI :** बिरसा फुले अंबेडकर संघर्ष समिति के सचिव सह मूलनिवासी चिंतक द्वारिका दास ने कांके के नए अंचलाधिकारी जय कुमार राम से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान कांके अंचल में जमीन से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। कांके अंचल में दाखिल-खारिज, जमीन ऑनलाइन, ऑनलाइन सुधार, जाती-अवासीय प्रमाण पत्र सहित लंबित मामलों को अंचलाधिकारी से जल्द से जल्द निष्पादन करने का आग्रह किया। इस दौरान अंचलाधिकारी जय कुमार राम ने आस्वस्त किया है कि सभी लंबित फाइलों को चेक करवा रहा हूँ। जो भी सही कागजात है उन सभी लंबित मामलों को निष्पादित करने का निर्देश कर्मचारियों को दी है।

### बराकर नदी बस हादसे में मृतकों के परिजनों को मिली सहायता राशि

**GIRIDIH :** बराकर नदी बस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से सहायता राशि प्रदान की गई। मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से तीन-तीन लाख रुपये का चेक दिया गया। सदर विधायक सुदिव्य कुमार ने मंगलवार को चेक सौंपा। इससे पहले गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने चारों मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार के आपदा राहत कोष से एक-एक लाख का भुगतान करवाया था। अब इस घटना में घायल हुए लोगों को सहायता राशि का भुगतान किया जाना है। विधायक सुदीप कुमार ने बताया कि सभी 14 घायलों को 25-25 हजार का भुगतान शीघ्र किया जायेगा। राशि राज्य सरकार ने भेज दी है। उल्लेखनीय है कि विगत पांच अगस्त की रात को रांची से गिरिडीह आ रही बाबा सम्राट बस पुल से नीचे नदी में जा गिरी थी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि कई अन्य घायल हुए थे।

# गढ़वा में दो बदमाश गिरफ्तार देसी कट्टा और रिवाल्वर बरामद

## पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में मिली सफलता, जांच जारी

**PHOTON NEWS GARHWA :** गढ़वा पुलिस ने गढ़वा और डालटेनगंज के कारोबारी को लेवी के नाम पर धमकी देनेवाले गिरोह के सरगना सहित दो बदमाशों को रफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, एक रिवाल्वार, छह गोली, बैग, आठ मोबाइल सहित अन्य समान बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में गढ़वा थाना क्षेत्र स्थित उंचरी शरीफ मोहल्ला निवासी सुहैल खान उर्फ सोनू खान और निमियांडीह नई निवासी आशिक अंसारी के नाम शामिल हैं। सरगना सुहैल खान पर गढ़वा थाना, नगरउंटारी थाना ओर डालटेनगंज (सदर) थाना में आठ मामले दर्ज हैं।



मीडिया को जानकारी देते एसपी दीपक कुमार पाण्डेय। ● फोटोन न्यूज

गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि गढ़वा शहर में बीते कई माह से सुहैल खान संगठित आपराधिक गिरोह तैयार कर गढ़वा शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के कारोबारियों को लगातार फोन पर तथा अपने गुर्गे के माध्यम से लेवी के लिए धमकी देने एवं उगाही करने का कार्य किया जा रहा था। इस वजह से स्थानीय कारोबारी वर्ग इस गिरोह से भयभीत था।

मामले को लेकर गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। सुहैल खान एवं उसके गिरोह की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ वंशीधर के नेतृत्व में एसआईटी गठन किया गया था। एसआइटी की टीम स्थानीय सूत्र एवं तकनीकी सहायता से सुहैल खान व उसके सहयोगी आशिक अंसारी को नगरउंटारी थाना क्षेत्र स्थित पुरना नगर राजा पहाड़ी मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित सरगना सुहैल खान ने गढ़वा एवं डालटेनगंज के स्थानीय व्यापारियों एवं बस एजेंटों को वसूली के लिए धमकी देने की बात स्वीकार किया है।

## लूट के आभूषण और पिस्टल के साथ पांच हुए गिरफ्तार



गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देती पुलिस। ● फोटोन न्यूज


**PHOTON NEWS DHANBAD :** धनबाद पुलिस ने ढाई किलो चांदी के आभूषणों के साथ चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के जेवर खरीदने वाले दुकानदार को भी धर दबोचा है।

धनबाद के सिटी एसपी अजित कुमार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बीते 19 सितंबर को केंदुआडीह बाजार स्थित विजय वर्मा के जेवर दुकान से अज्ञात अपराधियों ने करीब पांच किलो चांदी के आभूषण की लूट की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार अपराधियों में टिंकू भुइंया, दीपक कुमार, सूरज यादव, राहुल कुमार और दुकानदार गणेश कुमार शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि आरोपितों की निशानदेही पर ढाई किलो जेवर, एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन बरामद किया है।

## खूंटी उपकारा में सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करें अधिकारी: उपायुक्त

**PHOTON NEWS KHUNTI :** उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में मंगलवार को कारा सुरक्षा समिति की हुई बैठक में उपायुक्त ने कारा सुरक्षा को कड़ी करने और स्वास्थ्य सुविध को बेहतर करने के निर्देश दिये। बैठक में डीसी ने संबंधित पदाधिकारी से कारा सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। साथ ही सीसीटीवी, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति पर विशेष विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि कारा सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को अनिवार्य रूप से सुदृढ़ करना होगा। उन्होंने इंटरनल सिक्योरिटी प्लान पर चचा की और अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने वाच टावर की मरम्मत, महिला बैरक निर्माण और अन्य व्यवस्थाओं बेहतर करने को कहा। उपायुक्त ने अधिकारी से कारा की सुरक्षा सहित भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारा में कार्यरत कर्मियों एवं कारा सुरक्षा में तैनात पुलिस बल की उपलब्धता की भी जानकारी ली। जिले में सुरक्षा समिति की ओर से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से पूर्व में दिए गए अंगरक्षकों की भी समीक्षा की गई।

## उग्रवादी संगठन JJMP ने की अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा

### मनिका के सुशील एवं अमरेश को 46 दिन बाद भी जेल नहीं भेजने का आरोप

**PHOTON NEWS PALAMU :** उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) ने अनिश्चितकालीन पलामू प्रमंडल बंद की घोषणा की है। लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र के मनधनिया के सुशील उरांव उर्फ बिरबल उरांव एवं अमरेश उरांव को उसके घर से पुलिस द्वारा उठा ले जाने के 46 दिन बाद भी जेल नहीं भेजे जाने के विरोध में यह बंद की घोषणा की गयी है। जेजेएमपी ने कहा है कि बंदी आज रात 12 बजे से प्रभावी होगी। अगर 24 घंटे के भीतर पुलिस सुशील उरांव को जेल नहीं भेजती है तो बंदी अनिश्चितकालीन में परिवर्तित हो जाएगी।

पलामू प्रमंडल के पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में प्रेस वाहन, एम्बुलेंस, दूध वाहन, स्कूल वाहन को बंद से मुक्त रखा गया है। जेजेएमपी के कर्मवीर जी ने मंगलवार 17 अक्टूबर को इस सिलसिले में प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। इसमें कहा गया है कि 1.9.2023 की शाम 8 बजे मनिका के मनधनिया स्थित घर से सुशील उरांव उर्फ बिरबल उरांव और अमरेश उरांव को मनिका पुलिस उठा ले गयी है और आज 46 दिन हो जाने के बाद भी जेल नहीं भेजी है और ना ही इस सिलसिले में कुछ बोल रही है।

### सुशील उरांव पांच लाख का ईनामी, अगर गिरफ्तार करते तो यह उपलब्धि होती : एसपी

लातेहार के एसपी अंजनी अंजन ने मंगलवार को कहा कि जिस सुशील उरांव उर्फ बिरबल उरांव को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है, वह पांच लाख का इनामी नक्सली है। अगर उसे पकड़ लेते तो यह मेरे लिए उपलब्धि होती और उसे प्रमुखता से सामने लाते, 46 दिनों से गायब नहीं रखते। जेजेएमपी उग्रवादियों में आपस में फुट है। इस कारण सुशील गायब है। कुछ दिन पहले जेजेएमपी के उग्रवादी आपस में भिड़ गए थे। टीम टूट गई है। ऐसी प्रेस विज्ञप्ति उन्हें

## अभाविप ने जेएस कॉलेज में शैक्षणिक अराजकताओं के खिलाफ किया प्रदर्शन

**PHOTON NEWS PALAMU :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जनता शिवरात्रि महाविद्यालय इकाई तत्वावधान में मंगलवार को कॉलेज में व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक अराजकताओं के विरोध में एक दिवसीय धरना दिया गया। अध्यक्षता कॉलेज इकाई अध्यक्ष आकाश वर्मा एवं संचालन कॉलेज इकाई मंत्री खुशबू कुमारी ने किया। धरना में कार्यकताओं में जमकर बवाल काटा और नारेबाजी की। कार्यकताओं का स्पष्ट रूप से कहना था कि विद्यार्थियों के महाविद्यालय पहुंचने के बाद भी शिक्षकों द्वारा कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाता है जिससे दूर दराज से आने वाले विद्यार्थी लगातार परेशान होते हैं।




कॉलेज के समक्ष प्रदर्शन करते हुए अभाविप के कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख रोहित देव ने कहा कि विगत कुछ दिन पूर्व अभाविप के एक प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंप कर सभी विषयों पर कार्यवाही करने की मांग की थी, लेकिन जब कार्यवाही नहीं हुई तो परिषद को विवश होकर आंदोलन करना पड़ा और छात्रों को बवाल काटना पड़ा। विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी ने कहा कि परिषद कार्यकर्ता लगातार सभी विषयों पर प्राचार्य का ध्यान आकृष्ट करा रहे थे।

विद्यार्थियों के लगातार हंगामे के बाद प्राचार्य को धरना स्थल पर आकर छात्रों के साथ संवाद करना पड़ा। संवाद में विद्यार्थियों ने कक्षाओं का नियमित संचालन न होना, कैंपस में साफ-सफाई न होना और शिक्षकेतर और गैर शिक्षकेतर कर्मचारियों का विद्यार्थियों के साथ व्यवहार सही नहीं होना जैसे विषय को उठाया।

जिला संयोजक सुमित पाठक ने कहा कि प्राचार्य ने आश्वस्त किया है कि इस महीने के अंत तक परिषद द्वारा उठाए गए सभी विषयों का निपटारा कर दिया जाएगा। अगर तय समय में सभी विषयों का निपटारा नहीं किया गया तो परिषद छात्र हित में उग्र और अनिश्चितकालीन आंदोलन हेतु बाध्य होगा।

## कांके को स्वच्छ और सुंदर रखने के उद्देश्य से स्वच्छता सह श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के कांके प्रखंड को स्वच्छ और सुंदर रखना के उद्देश्य से आज प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री संजीत कुमार सिंह के द्वारा प्रखंड स्वच्छता सह श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके अंचलाधिकारी जय कुमार राम, उप प्रमुख अजय बैठा सहित सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड-अंचल के कर्मी, जल सहिया, जेएसएलपीएस के दीदी आदि ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और पूरे प्रखंड परिसर की सफाई की गई।



श्रमदान कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की ये कार्यक्रम आगे भी चलाई जाएगी साथ ही आस पास के दुकानदारों को चेतावनी दी गई की उनके द्वारा प्रखंड परिसर में गंदा फेकने पर सख्त कारवाई की जाएगी। सभी दुकानदार अनिवार्य रूप से अपने दुकान पर कूड़ा दान रखे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सीआई बासुकीनाथ टुडु, बी ए ओ न न नंदेश्वर दास, पशुपालन पदाधिकारी सुदीप्ता बरियार, संभू केसरी, रोमा, भीम टोप्पो, अभिषेक राव, मंतोष सिंह, लालचंद सोनी, सोमा उरांव, गुड्डू, सुमन प्रताप गांगुली, इजहार अहमद आदि उपस्थित थे।

## लातेहार में युवक ने की खुदकुशी

**PHOTON NEWS LATEHAR :** लातेहार जिले के बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत हिसरी गांव निवासी विपिन सिंह (24) ने मंगलवार को गले में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। विपिन सिंह का विवाह दो दिन पूर्व ही ग्रामीणों ने जबरन एक युवती से कर दिया था। शादी के बाद तनावग्रस्त होकर युवक ने यह कदम उठाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक विपिन सिंह का परिचय बगल गांव की रहने वाली एक लड़की से था। तीन दिन पूर्व विपिन सिंह लड़की से मिलने गया था, जहां लड़की के परिजनों तथा कुछ ग्रामीणों ने उसे पकड़कर बंधक बना लिया। बाद में विपिन के परिजनों को बुलाया गया और युवती के साथ उसकी शादी करवाने की बात कही गई।

### खूंटी के सोनगढ़ में अटूट श्रद्धा का केंद्र है नकटी देवी का मंदिर

## सच्चे मन से मांगी गयी हर मनोकामना होती है पूरी

**PHOTON NEWS KHUNTI :** वैसे तो आपको सुनने में अजीब लगेगा लेकिन सच है। तोरपा प्रखंड के सोनरपुर गढ़ में माता दुर्गा की ऐसी मूर्ति की आराधना की जाती है, जिनकी नाक कटी हुई है। इसलिए इनका नाम ही नकटी देवी है और क्षेत्र का नाम है नकटी देवी मंदिर। नकटी देवी में न सिर्फ आसपास के गांवों, बल्कि दूर दराज के लोगों की भी अटूट आस्था है।



मान्यता है कि नकटी देवी मंदिर में जो भक्त सच्चे मन से मनौती मांगते हैं, उनकी मनोकामना जरूर पूरी होती है। सोनपुर गढ़ की नकटी देवी माता का मंदिर तोरपा प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किमी है। माता रानी की नाक कटी मूर्ति पीपल पेड़ की जड़ पर है। वैसे तो हर दिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचते हैं लेकिन मंगलवार को यहां काफी भीड़ होती है।

**क्या है इतिहास :** वैसे तो माता नकटी देवी के बारे में किसी के पास सटीक जानकारी नहीं है लेकिन मंदिर की देखरेख करने वाले परिवार के सदस्यों और वहां के पुजारी सुधीर मिश्रा के मुताबिक नकटी देवी के बारे में वे अपने पूर्वजों से सुनते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किंवदंती के अनुसार प्राचीन काल में सोनपुर गढ़ नागवंशी राजाओं की राजधानी थी। माता दुर्गा राजपरिवार की कुलदेवी थी। राजा और रानी भक्तिभाव से हर दिन माता की पूजा करते थे। एक दिन माता के मंदिर के दरवाजे पर राजा के पुत्र की हत्या हो गई। इससे राजा को गहरा आघात लगा और वे अपनी कुलदेवी को छोड़कर सोनपुर गढ़ से दूसरी जगह चले गये।

इस पर माता रानी ने राजा को श्राप दिया कि कोई भी नागवंशी राजा या उस परिवार के सदस्य सोनपुर गढ़ नहीं जा सकते। आज भी नागवंशी राज परिवार के सदस्य नकटी देवी मंदिर नहीं जाते और न ही उस गांव का पानी पीते हैं। माता दुर्गा का नाम नकटी देवी पड़ने के संबंध में पुजारी कहते हैं कि इसकी जानकारी किसी को नहीं है लेकिन वे दादा-परदादा से सुनते आये थे कि भगवान शिव ने ही किसी कारण से माता रानी की नाक काट दी थी। इसके बाद से ही इनकी पूजा-अर्चना नकटी देवी के नाम से होती आ रही है। नवरात्र के दौरान यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

**पीपल पेड़ पर भगवान गणेश, पंचदेवता और शेष नाग की आकृति :** जिस पेड़ की जड़ पर माता नकटी देवी विराजमान हैं, उस पेड़ पर कुछ ऐसी आकृतियां उभर आयी हैं, जो देखने में भगवान गणेश और पंचदेवता की लगती हैं। पुजारी ने कहा कि उसी के सामने हाल के दिनों में जमीन से माता सरस्वती की एक छोटी सी प्रतिमा भी निकली है।

## सजकर तैयार मां छिन्नमस्तिका मंदिर दक्षिणेश्वर काली की तरह हुआ श्रृंगार

**PHOTON NEWS RAMGARH :** शारदीय नवरात्र में रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका का दरबार सजकर तैयार हो चुका है। इस बार बंगाल से आए कलाकारों ने इस मंदिर को दक्षिणेश्वर काली मंदिर का रूप दिया है। इस श्रृंगार के बाद माता का दरबार अद्भुत छटा बिखेर रहा है। मंदिर की सजावट को देखने के लिए पूरे प्रदेश से लोग आ रहे हैं। इसके अलावा बंगाल और बिहार से आने वाले श्रद्धालुओं का भी तांता लगा हुआ है।




मंदिर में किये गये भव्य श्रृंगार का नजारा। ● फोटोन न्यूज

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्तिपीठ रजरप्पा में मां का छिन्नमस्तिका मंदिर है। इस मंदिर में बिना सिर वाली देवी मां की पूजा की जाती है। मान्यता है कि मां इस मंदिर में दर्शन के लिए आए सभी भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। रजरप्पा के भैरवी-भेड़ा और दामोदर नदी के संगम पर स्थित मां छिन्नमस्तिका के मंदिर को आस्था का धरोहर भी माना जाता है। यहां साल भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। लेकिन शारदीय नवरात्र और चैत्र नवरात्र के समय यहां भक्तों की संख्या दोगुनी हो जाती है।

छिन्नमस्तिका मंदिर के अलावा यहां महाकाली मंदिर, सूर्य मंदिर, दस महाविद्या मंदिर, बाबाधाम मंदिर, बजरंगबली मंदिर, शंकर मंदिर और विराट रूप मंदिर के नाम से कुल सात मंदिर हैं। पश्चिम दिशा से दामोदर तथा दक्षिण दिशा से कलकल करती भैरवी नदी का दामोदर में मिलना मंदिर की खूबसूरती को बढ़ावा देता है।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Wednesday, 18 October 2023

BRIEF NEWS

## झारखंड में मिले डेंगू के 27 मरीज, चिकनगुनिया के 17 मरीजों की पुष्टि

**RANCHI :** राज्य भर में मंगलवार को डेंगू के 279 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच के बाद 27 में डेंगू की पुष्टि हुई है। देवघर में 16, पूर्वी सिंहभूम में 7, हजारीबाग में 2 और पश्चिमी सिंहभूम में डेंगू के 2 मरीज मिले हैं। वहीं चिकनगुनिया के 24 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी मरीज देवघर जिले के हैं। सभी ने अपनी जांच करायी है, जिसमें 17 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है।

## मनी लांड्रिंग के विचाराधीन कैदी की रिम्स में मौत

**RANCHI :** मनी लांड्रिंग समेत के विचाराधीन कैदी हेमंत कुमार सिन्हा की मंगलवार को रिम्स में मौत हो गई। जेल में अचानक तबीयत बिगड़ जाने के बाद इलाज के लिए रिम्स लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों ने बताया कि कैदी को मृत ही लाया गया था। हेमंत धुर्वा सेक्टर-2 जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के रहने वाला था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक ने रिम्स अधीक्षक को पत्राचार कर मृतक का पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की निगरानी में कराने का आग्रह किया है, साथ ही पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराने को कहा है।

## भाजयुमो ने अमृत कलश में संजोयी पवित्र मिट्टी

**RANCHI :** भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर ने मंगलवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश में पवित्र मिट्टी एकत्रित किया। इसमें बरियातू के डीएवी पब्लिक स्कूल, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के छात्र और नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के कलाकारों ने हिस्सा लिया। मौके पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीदों की कुबार्नी को सहेजने के लिए अमृत वाटिका के निर्माण का निश्चय किया है। अमृत वाटिका के निर्माण के लिए देश के प्रत्येक घर से मिट्टी संग्रह करने का मुख्य उद्देश्य है कि शहीदों के स्मृति के लिए वाटिका में देश के हर व्यक्ति का योगदान हो।

## सबकी योजना, सबका विकास अभियान को लेकर की बैठक

**RANCHI :** डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत जन विकास योजना तैयार करने को लेकर जिला समन्वय समिति एवं जिला संसाधन दल की बैठक की गयी। बैठक में डीडीसी ने बताया कि इस अभियान के दौरान सभी ग्राम पंचायत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण करेंगे।

atomy 美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 को लेकर हेमंत सोरेन ने की हाईलेवल मीटिंग

# सुविधाओं में कोई कमी ना रहे, चैंपियनशिप का भव्य आयोजन सरकार की प्राथमिकता : सीएम

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ झारखंड (रांची) की मेजबानी में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि हॉकी चैंपियनशिप का भव्य आयोजन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सीएम हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसे लेकर पूरी तैयारी रखें। सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहे। वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का भव्य आयोजन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह आयोजन राज्य सरकार द्वारा खेल के विकास के प्रति किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित करेगा। इस चैंपियनशिप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें। हॉकी स्टेडियम के आसपास क्षेत्रों में जितनी एलइडी लाइट्स खराब हैं,



वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हेमंत सोरेन।

उन्हें जल्द बदलें। चैंपियनशिप के दौरान शहर में 24*7 बिजली व्यवस्था बहाल रहे। खिलाड़ियों एवं अतिथियों के आवागमन के लिए वाहन की पर्याप्त व्यवस्था करें। सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल टीम के साथ-साथ एंबुलेंस की पुख्ता व्यवस्था रखें। किसी तरह की कोई कमी नहीं रहे।

**मिशन मोड में हो हॉकी चैंपियनशिप का प्रचार-प्रसार**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का भव्य आयोजन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह आयोजन राज्य सरकार द्वारा खेल के विकास के प्रति किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित करेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप 2023 के आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। इसका पूरा ध्यान रखें। इस चैंपियनशिप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार हो। इस निमित्त मेकैनिज्म तैयार कर जल्द प्रचार-प्रसार शुरू करें। हॉकी चैंपियनशिप का प्रचार-प्रसार मिशन मोड में सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार, नगर आयुक्त अमीत कुमार, डीआईजी रांची अनूप बिरथरे, आईपीआरडी निदेशक राजीव लोचन बक्शी, खेल निदेशक सुशांत गौरव, रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, रांची एसएसपी, हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोला नाथ सिंह सहित राज्य सरकार एवं हॉकी इंडिया के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था व सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों का लाइव टेलीकास्ट एलइडी स्क्रीन्स पर सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के अंदर एवं बाहर जितनी एलइडी स्क्रीन्स लगी हैं, उनकी गुणवत्ता में सुधार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे वृक्ष, जो स्टेडियम की सुंदरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं, उनकी ट्रीमिंग भी की जाए। स्टेडियम के अंदर और बाहर साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि हॉकी स्टेडियम के आसपास क्षेत्र में जितनी एलइडी लाइट्स खराब हैं, उन्हें जल्द बदलें। चैंपियनशिप के दौरान शहर में 24*7 बिजली व्यवस्था बहाल रहे। खिलाड़ियों एवं अतिथियों




के आवागमन के लिए वाहन की पर्याप्त व्यवस्था करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्टेडियम की तैयारी, विभिन्न कनेक्टिविटी, अतिथियों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा करते हुए कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए।

## पूर्व डीसी छवि रंजन की बेल पर 20 को होगी सुनवाई

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत अर्जी पर रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने बेल पर बहस के लिए 20 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। दरअसल ईडी रांची में लैंड स्कैम से जुड़े दो मामलों की जांच कर रहा है। दोनों ही मामलों में छवि रंजन को अभियुक्त बनाया गया है। फिलहाल जिस केस में उन्होंने जमानत अर्जी दाखिल की है, वह चेशायर होम रोड में फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री का केस है। छवि रंजन की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की। वहीं छवि रंजन की और से हाईकोर्ट में दायर नियमित जमानत याचिका पर भी सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। छवि रंजन की ओर से हाईकोर्ट में अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने बहस की। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन के कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत अब 30 नवंबर को छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी।

## मैनहर्ट घोटाला मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब

हाईकोर्ट

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में मैनहर्ट घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज पीई(प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने एवं मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राज्य सरकार को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में एसीबी के एसपी सशरीर उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से पीई की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई थी। पूर्व की सुनवाई




के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि दिसंबर 2020 में इस मामले को लेकर एसीबी ने पीई दर्ज की थी लेकिन अब तक इसकी रिपोर्ट नहीं आई है। इस पर कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके आलोक में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि मामले में अभी जांच चल रही है। एसीबी की ओर से बताया गया कि इस मामले की जांच जारी रखने के संबंध में राज्य सरकार से लीगल ओपिनियन मांगा गया है। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया कि लीगल ओपिनियन मांगे जाने का मामला सरकार के पास एक साल से अधिक समय तक लंबित है।

## बिल्डर ज्ञान प्रकाश की जमानत पर 31 अक्टूबर को होगी सुनवाई

- बैंक आफ इंडिया व यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया को 75 करोड़ रुपये का चूना लगाने का मामला

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** 75 करोड़ रुपए का बैंक लोन लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में जेल में बंद बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 31 अक्टूबर निर्धारित की है। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल हो चुका है। मंगलवार को ईडी के अधिवक्ता की अस्वस्थता की वजह से समय की मांग की गई। बता दें कि ज्ञान प्रकाश सरावगी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। मामले में ईडी ने ईसीआईआर 1/2022 दर्ज किया था। बैंक आफ इंडिया व यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया को 75 करोड़ रुपये का चूना लगाने के मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत अनुसंधान कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची के कांके रोड निवासी बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी सहित 10 आरोपियो के खिलाफ ईडी की रांची स्थित विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल किया है।

## सदर अस्पताल के छठे तल्ले से महिला मरीज ने कूदकर दी जान

**CRIME REPORTER RANCHI :** सदर अस्पताल के छठे तल्ले से एक महिला मरीज ने मंगलवार को कूदकर जान दे दी। घटना सुबह साढ़े सात बजे की है, जब अचानक महिला सुमंती देवी (24 वर्ष) अपने वार्ड से गायब मिली और छत से कूद गई। छठे तल्ले से गिरने के बाद वो गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसके बाद उसे पहले अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती गया गया, जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसका पोस्टमार्टम किया गया। महिला रामगढ़ की रहने वाली थी, बताया जा रहा है कि वो मानसिक तनाव से ग्रसित थी।

**सदर में मंगलवार को बच्चेदानी की होनी थी सर्जरी**

सुमंती देवी पिछले नौ दिनों से सदर अस्पताल के पांचवें तल्ले में भर्ती थी। मंगलवार को उसके बच्चेदानी की सर्जरी होनी थी। सुमंती के पति शहदेव मंडल ने बताया कि वह हर दिन सुबह शाम वार्ड के बाहर टहलती थी। लेकिन उसके छत से कूदने का कारण पता नहीं चल पाया है। सदर अस्पताल में डाक्टरों ने देखने के बाद रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी तबीयत और खराब होने लगी थी। सुमंती देवी के पति ने बताया कि वह कुछ सालों से लगातार बीमार पड़ रही थी। एक बीमारी ठीक होने के बाद दूसरी बीमारी हो जा रही थी। डेढ़ माह पहले थायराइड के कारण उसे रिम्स में भर्ती किया गया था। जहां करीब 15-20 दिनों तक उसका इलाज चला था। सालों से दवा खाने की वजह से वह लगातार तनाव में रहती थी। लेकिन कभी भी आत्महत्या करने जैसी हरकत नहीं की थी।

## बस्ता रहित शिक्षा के लिए मास्टर ट्रेनरों की कार्यशाला शुरू

**RANCHI :** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं परीक्षण परिषद (जेसीईआरटी) में मंगलवार को पूर्व व्यावसायिक शिक्षा एवं बस्ता रहित गतिविधियों पर जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। यह कार्यशाला 19 अक्टूबर तक चलेगी। कार्यशाला में प्रत्येक जिले से तीन तीन मास्टर ट्रेनर शामिल होंगे, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने जिलों में शिक्षकों को दो दिनों का प्रशिक्षण देंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यक्रम समन्वयक स्वपनिल कुजूर ने उपस्थित शिक्षकों को स्कूली बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के प्रति मार्गदर्शित करने एवं विभिन्न कौशल से पारंगत प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों के संपूर्ण विकास पर जोर दिया।

## सीएम हाउस में काम करनेवाले स्व. विशाल के परिजनों को हेमंत ने सौंपा दो लाख रुपये का चेक

### कहा- परिवार को जल्द सामाजिक सुरक्षा के दायरे से जोड़ा जाएगा

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को सीएम हाउस में माली के तौर कार्य करनेवाले रांची नगर निगम के आउटसोर्स कर्मी स्व. विशाल उरांव के परिजनों को दो लाख रुपए का चेक आर्थिक सहयोग के तौर पर सौंपा। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिया कि सरकार की ओर से उन्हें जल्द ही हर संभव मदद की जाएगी। इसके अलावे परिवार को जल्द सामाजिक सुरक्षा के दायरे से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व. विशाल उरांव के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि



चेक सौंपते सीएम हेमंत सोरेन।

विशाल उरांव के असामयिक निधन से हम सभी लोगों को काफी दुःख हुआ है। इस मौके पर स्व। विशाल उरांव की मां नंदनी देवी, बड़े भाई रवि उरांव सहित केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र गोप सहित कई उपस्थित थे।

बता दें कि विशाल उरांव का विगत 27 सितंबर को पुरी में समुद्र तट पर नहाने के क्रम में डूबने से मौत हो गयी थी। स्व. विशाल उरांव रांची नगर निगम अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी थे तथा कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में माली के पद पर कार्यरत थे।

### डीसी, एसएसपी व सिटी एसपी ने पंडालों का किया निरीक्षण, रात दस बजे के बाद नहीं बजेगा लाउड स्पीकर

# हर पंडाल में लगेगा सीसीटीवी, तैनात रहेंगे दमकल

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी में दुर्गा पूजा को देखते हुए मंगलवार को रांची डीसी राहुल कुार सिन्हा, रांची एसएसपी चंदन सिन्हा और सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शहर के सात बड़े पंडालों का निरीक्षण किया। एसएसपी और सिटी एसपी ने लोगों की सुरक्षा का जायजा लेते हुए इसपर विचार किया कि किस रास्ते से लोग पंडाल तक पहुंचेंगे और किस रास्ते से वह बाहर निकलेंगे। एसएसपी ने आदेश दिया है कि बुधवार तक ट्रैफिक रूट प्लान तैयार कर लें। इसके अलावा अतिरिक्त जवानों की तैनाती कर लें ताकि शहर में शांतिपूर्ण तरीके से पूजा की तैयारी हो सके और उसे सपन्न कराया जा सके। पुलिस का कहना है कि सभी



निरीक्षण करते रांची डीसी, एसएसपी, सिटी एसपी व अन्य।

पूजा पंडाल में और आसापास के इलाके में सीसीटीवी लगाया जाएगा। सीसीटीवी से पंडाल में आने वाले सभी लोगों पर निगरानी रखने का आदेश दिया गया है। पंडाल के पास कोई भी संदिग्ध हालत में दिखे और लोगों को कोई परेशान करे तो उसे तुरंत हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जाए। पूरी तरह से सत्यापन करने के बाद ही उसे छोड़ा जाए। जिला के सभी डीएसपी और थानेदार को आदेश दिया गया है कि वह अपने अपने क्षेत्र में देर रात तक मुस्तैद रहें। इसके अलावा सभी पूजा पंडाल के पास फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगी रहनी चाहिए। ताकि कोई समस्या होने पर उसे तुरंत काबू किया जा सके। राजधानी में जिस जिस इलाके में पूजा पंडाल रहेगा वहां पुलिस और पंडाल समिति के सदस्यों के द्वारा पूरी व्यवस्था को संभालने का आदेश दिया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता का कहना है कि किसी वोलेंटियर के द्वारा लोगों के साथ बदस्लूकी की गई या फिर किसी और तरह की गड़बड़ी की गई तो वोलेंटियर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूजा समिति के द्वारा युवकों का पहले सत्यापन किया जाए इसके बाद उन्हें वोलेंटियर बनाया जाए। पुलिस के द्वारा हर वोलेंटियर पर नजर रखी जाएगी।

## सादे लिबास में पुलिस रहेगी तैनात

एसएसपी ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की टीम द्वारा लगातार पंडालों का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासन के द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पालन करने को कहा गया है। पार्किंग के लिए जगह चिन्हित किये गए हैं। नो एंट्री जोन भी बनाये गए हैं। आवश्यकता अनुसार पुलिस बल की नियुक्ति की जाएगी, जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल रहेंगी। सादे लिबास में पुलिस के जवान तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो। पुलिस का कहना है कि बुधवार से सभी पूजा पंडालों में जवानों की तैनाती कर दी जाएगी। इसके अलावा प्रमुख चौक चौराहों पर भी पुलिस बल की संख्या बढ़ाई जाएगी। ट्रैफिक रूट में भी बदलाव होने की संभावना है। पुलिस शुक्रवार से पूरी तरह से यातायात व्यवस्था में बदलाव कर देगी।

## रिम्स में सेंट्रल लैब की शुरुआत

**RANCHI :** रिम्स में मरीजों को अब खून जांच के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। ट्रामा सेंटर के पहले तल्ले में सेंट्रल लैब की शुरूआत मंगलवार को की गयी। क्रिटिकल केयर के एचओडी डॉ पीके भट्टाचार्य के देखरेख में दोबारा इसकी शुरूआत हुई है। यहां पैथोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री से संबंधित जांच होंगे। पैथोलॉजी की इंचार्ज डॉ पुष्पांजलि और बायोकेमेस्ट्री के इंचार्ज डॉ साकेत वर्मा होंगे। बता दें कि यहां मरीजों को रिपोर्ट चार से छह घंटे के अंदर देने की बात कही गई है। लैब की शुरूआत के दौरान रिम्स के निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि सभी तरह के जांच मरीजों को मिलेंगे। हर वार्ड में कलेक्शन के लिए मेडिकल इंटर्न की बहाली की गई है। सभी को वार्ड से संपूर्ण कलेक्शन कर लैब में लाने को कहा गया है। उसके बाद रिपोर्ट को वार्डों तक पहुंचाने को कहा गया है। डॉ राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि सेंट्रल लैब में मरीजों के खून जांच का अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा। सेंट्रल लैब के अलावा पैथोलॉजी विभाग, बायोकेमेस्ट्री विभाग और लैब मेडिसिन में भी जांच जारी रहेगी।

## चार करोड़ रुपये की ठगी मामले में दो गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची पुलिस और ओड़िसा पुलिस ने मंगलवार को पुंदाग इलाके में छापेमारी कर चार करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में अमर डेनिश और पीयूष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। ओड़िसा पुलिस दोनों आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ओड़िसा चली गई। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी ओड़िसा में एक कंपनी खोलकर लोगों से पैसा लिया था। इसके बाद दोनों फरार हो गए थे। इस संबंध में पिछले वर्ष ओड़िसा में केस हुआ था। ओड़िसा पुलिस को सूचना मिली थी दोनों आरोपी रांची के पुंदाग इलाके में रह रहे हैं। पुलिस ने पुंदाग इलाके में आरोपियों के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि दोनों ने किराया पर एक घर लिया है। पिछले तीन माह से उसी घर में रह रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी की और दोनों को पकड़ लिया। दोनों आरोपी मूल रूप से बिहार के भागलपुर जिला का रहने वाला है।

**रांची में रहकर कर रहे थे मौज मस्ती**

पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी रांची में रहकर कोई काम नहीं कर रहे थे। वह हर दिन सिर्फ मौज मस्ती करते थे। दोनों के पास से कितना पैसा बरामद हुआ है इसका डिटेल ओड़िसा पुलिस के पास है। दोनों आरोपियों के खाता को ओड़िसा पुलिस के द्वारा फ्रिज करा दिया गया है। ठगी के मामले में इन दोनों आरोपियों के अलावा कौन कौन है इसकी जांच चल रही है। ओड़िसा पुलिस की ओर से एक महिला डीएसपी टीम का नेतृत्व कर रही थी।

BRIEF NEWS

### ट्रैक्टर ने ऑटो में मारी टक्कर, 2 स्कूली विद्यार्थी समेत 3 घायल



**ROURKELA :** राउरकेला के सेक्टर-1 स्थित ओल्ड दुर्गा पूजा मैदान के पास मंगलवार दोपहर एक ट्रैक्टर ने स्कूल ऑटो को टक्कर मार दी। इससे ऑटो में सवार स्कूली बच्चों को चोट आई है। अंग्रेजी माध्यम स्कूल के 2 स्कूली छात्रों सहित 3 घायल हुए है। । स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को चिकित्सा के लिए भेजा गया।

### विधायक के हस्तक्षेप से दुर्गा पूजा पंडाल के पास नाला निर्माण कार्य हुआ पूरा



**ROURKELA :** शहर के सेक्टर-16 दुर्गा पूजा पंडाल मैदान का नाला खुला पड़ा था.। पूजा समिति के सदस्यों ने इसे रघुनाथपाली विधायक सुब्रत तराई के संज्ञान में लाया। विधायक ने तुरंत आरएसपी को नाला के दोनों किनारों पर सीमेंट कंक्रीट की दीवारें खड़ी करने और उस पर स्लैब डालने को कहा। म समय पर पूरा हो गया। नाला का संपर्क बिंदु खुला है, इससे पूजा के दौरान दुर्घटना का होने का आशंका थी। विधायक सुब्रत तराई मंगलवार को दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे। आरएसपी टाउन इंजीनियरिंग ऑफिसर को फोन कर यह बुलाया और त्वरित इसका समाधान निकाला जाए।

### बंडामुंडा के शिक्षक विभूति गुप्ता को मिला सम्मान




**BANDAMUNDA :** राजनीति की पाठशाला और मानसिंह फाउण्डेशन की ओर से नई दिल्ली लोधी रोड स्थित इण्डिया इंटरनेशनल सेंटर में 'कलाम को सलाम' सम्मान समारोह का आयोजित हुआ। इश दौरान शिक्षा जगत एवं समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लगभग 50 विशेष व्यक्तियों को पूरे देश से आमंत्रितकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उत्तरी दिल्ली के मेयर आदेश गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों में मुम्बई हाईकोर्ट के पूर्वतन न्यायाधीश बीजी कोल्से पाटिल एवं दिल्ली के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी धर्मपाल भारद्वाज,पूर्व सांसद निजामुद्दीन खान मंचासिन रहे। मुख्य आयोजक अजय पाण्डेय ने कहा कि देश के शिक्षा जगत एवं समाज सेवा से जुड़े चुनिंदा लोगो की स्क्रूटनी के बाद 50 लोगो को चयनित किया गया है। ओडिशा राज्य के बंडामुंडा के विभूति कुमार गुप्ता को शिक्षा जगत में 25 वर्षों का महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर में सम्मान प्राप्त करने वाले विभूती कुमार गुप्ता बण्डामुण्डा अंचल के प्रथम व्यक्ति हैं। इनके सम्मानित किए जाने पर उनके विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और छात्रों सह अंचल के लोगों में हर्ष हैं।

### तीसरे दिन सुंदरनगर पहुंची मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा

**JAMSHEDPUR :** मानकी मुंडा संघ की ओर से आयोजित मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा तीसरे दिन मंगलवार शाम को सुंदरनगर पहुंची। नान्दुप फुटबॉल मैदान पहुंचने पर पद यात्रा में शामिल लोगों का ?स्वागत किया गया। सात सूत्री मांगों को लेकर चार दिवसीय मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सह मानकी रोशन पूर्ति कर रहे है। पदयात्रा 15 अक्टूबर को बहरागोड़ा से शुरू हुई थी, जो 18 अक्टूबर (बुधवार) को उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर पदयात्रा समाप्त होगी। इस पदयात्रा में सैकड़ों लोग शामिल है। बुधवार को पदयात्रा सुंदरनगर से जिला मुख्यालय के लिए रवाना होगी, जहां पहुंचकर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपायुक्त को सरकार के नाम सात सूत्री मांग पत्र सौंपेंगे।

# भ्रमण पर चाईबासा पहुंची वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का हुआ अनावरण

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झारखंड (रांची) की मेजबानी में आगामी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 की विजेता टीम को दिए जाने वाले ट्रॉफी मंगलवार को राज्य के विभिन्न जिलों से भ्रमण करते हुए पश्चिम सिंहभूम जिला पहुंची। जिसका विधिवत अनावरण उपायुक्त अनन्य मित्तल, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, प्रशिक्षु आईएएस श्रुति राजलक्ष्मी, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।




ट्रॉफी का अनावरण करते डीसी और एसपी। ● फोटोन न्यूज

उपायुक्त ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी (हङ्कील्ल अ२ंल्ल ल्ङ्क्ीट उँस्रङ्कल्ल२ ळ१ङ्कस्रँट)-2023 की मेजबानी झारखंड रांची में हो रहा है, जो हमारे लिए बेहद गर्व की बात है। आज अनावरण किए गए ट्रॉफी विभिन्न जिलों से घूमते हुए हमारे जिले में आई है। जिसे विजेता टीम को सम्मान स्वरूप दिया जाएगा। ट्रॉफी हमारे जिले में लाने का एकमात्र उद्देश्य है हमारे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना सभी खिलाड़ी ट्रॉफी से प्रोत्साहित हो सकते हैं कि एक दिन वे भी अपने और अपने देश के लिए ऐसे ही ट्रॉफी लेकर आएंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिले के बहुत खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिला और राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि इस ट्रॉफी की तरह ही अन्य खेलों में भी हमारे जिले के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे और ट्रॉफी लेकर आएंगे और जिले राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न जिलों से घूमते हुए वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी आज हमारे जिले में आई है। जो हमारे लिए बेहद गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जिले की जिला खेल पदाधिकारी भी कॉमनवेल्थ गेम में गोल्ड मेडल प्राप्त की है। जिससे हम सभी प्रेरणा ले सकते हैं। इस प्रकार के आयोजन से सभी खिलाड़ी प्रेरणा ले सकते हैं,और खेल को केरियर के रूप में चुनते हुए जीवन में आगे बढ़ सकते हैं।

## अंचल कार्यालय और अस्पताल भवन का विधायक ने किया भूमि पूजन

# मझगांव विधानसभा को शिक्षा का हब बनाना है : विधायक निरल पूर्ति

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** चाईबासा के मझगांव प्रखंड के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। अब प्रखंड के मरीज को दूसरे राज्य में इलाज के लिए निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वहीं प्रखंड कर्मियों को भी किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। यह बातें मझगांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय और अस्पताल भवन का भूमि पूजन करते हुए मझगांव विधानसभा के विधायक निरल पूर्ति ने कहा।

उन्होंने कहा कि वर्षों से आम जनता की मांग थी कि मझगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाए। इसके लिए काफी प्रयास किये, इसके बाद ही इसे आज अंजाम तक पहुंचा जा सका। इसी प्रकार मझगांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का भी भूमि पूजन किया गया। जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ प्रखंड के पदाधिकारी और कर्मियों को भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।



भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित विधायक व अन्य। ● फोटोन न्यूज

विधायक ने कहा कि मझगांव विधानसभा एक ऐसा क्षेत्र है जहां न रेल की सुविधा है, और न नेशनल हाईवे की सुविधा। ना कोई माइंस है । इसके बावजूद लगातार हमारा प्रयास है कि विकास के नए रास्ते पर आगे ले जा सके। अब मझगांव विधानसभा को शिक्षा का हब बनाना है। जिससे यहां के बच्चे शिक्षित होकर पूरे विधानसभा को एक अलग पहचान दिला सके। वर्तमान समय डिग्री कॉलेज, फार्मासिस्ट कॉलेज, एकलव्य विद्यालय समेत अन्य स्थापित हो चुकी है। लेकिन हमारा प्रयास है कि विधानसभा में शिक्षा का ऐसा अलख जगाया जाए जिससे मझगांव की अलग पहचान बन सके। हालांकि पूरे राज्य में शिक्षकों की कमी है। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार धीरे-धीरे शिक्षक, सिपाही, कर्मचारी, पदाधिकारी की बहाली निकालकर इन कमियों को दूर कर रही है।

विधायक ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार चुनाव के समय जो वादा किए थे उसे धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। पूरे विधानसभा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जिससे आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं पशुधन योजना के तहत चार लाभुकों को विधायक ने बत्तख चूजा प्रदान किये।

इस मौके पर प्रखंड़ प्रमुख सरस्वती चातार, जिप सदस्य पूनम जेराई, लंकेश्वर तामसोय, बीडीओ जोसेफ कान्डुलना, डाक्टर सनातन चातार, बीस सूत्री अध्यक्ष धर्नुजय तिरिया, उप प्रमुख शबनम प्रवीन, शैलेश गोप, राजेश पिंगुवा, दिलवर हुसैन, गोकुल पोलाई, मोजाहिद अहमद, रितेश तामसोय, देवराज चातार, मुखिया मधु धान, लक्ष्मी पिंगुवा, चंद्रभुषण पिंगुवा, विवेकान्नद पुरती, मोहम्मद मोजफ्फर आदि उपस्थित थे।

## वर्कर्स कॉलेज में एनएसएस ने निकाली अमृत कलश यात्रा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से भारत सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का आयोजन कॉलेज कैंपस में किया गया। इसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने घर, बगीचे और आंगन से लाई गई मिट्टी, चावल और अक्षत को कलश में डालकर कार्यक्रम की शुरूआत की। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो आलोक कुमार चौबे के मार्गदर्शन में कॉलेज के 50 से भी अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो सुभाष चंद्र दास ने की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसपी महालिक ने अपने संदेश में छात्र-छात्राओं से भारत देश की धरोहर और आजादी के वीर सपूतों को नमन करने की प्रेरणा दी। एनएसएस कार्यक्रम



पदाधिकारी प्रो आलोक कुमार चौबे ने स्वयंसेवकों को पंच प्रण विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना की शपथ दिलाई। तत्पश्चात पवित्र अमृत कलश को लेकर कॉलेज में एक शोभायात्रा निकाली गई। इस क्रम में इसके महत्व को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आईक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर प्रो कुमारी प्रियंका, अनिल पाठक समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## राउरकेला महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित, 150 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित


**PHOTON NEWS ROURKELA :** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के जन्मदिन के अवसर पर, राउरकेला महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ओडिशा मो परिवार - जीवन बिंदु के बैनर तले रक्तदान किया है। विधायक और श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक ने रक्तदान शिविर में भाग लिया और छात्रों का हौसला अफजाई करते हुए बधाई दी। कॉलेज के अधिकारियों और डॉक्टरों और कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। गांधी कॉलेज के छात्रों द्वारा 60 यूनिट रक्त, उत्कलमणि गोपबंधु मैकेनिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा 40 यूनिट रक्त, और बसंती कॉलोनी में एसके डी ए भी कॉलेज के छात्रों



शिविर में रक्तदान करते लोग। ● फोटोन न्यूज

द्वारा 50 यूनिट रक्त, कुल 150 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। युवा नेता सुशांत राउत के नेतृत्व में छात्र नेता संजीव छोटराय, डी अभिक कुमार, दुष्मंता राउतराय, विश्वरंजन दास, विकास शुक्ला, नगर अध्यक्ष गगन पांडा, संजू सामल, शिथु सामल, राकेश कुमार जेना, पिंकू जैसवाल, सुदशांशु सामल , प्रतीक भुया एवं अन्य लोगों के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

### पूजा और जुलूस में निर्धारित ध्वनि स्तर के साथ डीजे की मिली अनुमति



**ROURKELA :** राउरकेला एसपी कार्यालय में मंगलवार शाम को दुर्गा पूजा तैयारी बैठक हुई। बैठक में राउरकेला एडीएम डॉ शुभंकर महापात्र, एसपी राउरकेला मित्रभानु महापात्र उपस्थित थे। पूजा एवं जुलूस में निर्धारित ध्वनि के साथ डीजे की अनुमति दी गई है।बैठक में विभिन्न पूजा समिति के सदस्य, राउरकेला एकता मंच के सदस्य और कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## राउरकेला इस्पात संयंत्र का मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन, जापान के साथ हुआ एमओयू

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) और मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन, जापान के बीच कंपनी परिसर में मंगलवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) के सम्मेलन कक्ष 2 वर्ष की अवधि के लिए अत्याधुनिकहॉट स्ट्रिप मिल-2 के लिए 453 ऑपरेशनल एवं मेटिनेंस स्पेयर्स की आपूर्ति के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू पर आरएसपी की ओर से महा प्रबंधक प्रभारी (सामग्री प्रबंधन), करनैल सिंह विर्दी और मेसर्स मित्सुबिशी



एमओयू की कॉपी के साथ करनैल सिंह विर्दी और अरिहिरो नाकामुरा। ● फोटोन न्यूज

कॉरपोरेशन, जापान के महाप्रबंधक अरिहिरो नाकामुरा ने हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षरित दस्तावेज का आदान-प्रदान सेल-आर.एस.पी. के कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एस.त्रिपाठी और मेसर्स मित्सुबिशी कॉरपोरेशन, जापान के हिदेहिको तेशिगावारा के बीच किया गया।

मेसर्स मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन, जापान की अयाको तेराओ और मेसर्स गिन्नी सब्बरवाल वर्चुअल मोड के माध्यम से समारोह में शामिल हुईं।

## आरएसपी ने 150 किलोमीटर सड़क की कराई सफाई

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) के टाउन इंजीनियरिंग विभाग की सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई ने विशेष सफाई अभियान के तहत सप्ताह में स्टील टाउनशिप में 150 किलोमीटर से अधिक सड़क की सफाई की है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य संयंत्र और स्टील टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों



सफाई अभियान में लगे कर्मी। ● फोटोन न्यूज

में स्वच्छता मानकों को ऊपर उठाना है। इसके अलावा, आरएसपी की संयंत्र इकाइयों जैसे ब्लास्ट फर्नेस, मानव संसाधन विकास केंद्र, न्यू प्लेट मिल, स्टील मेल्टिंग शॉप- 1, स्ट्रक्चरल एंड फैब्रिकेशन शॉप और कैल्सिनिंग प्लांट- क्क ने भी विशेष अभियान 3.0 के तहत सफाई अभियान चलाया। ये प्रयास स्वच्छ और अधिक स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने में कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

## घर के सामने से चोरी की डिजायर कार बरामद

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर में 19 सितंबर को सेक्टर-1 एच ब्लॉक बिलास राउत के घर से रात में डिजायर कार नंबर ओडी 14 एए 7414 चोरी हो गई थी। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लिया और जांच शुरू की। गाड़ी मालिक ने अपने चोरी हुए काम से मिलते जुलते हुए कार जिसका नंबर डञ्४ 6620 को देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी।

पुलिस ने छानबीन शुरू की तो संबंधित चोर ने वाहन को बालिजोड़ी में




थाने में जमा बरामद कार। ● फोटोन न्यूज

छोड़ दिया ।इस संबंध में सूचना मिलने पर सेक्टर-3 थाना पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाने ले आई। पुलिस द्वारा संबंधित चोर को पकड़ने का प्रयास जारी है।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

# स्वास्थ्य, शिक्षा व जल जीवन मिशन के तहत कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर संचालित करने का निर्देश

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को खूंटी लोस. सांसद सह जनजातीय कार्य मंत्रालय केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (DISHA) की बैठक हुई। मौके पर मनोहरपुर विधायक सह महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग की मंत्री जोबा माझी, सांसद व विधायक मौजूद रहे । बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक की कार्रवाई का अनुपालन प्रतिवेदन सहित जिला में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित विकास व जनकल्याण की योजनाओं के अद्यतन प्रतिवेदन



बैठक में उपस्थित केंद्रीय मंत्री अर्जून मुंडा व अन्य। ● फोटोन न्यूज

का संलग्न जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता की उपस्थिति में बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को आच्छादित करने पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

समीक्षा उपरांत केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बताया कि जिला अंतर्गत सभी जनप्रतिनिधि एवं जिला के पदाधिकारी संग दिशा की बैठक की गई है। उन्होंने कहा कि बैठक में विकास योजनाओं का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण के साथ-साथ आगामी दिनों में तय लक्ष्य को बेहतर एवं प्रभावी ढंग से प्राप्त करने से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस दौरान जिला अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जल जीवन मिशन के तहत कार्यों को प्राथमिकता के तौर पर संचालित करने, आदि आदर्श ग्राम योजना के माध्यम से आदर्श गांव बनाने के लिए सभी विभागों को अपने-अपने स्तर से विकासात्मक कार्यों को धरातल पर उतरने के लिए निर्देशित किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिशा की बैठक में जिला में सभी का आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर विशेष तौर पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि इसके अलावे इस बैठक में भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं के अद्यतन प्रतिवेदन का भी समीक्षा कर पुनः संचालित उज्ज्वला योजना तहत अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने सहित विभिन्न विकास परक बिंदुओं पर भी चर्चा किया गया है। बैठक में सांसद गीता कोड़ा, चाईबासा विधायक दीपक बिरुवा, खरसावां विधायक दशरथ गगराई, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु, जिला परिषद अध्यक्षा लक्ष्मी सुरेन, उपायुक्त अनन्य मित्तल, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंड के प्रमुख, पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि व अन्य उपस्थित रहे।

## नैक में बी ग्रेड मिलने पर प्राचार्य अमर सिंह को किया गया सम्मानित



प्राचार्य को बूके देकर सम्मानित करते संघ के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** नैक के द्वारा महाविद्यालय को बी ग्रेड मिलने पर महाविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ ने प्राचार्य डा अमर सिंह और आईक्यूएससी कोर्डिनेटर डॉ नीता सिन्हा को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कर्मचारी संघ के महाविद्यालय शाखा के सचिव विश्वनाथ कुमार ने कहा कि प्राचार्य डा अमर सिंह एवं आईक्यूएससी कोर्डिनेटर डा नीता सिन्हा समेंत संस्थान के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी के अथक मेहनत से यह कार्य संभव हो पाया है। इस विषम परिस्थिति में भी बेहतर परिणाम हुआ है। वहीं प्राचार्य डा अमर सिंह ने कहा कि नैक में सारे शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारीयों ने अपने क्षमता के अनुसार बेहतर काम किया गया है। भविष्य में और भी बेहतर परिणाम लाने का प्रयास किया जाएगा। इसको लेकर महाविद्यालय में कई तरह के शैक्षणिक गतिविध को बढावा मिल रहा है।

इस अवसर सम्मानित करने में सीनेटर ब्रजेश कुमार, सचिव विश्वनाथ कुमार, विष्णु बहादूर, बिहारी झा, संजय यादव, डी आर सोरेन, सुनील महतो, शंकर मिश्रा के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दो अपराधी एनकाउंटर में ढेर

## सिपाही को मारकर भाग रहे थे अपराधी, सीएम नीतीश की पुलिस का योगी मॉडल चर्चा में

वैशाली। बिहार पुलिस ने खाकी का इकबाल बुलंद करने के लिए शायद ऐसा पहली बार किया है। पहली बार किसी सिपाही की हत्या कर भाग रहे दो अपराधियों को कुछ ही घंटे के अंदर मार गिराया गया। सोमवार दोपहर राजधानी पटना के सबसे निकटवर्ती वैशाली जिले में बैंक शाखा के पास लूट की वारदात को अंजाम दे रहे अपराधियों को रोकने पर सिपाही को सीने में तीन गोलियां मारी गई थीं। सिपाही की मौत की पुष्टि कुछ ही देर में हो गई। कुछ घंटे बाद दो अपराधियों के एनकाउंटर में मारे जाने की भी पुष्टि हो गई। इन दो अपराधियों को भीड़ ने भागते हुए पकड़ा था। दोनों पुलिस की गिरफ्त से भी भागने लगे तो फायरिंग की गई। सिपाही की हत्या के कुछ ही घंटे के अंदर दो अपराधियों का एनकाउंटर किए जाने को लोग बिहार पुलिस में यूपी के योगी मॉडल एंट्री बता रहे हैं। पुलिस की गोली से दोनों अपराधियों की मौत सराय और हाजीपुर के बीच हुई। दोनों अपराधियों से पुलिस ठीक से पूछताछ भी नहीं कर सकी थी कि अपराधियों ने जिप्सी पर बैठे पुलिसकर्मियों को धक्का देकर खेत के रास्ते भागने की कोशिश की। पुलिस ने भागते अपराधियों पर फायरिंग की तो दोनों गिर गए। दोनों को उसी अवस्था में पुलिस फिर जिप्सी पर लादकर हाजीपुर स्थित वैशाली सदर अस्पताल लेकर आयी। एसपी ने दोनों को गोली लगने की पुष्टि की। सोमवार को दोपहर इन दो के साथ कुल चार अपराधियों ने लूट के क्रम में एक सिपाही के सीने पर तीन गोलियां दाग दी थीं। चार में से दो अपराधी भागने में कामयाब रहे थे, जबकि यह दो भीड़ में घिरकर पकड़ा गए थे। इनकी पहचान गया निवासी सत्य प्रकाश और बिट्टू के रूप में हुई थी। लूट की घटना वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र के सराय बाजार स्थित सेंट्रल बैंक के पास हुई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि लोग बैंक से रुपया निकालकर अपने घर जा रहे थे। तभी सूरज चौक के पास चार अपराधी बैंक से बाहर निकलने वाले लोगों को लूटते दिखे। उस समय पुलिस गश्ती की गाड़ी गुजर रही थी। इस दौरान पुलिस गाड़ी में बैठा एक पुलिसकर्मी अमिता बच्चन लूटपाट देख गाड़ी से कूदकर उसे बचाने के लिए दौड़ा। वहां पहुंचकर अमिता बच्चन ने इस घटना का विरोध किया तो अपराधियों ने खाकी वदीर्धारी को देखकर भागने की बजाय अमिता बच्चन पर ही ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। लोगों ने बताया कि अपराधियों ने चार गोलियां चलाई थीं, जिसमें तीन गोली अमिता बच्चन के सीने में लगी। गोली लगते ही अमिता बच्चन जमीन पर गिर पड़े और अपराधी भागने लगे। भागते अपराधियों में से दो को भीड़ ने घेर लिया।



## भाजपा का आरोपः लालू के इशारे पर नवरात्र में शिक्षकों की ट्रेनिंग



पटना। नवरात्र में उपवास रखते हुए प्रशिक्षण के लिए पहुंच रहे शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिक्षकों का कहना है कि उपवास के दौरान जब सनातन धर्म के लोग सात्विकता का बहुत ज्यादा ख्याल रखते हैं, सरकार ने एक साजिश के तहत यह ट्रेनिंग रख दी है। भाजपा ने शिक्षकों की इस आवाज को ताकत देते हुए कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के इशारे पर सनातन के खिलाफ यह सब किया जा रहा है। ळढरर संयोजक राजू सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान आज 16 अक्तूबर से 21 अक्तूबर तक प्रशिक्षण की व्यवस्था विभाग के द्वारा की गई है। इसको लेकर शिक्षकों में नाराजगी है। शिक्षकों के पूजा-पाठ में व्यवधान उत्पन्न हो गया है। नवरात्र के दरम्यान शिक्षक विशेष सात्विकता का ध्यान रखते हैं, लहसुन-प्याज वर्जित करते हैं। सेंधा नमक का प्रयोग करते हैं। और आलम यह है कि यहां प्रशिक्षण संस्थान में पूजा करने का कोई स्थान भी निर्धारित नहीं किया गया है। इन तमाम बातों को लेकर के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि हमको प्रशिक्षण लेने में कोई आपत्ति नहीं है। हम विभाग और सरकार से मांग करते हैं कि इस प्रशिक्षण को दुर्गा पूजा के बाद आयोजित करवाया जाए। यही हमारी मांग है, सरकार अविलंब इसको लेकर कदम उठाए। आज सूबे के तमाम प्रशिक्षण संस्थानों में भूखे रहकर शिक्षक अपनी नाराजगी प्रकट कर रहे हैं। अगर सरकार जल्द इस आदेश को वापस नहीं लेगी तो संगठन इस प्रशिक्षण को लेकर के आंदोलन की वृहत घोषणा करेगा। वहीं, भाजपा ने कहा कि रमजान में शिक्षकों को जल्दी छुट्टी देने वाली सरकार ने आखिर क्या सोचकर नवरात्र के दौरान ऐसा किया, यह समझना मुश्किल नहीं। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता कुंतल कृष्णन ने कि बिहार शिक्षा विभाग के पिछले कुछ दिनों के आदेश लालू प्रसाद यादव के इशारे पर शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे मुस्लिम तुष्टिकरण के नए राजनीतिक प्रयोग हैं। कभी जन्माष्टमी की छुट्टी काट लेते हैं। कभी जितिया की छुट्टी खत्म कर देते हैं।

## राजद के विधान पार्षद ने फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरा



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और राजद कोर्ट से विधान पार्षद डॉ. सुनील कुमार सिंह ने एक बार फिर से सीएम नीतीश कुमार को घेरा है। इस बार सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। इसके चुटीले अंदाज में उन्होंने बिना नाम लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व सांसद आनंद मोहन के बारे में प्रतिक्रिया दी। अब यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एमएलसी सुनील सिंह ने लिखा कि महागठबंधन के उत्कृष्ट अव्वल एवम वर्ष 2023 में संसद रत्न से पुरस्कृत राज्यसभा के माननीय सांसद का गोइठा के राख से जीभ खींचने वाले भाई साहब के पैतृक गांव में उनके मनोबल बढ़ाने और महिमामंडित करने के उद्देश्य से जो अपने साहब जी हैं न, वो जाने वाले हैं! यह रिश्ता क्या कहलाता है? बूझो तो जानें! कभी नीम- नीम कभी शहद- शहद, कभी नरम- नरम कभी सख्त-सख्त। यह पहली बार नहीं जब राजद के विधान पार्षद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के मुंहबोले भाई सुनील कुमार सिंह ने बिना नाम लिए सीएम नीतीश कुमार को घेरा है। इससे पहले उन्होंने 24 सिंतबर को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था कि मैं बीती रात तेजस राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से नई दिल्ली से पटना का सफर कर रहा था। कानपुर स्थित मेरे किसी शुभचिंतक को यह जानकारी प्राप्त हुई कि मैं ट्रेन से ही नई दिल्ली से पटना जा रहा हूं। अतः उन्होंने मुझे सौगात स्वरूप कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर वहां का मशहूर "ठग्गू का लड्डू" गिफ्ट किया। इसके डब्बे पर ही लिखा हुआ कि कोई "ऐसा कोई सगा नहीं जिसे हमने ठगा नहीं"! इस स्लोगन को पढ़ते ही मेरे मन में तरह-तरह और भांति- भांति की बातें उमड़ने और घुमड़ने लगी,जो संभवतः बिहार के मौजूदा राजनीतिक परिपेक्ष्य में बिल्कुल सटीक बैठ रहा था।

## फुटपाथ के दुकानदारों ने किया प्रदर्शन



नालंदा। फुटपाथ अधिकार मंच के तत्वाधान में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर के ब्रह्मकुंड के पास फुटपाथ के दुकानदारों ने जिला प्रशासन और राजगीर के कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान नालंदा फुटपाथ अधिकार मंच के सदस्य ने कहा कि जिला प्रशासन वादा खिलाफी करने का काम कर रहा है। गोपाल भदानी, उर्मिला देवी ने बताया कि पहले की तरह जब दुकानदार फुटपाथ पर दुकान लगाने जाते हैं तो उन्हें खदेड़ कर भगा दिया जाता है। पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के तहत फुटपाथ दुकानदारों को रोजगार मुहैया कराया जाए। वर्षों से ब्रह्मकुंड परिसर के पास वे लोग दुकान लगाते आ रहे हैं। लेकिन अब उन्हें दुकान लगाने से मना किया जा रहा है। फुटपाथ के दुकानदारों का कहना है कि जिला प्रशासन ने उनसे मलमास मेला के पहले यह वादा किया था कि फिलहाल दो महीने के लिए वे लोग पीएचईडी के कैंपस में चले जाएं। वापस आकर ब्रह्मकुंड के परिसर में अपनी-अपनी दुकान को शिफ्ट कर लेना। लेकिन मलमास मेला भी खत्म हो गया। श्रावणी मेला भी खत्म हो गया। इसके बावजूद अब जिला प्रशासन उन लोगों को पूर्व के स्थल पर जाने से रोक रही है। वर्तमान में जिस जगह पर दुकानें लगी हैं। वहां तक ग्राहक और आने वाले टूरिस्ट नहीं पहुंच रहे हैं। इस कारण उन लोगों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। राजगीर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मो. जफर इकबाल ने बताया कि कुछ लोग राजनीति कर रहे हैं।

## शराब पीने से 3 की मौत

### छापेमारी में कारोबारी गिरफ्तार, फिर भी पुलिस कर रही इंकार









**दरभंगा।** जिला के हायाघाट थाना क्षेत्र के मकसुदपुर गांव में हुई जहरीली शराब से मौत के बाद दरभंगा के एसएसपी अवकाश कुमार ने बीती रात इलाके में भारी छापामारी की। जानकारी के मुताबिक कुछ धंधेबाजों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। लालटून सहनी की बेटी पार्वती देवी ने एक शराब कारोबारी विकलांग विनोद दास का नाम बताया था, जिसे पुलिस ने शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

हालांकि पुलिस इस गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं कर रही है। दरभंगा में शराब पीने से दो दिनों में अब तक तीन मौत हो चुकी है। सोमवार को दो लोगों की मौत हुई थी जिसमें रुस्तमपुर गांव निवासी संतोष दास और भुखला सहनी थे, जबकि लालटून सहनी और अर्जुन दास सहित तीन लोग अस्पताल में इलाजरत थे। मंगलवार को दरभंगा के डीएमसीएच में इलाज के दौरान लालटून सहनी की भी मौत हो गई। इस सम्बंध में एसएसपी अवकाश कुमार का कहना है कि हायाघाट थाना क्षेत्र के मकसुदपुर गांव में कुछ लोगों की बिमारी से मौत होने की सूचना मिली है। इस सूचना पर पुलिस ने पीड़ित परिवार के लोगो से भी पूछताछ की है। बीमार लोगों के परिजनों से भी घटना की जानकारी ली गई है। एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि मृतक के परिवार के लोगों ने शराब पीने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति अभी डीएमसीएच में इलाजरत है जबकि एक व्यक्ति समस्तीपुर अस्पताल से ठीक होकर घर लौट गया है। अभी हमलोग जांच कर रहे हैं। एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि शराब पीने से मौत हुई है इस बात की न तो मैं पुष्टि कर रहा हूँ और न ही खंडन कर रहा हूँ, फिलहाल जारी है।

डीएमसीएच में इलाज के दौरान डॉक्टरों का कहना है कि भर्ती होने के समय इलाजरत लालटून सहनी ने डॉक्टर को शराब पीने की बात कही थी। डीएमसीएच के इमरजेंसी विभाग के डॉक्टर ने लालटून सहनी के पुर्जा पर अल्कोहल का भी जिक्र किया है। पुर्जे पर यह भी लिखा है कि मरीज 25 वर्षों से शराब पी रहा था। इतना साक्ष्य होने के बाद भी दरभंगा पुलिस यह मानने को तैयार नहीं कि तीनों मौत शराब पीने से हुई है। पार्वती देवी का कहना है कि गांव में ही शराब बिकती है और गांव का ही एक दिव्यांग दिनेश दास है जो शराब का धड़ल्ले से बेचता है। इस सम्बंध में दरभंगा के एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है, उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## कोटा पुलिस ने शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा को किया गिरफ्तार, दो साथियों के साथ जा रहा था गोवा



**कोटा।** पुलिस ने बिहार के बाहुबली और पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के बेटे को सोमवार शाम गिरफ्तार किया है। ओसामा अपने दो साथियों के साथ दिल्ली नंबर की कार से दिल्ली से गोवा जा रहा था, उसी दौरान चुनावी चैकिंग के दौरान उसे पकड़ा गया। जानकारी के मुताबिक कोटा ग्रामीण जिले के रामगंजमंडी थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। रामगंज मंडी पुलिस थाने के प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि शहाबुद्दीन का बेटा ओसामा अपने दो साथियों के साथ दिल्ली नंबर की कार से दिल्ली से गोवा जा रहा था। तभी उडवा नाके पर तलाशी के दौरान उनकी कार संदिग्ध लगने पर तलाशी ली गई। ओसामा शहाब के साथ उसके दो साथी वसीम और सेफ को भी धारा 151 में गिरफ्तार किया गया है, उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को कल दोपहर में कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोटा के ग्रामीण एसपी कविंद्र सागर ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। बता दें कि जान से मारने की धमकी और रंगदारी मामले में ओसामा शहाब पर सीवान के हुसैनगंज थाना और मोतिहारी में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज है। एफआईआर के बाद से ओसामा शहाब फरार चल रहा था।

## संक्षिप्त डायरी

### डीआईजी जयंत कांत ने अमिता बच्चन को बताया मुश्किल समय का विश्वसनीय साथी, बहादुर और कर्तव्यनिष्ठ



**वैशाली** । सिपाही अमिता बच्चन के शहीद होने की खबर मेरे लिए किसी सदमे से कम नहीं। मेरे साथ करीब तीन साल का साथ था। बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के मामले में ऑटो स्टार्ट मोड में रहने के लिए मैं अमिता को हमेशा याद करूंगा। अमिता ने जाते-जाते भी इन दो बातों का आम जनमानस के बीच प्रमाण दे दिया।जब तक मेरे साथ ड्यूटी रही, अमिता ने साये की तरह मेरा साथ दिया। मेरे ज्यादातर रेड में साथ रहे अमिता को मैं एक अदद कांस्टेबल, यानी सिपाही मानकर नहीं चला। उसने मेरे साथ ड्यूटी ज्वाइन करने के साथ ही दिखा दिया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में वह पीछे हटने वाला शख्स नहीं। हमेशा ड्यूटी पर समय से पहले पहुंचने और हर बात को गंभीरता से समझने के कारण बहुत कम समय में अमिता से हमारा पारिवारिक सदस्य जैसा जुड़ाव हो गया। लोग अमिता को अमिताभ बच्चन भी कह दिया करते थे। अच्छी हाइट थी और पर्सनालिटी भी। शायद नाम भी अमिताभ बच्चन से ही प्रेरित हो। सिपाहियों की ड्यूटी तो लगती रहती है। बदलते भी रहते हैं। लेकिन, अमिता से दूसरे तरह का लगाव था। बेहद आज्ञाकारी स्वभाव के कारण यह शख्स दूसरे तरह से मुझसे जुड़ा था। कोरोना की मुश्किल घड़ियों को याद करता हूं तो आंखें नम हो जाती हैं। आज आंखें नम भी हैं और गर्व से सीना चौड़ा भी हो रहा है। अमिता की यह सामान्य मौत नहीं है। अपराधियों से अकेले लोहा लेते हुए शहीद होने वाले इस सिपाही के प्रति मेरे मन में अब श्रद्धा है। जैसे ही यह सूचना मुझे मिली, मैंने परिवार वालों से बात की। याद आने लगा, जब कुछ ही साल पहले अमिता की शादी हुई। अभी छोटे-छोटे बच्चे हैं। पूरे परिवार के साथ मैं खुद को खड़ा पाता हूं। यह बेहद कष्टदायक है, लेकिन कई बार हम मजबूर हो जाते हैं। वही अभी मैं महसूस कर रहा हूं।

### मुजफ्फरपुर में लूटपाट के दौरान निजी बैंक के रिकवरी एजेंट को मारी गोली, एक लाख रुपये लेकर फरार




**मुजफ्फरपुर** । अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अपराधियों ने दिनदहाड़े लूटपाट के दौरान आरबीएल बैंककर्मी को गोली मारकर एक लाख रुपये लेकर फरार हो गये। आननफानन फानन में स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी 112 पुलिस को दी। घटना कुढ़नी थाना के झिटकी इलाके की है। रिकवरी एजेंट की पहचान बोचहां थाना के सर्फुद्दीनपुर का रहनेवाला चंदन के रूप में की गई है। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस 112 की महिला पुलिस रिंकू कुमारी ने बताया कि डायल 112 पर सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। वहां पर जख्मी व्यक्ति को लेकर एसकेएमसीएच गये और उसे वहां भर्ती कराया। रास्ते में उसने गोली लगने और लूट के बारे में बताया। चंदन के चाचा बलराम कुमार ने बताया कि चंदन का मोबाइल पुलिस के पास था। पुलिस ने ही कॉल कर के सूचना दिया कि चंदन को गोली लगी है, एसकेएमसीएच आइए। अस्पताल पहुंचा तो देखा कि अस्पताल में जख्मी हालत में पड़ा था। एसकेएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर के इलाज से संतुष्ट नहीं होने पर चंदन के परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल लेकर चले गए।

### दोनों ने जहर खाया, पहले पत्नी ने तोड़ा दम, फिर पति ने, दोनों के रिश्ते ठीक, यह वजह बता रहे लोग



**मोतिहारी** । एक दंपत्ति ने जहर खा लिया। इलाज के लिए दोनों को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां दोनों की मौत हो गई। मृतक केसरिया थाना क्षेत्र के बनकट मठिया गांव का रहने वाला है। मृतक दंपति की पहचान विनोद कुमार चौधूर (50) और उसकी पत्नी किरण देवी (45) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि घर में काफी विवाद चल रहा था। आर्थिक तंगी भी थी, जिससे दोनों काफी परेशान थे। मृतक के छोटे पुत्र निखिल ने बताया कि मैं चकिया में था, तभी मुझे इस बात की सूचना मिली कि मां पापा दोनों ने जहर खा लिया है। घर के अन्य लोगों को मैंने उन्हें निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराने को कहा। मैं जबतक अस्पताल पहुंचा तब तक मां की मौत हो चुकी थी और पापा का इलाज चल रहा था। मां के मौत के करीब दो घंटे बाद पापा ने भी दम तोड़ दिया। डॉक्टर का कहना है कि हार्ट अटैक होने के कारण ब्लड जम गया था, पापा पहले से हार्ट के पेसेन्ट थे, और उनका इलाज चल रहा था। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि घर में कुछ दिन से कलह चल रहा था, जिसको लेकर घर में हमेशा विवाद होते रहता था। लोगों का कहना है कि ऐसा लगता है कि इसी वजह से तंग आ कर पति पत्नी ऐसा कदम उठाया है।

## बिहार के राज्यकर्मियों का प्रोमोशन शुरू, सूची में देखिए किनका है नाम, पिछली कैबिनेट से खुली राह



**पटना।** 2016 में आरक्षण को लेकर कोर्ट तक मामला पहुंचने के बाद अटकी राज्यकर्मियों की प्रोन्नति का रास्ता बिहार सरकार ने 13 अक्टूबर को खोला और अब पहला 'रुझान' सामान्य प्रशासन विभाग से सामने आया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने तीन दिन के अंदर पहली दो सूचियां जारी की हैं। स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसा के आधार पर पहली सूची में सात और दूसरी सूची में दो राज्यकर्मियों को प्रोन्नति दी गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछली कैबिनेट बैठक के दौरान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लंबित केस के मद्देनजर 16 प्रतिशत एससी और एक प्रतिशत एसटी की सीटों को फ्रीज करते हुए शेष 83 प्रतिशत प्रोन्नति की खाली सीटों के लिए प्रोमोशन का प्रावधान लागू किया। इस 83 प्रतिशत में 16 प्रतिशत एससी और एक प्रतिशत एसटी को आरक्षण देते हुए प्रोन्नति सूची फाइनल करने का आदेश दिया गया। चूंकि दो महीने के लिए प्रावधानों में यह फेरबदल किया गया है, इसलिए सरकार ने रविवार को भी इस प्रक्रिया को बाधित नहीं करने का आदेश जारी किया। परिणाम यह रहा कि सोमवार को पहली दो सूची जारी हो गई। सबसे पहले बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा के सात निम्नवर्गीय लिपिक को पुनरीक्षित वेतन स्तर चार का कार्यकारी प्रभार देते हुए उच्चवर्गीय लिपिक के रूप में प्रोन्नति दी गई है। आयुक्त कार्यालय सहरसा में पदस्थापित उदय कुमार झा, सामान्य प्रशासन विभाग में कार्यरत संजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रूही कुमारी व संजना प्रिया, आयुक्त कार्यालय पटना में कार्यरत रवि भूषण प्रसाद और राज्य निर्वाचन प्राधिकार में कार्यरत रूपेश कुमार को पे बैंड 5200-20200 और ग्रेड पे 2400 के तहत यह प्रोन्नति दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने ही दूसरी सूची जारी की जिसमें दो कार्यालय परिचारियों को निम्न वर्गीय लिपिक के रूप में प्रोन्नति दी गई। तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त कार्यालय में कार्यरत कार्यालय परिचारी मोहम्मद अंजारुल और सामान्य प्रशासन विभाग में कार्यालय परिचारी प्रेम कुमार को निम्न वर्गीय लिपिक में प्रोन्नति देते हुए वर्तमान पदस्थापना की जगह पर ही रखा गया है।

# निठारी और न्याय

नोएडा में हुए निठारी हत्याकांड के आरोपियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया। यह केंद्रीय जांच ब्यूरो की उदासीनता का नतीजा है या न्याय की जीत? उच्च न्यायालय में सीबीआई इस मामले में अकाट्य सुबूत पेश नहीं कर पाई। आरोपियों- सुरिंदर कोली और उसके नियोक्ता मोनिंदर सिंह पंढेर को साल 2005-2006 के निठारी सिलसिलेवार हत्याओं के लिए गिरफ्तार किया गया था और निचली अदालत ने दोनों को फांसी की सजा सुनाई थी। दोनों आरोपियों ने उच्च न्यायालय में फांसी की सजा को चुनौती दी थी और अब न्यायालय ने न केवल फांसी की सजा को खत्म कर दिया है, बल्कि दोनों को बरी भी कर दिया है। निठारी कांड के पीड़ितों में नाराजगी है और उनके वकील ने भी सीबीआई पर सवाल उठाए हैं। निचली अदालत की सजा को कायम रखने के लिए उच्च न्यायालय में भी सीबीआई को अकाट्य प्रमाण पेश करने चाहिए थे, पर दलीलों व सुबूतों में संदेह की गुंजाइश इतनी ज्यादा रही कि आरोपियों को बचने का रास्ता मिल गया। निठारी के आरोपियों के बरी होने से इस धारणा को बल मिला है कि पीड़ित चूंकि गरीब हैं, इसलिए उनके साथ न्याय नहीं हो पाता है। ज्यादातर पीड़ित बंगाल व बिहार से आए मजदूर परिवार से ताल्लुक रखते थे। कई बच्चियों, बच्चों और महिलाओं की जान निठारी कांड में गई थी, लेकिन अब दोनों आरोपियों के बरी होने के बाद क्या पुलिस और सीबीआई फिर इस 17 साल पुराने मामले की जांच कर पाएगी? वैसे कायदा तो यही है कि सीबीआई को सर्वोच्च न्यायालय में अकाट्य सुबूतों के साथ पेश होना चाहिए। क्या उन सुबूतों में कोई दम नहीं था, जिनके आधार पर निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी? निठारी कांड में नौकर कोली को 12 मामलों में, जबकि मालिक पंढेर को दो मामलों में मौत की सजा सुनाई गई थी। एक समय यह भी धारणा बन रही थी कि नौकर ने ही तमाम हत्याओं को अंजाम दिया है। खैर, निचली अदालत ने दोनों को ही दोषी माना था, पर अब उनके बरी होने के बाद अनेक सवाल खड़े हो गए हैं। आखिरी निठारी कांड का पूरा सच क्या है? निठारी गांव के नाले में मानव कंकाल कैसे मिले थे? कोली तो बार-बार यही कह रहा था कि जांचकताओं ने उसे फंसाया है और शुरूआती इकबालिया बयान के आधार पर ही पुलिस ने मामला बनाया था। यह बात सर्वविदित है कि पुलिस के सामने इकबालिया बयान का अदालत में कोई खास महत्व नहीं होता है। अदालतें आमतौर पर यह मानकर चलती हैं कि पुलिस दबाव डालकर बयान लिखवाती है। पुलिस या जांच एजेंसियों की असली परीक्षा तब होती है, जब अदालत में सुनवाई शुरू होती है। यह दुखद है कि सीबीआई नाकाम रही है। किसी भी एजेंसी के लिए केवल आरोप लगाने या चलाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है, अकाट्य सुबूत के आधार पर उनको प्रमाणित करना। वैसे यह कोई पहला मामला नहीं है, जिसमें देश की एक प्रमुख जांच एजेंसी अपराध को साबित करने में नाकाम रही है। साल 2008 के आरुषि तलवार दोहरे हत्याकांड में भी जांच एजेंसी कातिलों को खोज नहीं पाई।

# जंगल में दंगल

छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने क्षेत्रीय गौरव और कल्याणवाद के घोल से एक चुनावी मुद्दा तैयार किया है। उसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार और पांच साल पहले किए गए चुनावी वादों को पूरा न करने को लेकर सरकार पर निशाना साध रही है। छत्तीसगढ़ी उप-राष्ट्रवाद के इर्द-गिर्द एक तानाबाना बुनने की कांग्रेस की कोशिशों ने 2000 में इस राज्य के गठन के बाद पहली बार क्षेत्रीय पहचान को एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बना दिया है। पार्टी राजीव गांधी किसान न्याय योजना या गोधन न्याय योजना या लघु वनोपजों की उच्च कीमतों जैसी अपनी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजनाओं पर भी भरोसा कर रही है, जो ग्रामीण और आदिवासी आबादी के एक बड़े हिस्से को कवर करती है। ग्रामीण आवास एक और ऐसा मुद्दा है जिस पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर इस संबंध में नाकाम और असंवेदनशील होने का आरोप लगाया है। एक सरकारी सर्वेक्षण में राज्य की आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की हिस्सेदारी 43.5 फीसदी आंकी गई है और इसी सर्वेक्षण की पृष्ठभूमि में कांग्रेस इस सामाजिक समूह पर विशेष रूप से फोकस कर रही है। भाजपा ने लगभग दो-तिहाई सामान्य सीटों पर ओबीसी समुदाय के उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कुल 90-सदस्यीय विधानसभा में 10 सीटें अनुसूचित जाति के लिए और 29 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। सामान्य सीटों के लिए कांग्रेस द्वारा घोषित 13 उम्मीदवारों में से नौ ओबीसी समुदाय से हैं। दोनों ही पार्टियां ओबीसी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रही हैं और कुल आबादी का लगभग एक तिहाई हिस्सा माने जाने वाले अनुसूचित जनजाति के लोगों को कम तवज्जो मिलता दिख रहा है। भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया है। प्रवर्तन निदेशालय कई मामलों की जांच कर रहा है, जिसमें कई नौकरशाह तथा सरकार या कांग्रेस पार्टी से जुड़े अन्य लोग उलझते नजर आ रहे हैं और ऐसे लोगों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी सहयोगी भी शामिल हैं। कांग्रेस इन आरोपों को खारिज करती है और केंद्र पर उसके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाती है। सांप्रदायिक दंगों में मारे गए एक युवक के पिता और एक अन्य दंगे के आरोपी को बघेल कैबिनेट के एकमात्र मुस्लिम चेहरे के खिलाफ मैदान में उतारकर भाजपा ने ध्रुवीकरण करने की अपनी मंशा का संकेत दिया है।

# अंतः शुद्धि का महापर्व है नवरात्रि

ANALYSIS



रमेश सर्राफ धमोरा

भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीकों और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती हैं। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटाने वाली होता है। इस त्योहार को पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती है। यह हमें बताती है कि इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्त और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है।



नवरात्रि हिन्दू धर्म के लोगो द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार असत्य पर सत्य की जीत को दशार्ता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनों के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी मां के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीकों और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती हैं। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटाने वाली होता है। इस त्योहार को पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती है। यह हमें बताती है कि इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्त और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जनजीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोत्तम मानी गई है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्हीं में से एक है नवरात्रि। नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं - शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। वसन्त की शुरूआत और शरद ऋतु की शुरूआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते हैं। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चौथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवें दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवां दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ बच्चियों की पूजा होती है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं। शक्ति उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाई जा रही है। आदिशक्ति के हर रूप की नौ दिनों में क्रमशः अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की। ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गई थीं। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततः महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं। नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है।

**लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध है।**

# निठारी के अभियुक्तों की दोषमुक्ति... जांच पर सवाल!

बात की शुरूआत बहुचर्चित और दिल दहला देने वाले निठारी कांड पर आए इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले से करते हैं। इस मामले में हाई कोर्ट ने कई लड़कियों के साथ दुराचार और उनकी हत्या के दो आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया है। प्रकरण में निचली अदालत ने दोनों को फांसी की सजा सुनाई थी। मुमकिन है कि यह मसला अब हाई कोर्ट के बाद देश के सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंचे। इस बीच एक सवाल बना रहेगा कि गौतम बुद्धनगर, यानी नोएडा के इस पाशविक मामले में दोषी कौन है? जिनको पुलिस और सीबीआई ने अभियुक्त बताते हुए अपनी रिपोर्ट कोर्ट में सौंपी थी। उनकी रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों आरोपितों को दोषी पाया था, यदि वे नहीं तो कौन हैं दोषी? जिनको जनमानस दोषी मानता आया है, जरूरी नहीं कि वही अंतिम सच हो। फिर भी दोषियों की तलाश तो जरूरी है। सबसे बड़ा सवाल यह कि स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर की जांच





एजेंसियां जिनके खिलाफ प्रमाण लेकर कोर्ट पहुंचती हैं, वे प्रमाण टायं-टायं फिस्स क्यों हो जाते हैं। निठारी मामले में भी तो यही हुआ है। इस कांड पर संक्षेप में एक नजर डाल लें। हुआ यूं था कि 29 दिसंबर, 2006 को नोएडा के निठारी इलाके में मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले से 19 कंकाल बरामद किए गए थे। इस मामले में सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को नोएडा की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कोली उक्त कोठी का केयर टेकर बताया गया। निठारी गांव से कई लड़कियां गायब हुई थीं। कोठी के पीछे नरकंकाल मिले। इस आधार पर कोली और पंढेर को गिरफ्तार कर लिया गया था। जन-दबाव के बीच जांच का दायित्व पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपा गया था। जिन अभियुक्तों को निचली कोर्ट ने दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई, वही अब हाई कोर्ट से पूरी तरह दोषमुक्त हो गए हैं। यहां निचली कोर्ट और उससे बड़ी कोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों की टिप्पणी भी बहुत मायने रखती है। पिछले दिनों एक सुनवाई के बाद फैसला सुनाते समय देश की शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की थी, स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 की अनिवार्य शर्त है। यदि आपराधिक सुनवाई स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं है, तो न्यायाधीश की न्यायिक निष्पक्षता और न्याय वितरण प्रणाली में जनता का विश्वास कम हो जाएगा। अभी पांच सितंबर को अपना फैसला सुनाए जाते समय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को याद करना होगा। मामला 2015 में एक लड़की के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के आरोपी को मौत की सजा देने का था। इस पर 2017 में, भागलपुर की ट्रायल ने उस व्यक्ति को फांसी की सजा सुनाई। फिर उस पर 2018 में पटना हाई कोर्ट की भी मुहर लग गई। निचली कोर्ट ने उस व्यक्ति के अपराध को दुर्लभतम श्रेणी का बताया था। अंत में मामला सुप्रीम कोर्ट आया, जिसकी टिप्पणी का जिक्र किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में खास तौर से कहा कि एक न्यायाधीश को निष्पक्ष और निष्पक्ष होना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह अपनी आंखें बंद कर लेगा और एक रोबोट की तरह मूकदर्शक बना रहेगा। न्यायालय में जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र की बेंच ने पूरे प्रकरण की जांच में गंभीर खामियां देखीं और मौत की सजा को रद्द करते हुए पुनर्विचार के लिए हाई कोर्ट वापस भेज दिया। कोर्ट ने पाया कि जांच के दौरान फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की रिपोर्ट तक नहीं ली गई थी। इस तरह के गंभीर मामले में कोर्ट ने यह भी कमी देखी कि आरोपित की चिकित्सकीय जांच भी नहीं कराई गई थी। निठारी प्रकरण पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले में आरोपितों के दोषमुक्त होने और एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी एक साथ रखने का मंतव्य स्पष्ट है। विचारणीय प्रश्न यह है कि जांच एजेंसियां किसी मसले को अति सामान्य ढंग से क्यों लेती हैं। हाल यह है कि निठारी प्रकरण देश की प्रसिद्ध एजेंसी सीबीआई को सौंपा गया था। तमाम तरह के आरोपों से घिरी सीबीआई पर अभी लोगों का विश्वास बना हुआ है। वहीं सीबीआई बहुत दबाव में नहीं हो तो निठारी जैसे मामले की जांच में एक तो बहुत समय लेती है। फिर कोर्ट में उस जांच की फजीहत हो जाती है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



सभी देशवासियों ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया है तथा स्वाधीनता संग्राम में बलिदान देने वाले पूर्वजों का सादर स्मरण किया है। जलियांवाला बाग का नरसंहार और उसके बाद की घटनाएं हमारी सामूहिक चेतना का अभिन्न अंग हैं। आज पुरस्कृत सरदार उधम नामक फिल्म के द्वारा जलियांवाला बाग से जुड़ी स्वाधीनता संग्राम की एक महत्वपूर्ण धारा से दर्शकों का परिचय होता है।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



कांग्रेस – झामुमो सरकार ने झारखंड के दलित, आदिवासियों की दुर्गति कर रखी है। गिरिडीह जिले के जमुआ में जमीन माफियाओं ने दलितों की लगभग 11 एकड़ जमीन हड़प ली है। पिछले एक महीने से पीड़ित परिवार उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे हैं लेकिन कोई भी प्रशासनिक अधिकारी इनकी सुध तक लेने नहीं पहुंचा है। गिरिडीह डीसी अविलंब मामले का संज्ञान लेते हुए दलित परिवारों की समस्या का निराकरण कर जमीन को कब्जामुक्त कराएं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# सनातन के संवाहक योगी, चुनाव में जीत के वाहक

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब कुशल नेतृत्वकर्ता, समाज, सनातन धर्म और अखंड भारत संवाहक और चुनाव में जीत के वाहक (सारथी) बन गए हैं। सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर योगी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। सनातन धर्म पर उनकी स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली है। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदय निधि द्वारा सनातन धर्म का उन्मूलन करने वाले शर्मनाक बयान के बाद से योगी आदित्यनाथ ने मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश के हिंदू आस्था के सभी केंद्रों, प्रतीकों का विकास व सम्मान हो रहा है। अयोध्या, मथुरा, काशी के साथ ही अन्य छोटे धार्मिक महत्व के स्थलों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। इसके कारण सनातन समाज में प्रसन्नता की लहर है। ठीक इसके उलट कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदू समाज को बांटने की रणनीति पर काम कर रहा है। सनातन धर्म के तेजस्वी प्रतिनिधि के रूप में मुख्यमंत्री योगी की लोकप्रियता तेजी के साथ बढ़ रही है । योगी आदित्यनाथ आर्य समाज के कार्यक्रम में कह चुके हैं कि दयानंद सरस्वती जी ने घरवापसी का जो अभियान आरम्भ किया था उसे फिर से प्रारंभ किया जाए। आर्य समाज ने वैदिक संस्कृति के प्रसार के लिए जो कार्य किए थे उन्हे भी पुनः प्रारम्भ किया जाए । उनकी इस बात से सपा, बसपा और कांग्रेस सहित सभी सेक्युलर दल बुरी तरह से चिढ़ गए हैं। गोरखपुर में योगी कह चुके हैं कि सनातन ही एकमात्र धर्म है। बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धति हैं। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदयनिधि को करारा जवाब देते हुए योगी ने कहा था कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ आएगा। इसके बाद मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों की छटपटाहट जरूर सामने आई पर उन्हें कोई उत्तर नहीं सूझा। अभी तक योगी केवल सनातन धर्म पर ही बात कर रहे थे लेकिन अब उन्होंने सिंधी समाज के एक बड़े कार्यक्रम में कहा कि जब हम 500 वर्ष के बाद श्री रामजन्मभूमि को वापस ले सकते हैं तो फिर सिंध को क्यो नहीं? उनके इस बयान ने आम भारतीयों को ही नहीं अपितु पाकिस्तान व उसके समर्थक देशों को भी हैरान कर दिया है। आज न सिर्फ भारत में ही अपितु पाकिस्तानी मीडिया व भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाले मीडिया में योगी के बयानों पर बहस हो रही है तथा चिंता व्यक्त की जा रही है। सिंध को वापस लेने वाली बात पाकिस्तान के सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश का विभाजन हुआ। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत का एक बड़ा भू-भाग पाकिस्तान के रूप में भी चला गया। सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे अधिक झेला है। उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जनवरी - 2024 में रामलला अपने मंदिर में फिर से विराजेंगे। मुख्यमंत्री ने सिन्धी समाज की दुखती रग को समझा और कहा कि आज भी आतंकवाद के रूप में हमें विभाजन की त्रासदी के दंश को झेलना पड़ता है। सभ्य समाज आतंकवाद व अराजकता को बर्दाश्त नहीं कर सकता। धर्मग्रंथ भी हमें यही प्रेरणा देते हैं। पूज्य झूलेलाल जी हों या श्रीकृष्ण सभी ने मानव कल्याण की बात कही है। बंटवारे जैसी त्रासदी फिर कभी न आने पाए, इसके लिए हमें राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहे जिस कार्यक्रम में हो वहां पर सनातन संस्कृति व सभ्यता का ही डंका बजाते हैं।

# बड़ी चुनौती

बहुत समय पहले से, ओलंपिक का इस्तेमाल एक सॉफ्ट पावर माध्यम के रूप में किया गया है। दुनियाभर की सरकारों ने इन खेलों से पड़ने वाले खेल-संबंधी, आर्थिक और सामाजार्थिक प्रभावों, साथ ही इनकी मेजबानी से मिलने वाली राजनीतिक वैधता पर दांव लगाया है। विश्व युद्ध के बाद का यूरोप, रंगभेद-युग के बाद का दक्षिण अफ्रीका और 2010 के दशक का ब्राजील इसके जीवंत उदाहरण हैं। मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी (आईओसी) के सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एलान को इसी रोशनी में देखना चाहिए। उन्होंने एलान किया कि इस चार-वर्षीय विशाल आयोजन के 2036 के संस्करण की मेजबानी हासिल करने के लिए भारत ह्यकोई कसर बाकी नहीं रखेगाह्व। भारत का इससे पहले होने वाले यूथ ओलंपिक में भी दिलचस्पी दिखाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वह घोटालों से घिरे और खराब ढंग से आयोजित दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों (2010) में घटित अप्रिय घटनाओं से जन्मे संकोच से छुटकारा चाहता है। हालांकि 2036 के लिए मेजबान शहर के नाम पर मुहर लगने में समय लगेगा (गौरतलब है कि 2032 संस्करण के लिए ब्रिसबेन का चयन जुलाई 2021 में हो पाया) और दूसरे दावेदार भी होंगे, लेकिन यह कोशिश भारत की वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को जाहिर करती है। चाहे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता की ख्वाहिश हो या जी-20 की अध्यक्षता को लेकर जोश, भारत ने विशिष्ट स्थान पाने की लगातार कोशिश की है। ओलंपिक मेजबान का ठप्पा उसे बदलती विश्व व्यवस्था में रणनीतिक बढ़त की स्थिति में ला सकता है। खेल के लिहाज से, यह साफ है कि हाल में संपन्न एशियाई खेलों में 107 पदकों वाले शानदार प्रदर्शन से जो सशक्त अनुकूल हवा का झोंका पैदा हुआ है, भारत उसका लाभ लेना चाहता है। बीजिंग 2008 में अभिनव बिंद्रा ने जब देश का पहला व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण जीता, उसके बाद से कई-खेलों वाली प्रतियोगिताओं में भारत का प्रदर्शन लगातार ऊपर की ओर गया है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# चीन में आईफोन 15 सीरीज की बिक्री आईफोन 14 की तुलना में 4.5 प्रतिशत कम : रिपोर्ट

**हांगकांग।**

चीन में पहले 17 दिनों में आईफोन 15 सीरीज यूनिट की बिक्री पिछले साल के आईफोन 14 के मुकाबले खराब प्रदर्शन कर रही है, जो उपभोक्ता खर्च में व्यापक गिरावट का प्रतिबिंब है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, आईफोन प्लस मॉडल को छोड़कर, जो पिछले साल तीन हफ्ते देर से जारी किया गया था, चीन में बिक्री में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। हालांकि, डेटा अमेरिका में आने वाले शुरुआती आंकड़ों के विपरीत है, जो सभी मॉडलों, खासकर आईफोन 15 प्रो मैक्स में मजबूत मांग को दर्शाता है। विश्लेषक मेंगमेंग झांग ने कहा, 15 सीरीज के लिए चीन के हेडलाइन नंबर रेड कलर में हैं, और यह उपभोक्ता खर्च में व्यापक गिरावट का प्रतिबिंब है। हालांकि, एनालिस्ट ने कहा कि प्रो मैक्स पर आपूर्ति बेमेलप्री-हॉलीडे शॉपिंग पीरियड के साथ-साथ कुछ मांग को कैलेंडर चौथी तिमाही तक बढ़ा सकता है। शुरुआती अमेरिकी आंकड़े चीन के बिल्कुल विपरीत हैं, आईफोन 15 की सेल्स के पहले नौ दिनों में कुल यूनिट सेल्स में दोहरे अंकों में बेस, प्रो और स्पेशल रूप से प्रो मैक्स मॉडल में हेल्दी डिमांड दिखाई दे रही है। उत्तरी अमेरिका के अनुसंधान निदेशक जेफ फील्डहॉक ने कहा, नए आईफोन के लिए बैक-टू-बैक शानदार वीकेंड के साथ अमेरिका अभी हॉट है। 15 सीरीज का समग्र स्वागत बहुत सकारात्मक रहा है और हम आईफोन 11 और 12 यूजर्स से एक बड़े अपग्रेड साइकल की उम्मीद कर रहे हैं। फील्डहैक ने कहा, बेशक, हम सेल्स के पहले कुछ हफ्तों के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन यह एक पॉजिटिव साइन है और चीन के आंकड़ों को काफी प्रभावित करता है।



# रोल्स-रॉयस ने लागत में कटौती के तहत 2,500 कर्मचारियों को बर्खास्त करने की योजना बनाई

**नई दिल्ली।**

वैश्विक इंजीनियरिंग दिग्गज रोल्स-रॉयस ने लागत में भारी कटौती के तहत वैश्विक स्तर पर 2,500 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त करने की योजना की घोषणा की है। बीपी के पूर्व कार्यकारी तुफान एर्गिनबिल्गिक ने जनवरी में रोल्स-रॉयस के सीईओ के रूप में पदभार संभाला था, जब उन्होंने प्रतिष्ठित विमान इंजन निर्माता को एक बर्निंग प्लेटफॉर्म बताकर कंपनी के कर्मचारियों को चौंका दिया था, जिसका संचालन अस्थिर था। कंपनी दुनिया भर में 42,000 लोगों को रोजगार देती है, जिसमें से लगभग आधा कार्यबल यूके में स्थित है। जब कोरोना महामारी के दौरान एयरलाइंस बंद हो गई थी तब रोल्स-रॉयस का वित्तीय प्रदर्शन गिर गया था, लेकिन पिछले साल वैश्विक हवाई यात्रा में सुधार के साथ इसमें सुधार हुआ है। द गार्जियन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि, लंबी दूरी की यात्रा पर कंपनी के फोकस का मतलब है कि यह उन प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ गया है जो छोटी दूरी के विमानों के लिए इंजन बनाते हैं, 2023 की शुरुआत के बाद से इसके शेयर की कीमत दोगुनी से अधिक हो गई है, हालांकि 2019 में यह अपने महामारी-पूर्व स्तर से कम है। कंपनी का लंबी दूरी की यात्रा पर ध्यान केंद्रित करने का मतलब है कि वह छोटी दूरी के विमानों के लिए इंजन बनाने वाले प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ गई है, साल 2023 की शुरुआत के बाद से इसके शेयर की कीमत दोगुनी से अधिक हो गई है, हालांकि 2019 में यह अपने महामारी-पूर्व स्तर से कम है। रोल्स-रॉयस ने नौकरी में कटौती के बारे में कोई विवरण नहीं दिया, लेकिन कहा कि आगे की घोषणा करने से पहले उसे यूनियनों के साथ जुड़ने की जरूरत है। कंपनी ने कहा कि नियोजित परिवर्तन दोहराव को दूर करेंगे और लागत दक्षता प्रदान करेंगे।एर्गिनबिल्जिक ने कहा, हम एक रोल्स-रॉयस का निर्माण कर रहे हैं जो भविष्य के लिए उपयुक्त है। इसका मतलब है कि एक अधिक सुव्यवस्थित और कुशल संगठन जो हमारे ग्राहकों, भागीदारों और शेयरधारकों के लिए काम करेगा। रोल्स-रॉयस ने अपने मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के पद छोड़ने के साथ अपनी इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी और सुरक्षा टीमों का विलय करने की योजना बनाई है।

यह लागत में कटौती के लिए अपनी खरीद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रक्रियाओं में सुधार की भी उम्मीद करता है।

# भारतपे अपने स्पीकर पर एक विशेष वर्ल्ड कप फीचर पेश करेगा

## - व्यापारियों के पास अंग्रेजी या हिंदी में स्कोर अपडेट प्राप्त करने का विकल्प है

**नई दिल्ली ।**




फिनटेक प्रमुख भारतपे अपने स्पीकर पर एक विशेष वर्ल्ड कप फीचर पेश करने की योजना लांच करने पर विचार कर रहा है, जो इसे विश्व कप 2023 के दौरान अपने एक करोड़ से अधिक संख्या बल वाले व्यापारी समुदाय के लिए क्रिकेट हमसफर में बदल देगा। भुगतान के लिए रीयल टाइम अलर्ट प्राप्त करने के अलावा, जो व्यापारी इस सुविधा का विकल्प चुनते हैं, वे अब बिना किसी अतिरिक्त लागत के अपने भारतपे स्पीकर पर भारत के सभी मैचों के लाइव अपडेट प्राप्त कर सकते हैं। नई शुरू की गई सुविधा के तहत एक ही मंच पर उन्हें खेल रही टीम के लिए वास्तविक समय के रन अपडेट, मैच परिणाम और अंतिम सारांश की जानकारी मिलेगी। व्यापारियों के पास अंग्रेजी या हिंदी में स्कोर अपडेट प्राप्त करने का विकल्प है। इसके अतिरिक्त, भारतपे स्पीकर्स को प्रत्येक महत्वपूर्ण विकेट के लिए तत्काल सूचनाएं प्राप्त होंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि व्यापारियों को मैच के घटनाक्रम के साथ अपडेट किया जाएगा। जैसे ही नवीनतम मैच के परिणाम घोषित होंगे, स्पीकर पर तुरंत इसकी जानकारी दी जायेगी और व्यापारियों को प्रत्येक रोमांचक मुकाबले का अंतिम फैसला सुनाया जाएगा।भारतीय व्यापारियों के लिए वित्तीय समावेशन को वास्तविकता बनाने के लिए 2018 में भारतपे की स्थापना की गई थी। कंपनी ने 2018 में भारत का पहला यूपीआई इंटरऑपरेबल के यूआर कोड, पहली शून्य एमडीआर भुगतान स्वीकृति सेवा लॉन्च की। कोविड के बाद 2020 में भारतपे ने एक कार्ड स्वीकृति टर्मिनल भारतस्वाइप भी लॉन्च किया। वर्तमान में 400 से ज्यादा शहरों में एक करोड़ व्यापारियों को सेवा प्रदान करते हुए कंपनी यूपीआई ऑफ़लाइन लेनदेन में अग्रणी है। वह हर महीने 30 करोड़ से अधिक यूपीआई लेनदेन संसाधित करती है।

# डाबर को मिला 320.6 करोड़ रुपये का जीएसटी डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली-**

एफएमसीजी प्रमुख डाबर को जीएसटी अधिकारियों से 320.60 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस मिला है। कंपनी ने मंगलवार को एक नियामक फाइलिंग में ये बात कही। जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) की गुरुग्राम जोनल यूनिट द्वारा 16 अक्टूबर को जारी डिमांड नोटिस में कहा गया है कि अगर कंपनी टैक्स का भुगतान करने में विफल रहती है तो कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। डाबर ने आगे कहा, कंपनी संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपना जवाब/प्रस्तुति दाखिल कर इसे चुनौती देगी। कंपनी ने कहा कि टैक्स डिमांड नोटिस का कंपनी की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

इसमें कहा गया है, प्रभाव अंतिम कर देनदारी की सीमा तक सीमित होगा, जैसा कि ब्याज और जुर्माना, यदि कोई हो, के साथ सुनिश्चित किया जा सकता है।




शेयर बाजार बंद होने से ठीक पहले डाबर ने जीएसटी डिमांड नोटिस के बारे में नियामक फाइलिंग दायर की। दिन के अंत में बीएसई पर कंपनी का शेयर 540.60 रुपये पर बंद हुआ।

# वेदांता ने जापानी कंपनियों को भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्रांति में भागीदार बनने को किया आमंत्रित

**टोक्यो/मुंबई।**

जापान और भारत के बीच सहयोग और निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुजरात सरकार ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट से पहले जापान के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स उद्यमियों को लक्षित करने वाले रोड शो के लिए वेदांता को आमंत्रित किया है। वैश्विक प्राकृतिक संसाधन और प्रौद्योगिकी समूह वेदांता ने भारत, विशेषकर गुजरात में निवेश के जबरदस्त अवसरों पर प्रकाश डाला और जापानी कंपनियों से भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्रांति में भागीदार बनने का आग्रह किया। वेदांता के सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले व्यवसाय के वैश्विक प्रबंध निदेशक आकाश के. हेब्बार ने दो दिवसीय रोड शो में टोक्यो और ओसाका में भारतीय दूतावास में जापानी उद्योग के नेताओं की एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने भारत में, विशेष रूप से गुजरात में निवेशक-अनुकूल माहौल को रेखांकित किया, और जापानी कंपनियों को भारत के समृद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग में शामिल होने के लिए असाधारण अवसर प्रदान करने की देश की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने गुजरात सरकार को उनकी नीतिगत स्थिरता, सुशासन, उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाओं और राज्य की सक्रिय और कुशल टीम द्वारा हर कदम पर व्यापार करने में आसानी के लिए मदद के लिए बधाई दी। देश में बड़े अवसरों के बारे में बात करते हुए, आकर्ष हेब्बार ने कहा, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स की मांग भारत सरकार की मेक इन इंडिया,




डिजिटल इंडिया और 100 स्मार्ट सिटी मिशन जैसी पहलों से बढ़ी है, इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण, डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति है। इसके अतिरिक्त, इंटरनेट की बढ़ती पहुंच और ई-कॉमर्स के बढ़ते चलन ने इलेक्ट्रॉनिक्स की मांग को और बढ़ा दिया है। 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार अवसर प्रस्तुत करता है।

# जियो फाइनेंशियल का दूसरी तिमाही में मुनाफा बढ़कर 668.18 करोड़ हुआ



**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में वित्तीय सेवा कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का मुनाफा इससे पिछली जून तिमाही की तुलना में दोगुना होकर 668.18 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछली तिमाही में उसे 331.92 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। रिलायंस से अलग होकर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद कंपनी का यह पहला वित्तीय परिणाम है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की आय सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 608.04 करोड़ रुपये रही जो जून तिमाही में 414.13 करोड़ रुपये थी। इसमें 216.85 करोड़ रुपये की लाभांश आय से मदद मिली। कंपनी ने पहले कहा था कि उसका पूर्ण रूप से वित्तीय सेवा कंपनी बनने का लक्ष्य है। इसने पहले ही एक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी शुरू करने की योजना की घोषणा कर दी है। कंपनी की बीमा क्षेत्र में भी दस्तक देने की योजना है।



# ग्रासिम राइट इश्यू से जुटाएगी 4,000 करोड़

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह राइट इश्यू के माध्यम से 4,000 करोड़ रुपये जुटाने पर विचार कर रही है। ग्रासिम का कहना है कि वह कंपनी का और विकास करना चाहती है इसे लिए यह पूंजी जुटा रही है। कपड़ा उत्पादन एवं अन्य कारोबार से जुड़ी ग्रासिम इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल की हाल ही में बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में राइट इश्यू के जे रिए दो रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर जारी कर 4,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने को मंजूरी प्रदान की गई। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह कंपनी को नई ऊंचाई पर ले जाने वाली वृद्धि यात्रा है। ग्रासिम अब तक की सर्वाधिक पूंजी व्यय की योजना को अमल में ला रही है।

# बासमती चावल का निर्यात मूल्य बढ़ाना किसान विरोधी फैसला: चौटाला

चंडीगढ़ । विधायक अभय सिंह चौटाला ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बासमती चावल का न्यूनतम निर्यात मूल्य 1200 डालर प्रति टन करने का फैसला किसान विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से बासमती चावल के खरीददार देश महंगा चावल नहीं खरीदेंगे जिससे निर्यात प्रभावित होगा। वहीं भारत के अलावा दूसरे देश जो चावल निर्यात कर रहे हैं वो सस्ते दामों में कर रहे हैं जिस कारण से हमारे प्रदेश और देश के किसानों का चावल कोई नहीं खरीदेगा। ऐसे में बासमती चावल का उत्पादन करने वाले किसान प्रभावित होंगे और अगर कोई उनके चावल को नहीं खरीदेगा तो किसानों को वही चावल सस्ते दामों में बेचने पर मजबूर होना पड़ेगा। जो अन्नदाता पहले से ही कर्जे में डूबा हुआ है वो आर्थिक रूप से और ज्यादा कमजोर हो जाएगा। उन्होंने केंद्र की सरकार से मांग करते हुए कहा कि बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य को कम किया जाए ताकि हमारे अन्नदाता का चावल निर्यात किया जा सके और किसानों को अच्छे दाम मिल सकें। इनेलो नेता ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार पहले ही किसानों को मारने पर तुली है। सरकार ने आज तक बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में किसानों को मुआवजा नहीं दिया है। नरमे और कपास की खेती करने वाले किसानों की फसलों को गुलाबी सुंडी ने बर्बाद कर दिया लेकिन भाजपा सरकार ने अब तक कोई गिरदावरी नहीं करवाई है जिसके कारण किसानों को मुआवजा नहीं मिला है।



# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

## सेंसेक्स 261, निफ्टी 79 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच ही एचडीएफसी बैंक, बजाज ट्विन्स, टाटा स्टील, विप्रो, टेक एम, एसबीआई, एक्सिस बैंक और टाइटन के शेयरों में तेजी से बाजार ऊपर आया है। इस दौरान बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.3 फीसदी जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.6 फीसदी ऊपर आया। इसके साथ ही बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर अंकुश लग गया।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 261.16 अंक करीब 0.39 फीसदी बढ़कर 66,428.09 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स 66,559.82 तक ऊपर जाने के बाद 66,309.18 तक गिरा।

दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 79.75 अंक तकरीबन 0.4 फीसदी बढ़कर अंत में 19,811.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 19,849.75 अंक तक की ऊंचाई तक जाने के बाद 19,775.65 अंक तक गिरा। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में से 22 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। पावर ग्रिड, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा, आईटीसी और एनटीपीसी सेंसेक्स के शीर्ष पांच लाभ वाले शेयर रहे। वहीं सबसे ज्यादा लाभ पावर ग्रिड के शेयरों को 1.97 फीसदी हुआ।




वहीं सेंसेक्स के शेयरों में 8 शेयरों में गिरावट रही। टाटा मोटर्स के शेयर सबसे अधिक 1.55 फीसदी गिरे इसके अलावा एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, टीसी और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरों में भी गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह बाजार की सकारात्मक शुरुआत रही। बीएसई सूचकांक शुरुआती कारोबार में 392.89 अंक उछलकर 66,559.82 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी 118 अंक चढ़कर 19,849.75 पर कारोबार कर रहा था। वहीं सोमवार को गत कारोबारी सत्र में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई और बीएसई का सेंसेक्स 116 अंक की गिरावट लेकर बंद हुआ।

# ओरिएंटल होटल्स का मुनाफा 10.38 करोड़ रहा




**चेन्नई ।** चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड की सहयोगी कंपनी ओरिएंटल होटल्स लिमिटेड का मुनाफा 10.38 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध मुनाफा 10.92 करोड़ रुपये रहा था। ओरिएंटल होटल्स लिमिटेड (ओएचएल) का पहली छमाही अप्रैल-सितंबर में मुनाफा मामूली रूप से बढ़कर 22.58 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 22.01 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आय बढ़कर 95.42 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 91.06 करोड़ रुपये थी। वहीं पहली छमाही अप्रैल-सितंबर में कंपनी की आय 192.21 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 181.63 करोड़ रुपये थी। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि ओएचएल के औसत कक्ष दरों (एआरआर) में वृद्धि के कारण दूसरी तिमाही में राजस्व में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज को नवी मुंबई में दो भूखंडों का आवंटन रद्द

**मुंबई ।** सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ महाराष्ट्र ने गोदरेज प्रॉपर्टीज को नवी मुंबई में दो भूखंडों का आवंटन रद्द कर दिया है। गोदरेज ने मार्च 2021 में सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) द्वारा आयोजित ई-नीलामी के माध्यम से मुंबई में 166 करोड़ रुपये में लगभग 1.5 एकड़ भूखंड क्रय` किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि 11 अक्टूबर 2023 के एक पत्र के जरिए नवी मुंबई के सानपाड़ा दो भूखंडों के आवंटन को रद्द करने का आदेश जारी किया गया है। गोदरेज प्रॉपर्टीज का मानना है कि यह कदम अपुष्ट आधार पर उठाया गया। यह तीन मई 2023 को बंबई उच्च न्यायालय ने गोदरेज प्रॉपर्टीज बनाम महाराष्ट्र राज्य शीर्षक वाली 2021 की रिट याचिका संख्या 2,475 में पारित आदेश का उल्लंघन है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि इससे कंपनी की वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई भौतिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, कंपनी ने बंबई उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर करके आवंटन रद्द करने के फैसले को चुनौती दी है।

# एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रियों को परोसा जाएगा बंगाली क्यूज़ीन

**मुंबई।**

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया में सफर करने वाले यात्रियों को आने वाले कुछ दिनों में फ्लाइट में कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। भारत में मनाए जाने वाली दुर्गा पूजा को देखते हुए एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रियों को बंगाली क्यूज़ीन का स्वाद चखने को` मिलेगा। एयर इंडिया की फ्लाइट्स में यह सुविधा बंगाल जाने वाली फ्लाइट्स के यात्रियों को दी जाएगी। इस संबंध में एयर इंडिया ने घोषणा की है कि पश्चिम बंगाल की ओर जाने वाली सभी फ्लाइट्स में यात्रियों को बंगाली क्यूज़ीन परोसा जाएगा। इस संबंध में एयर इंडिया ने घोषणा की है कि 21 से 23 अक्टूबर तक एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रियों को बंगाली व्यंजन परोसे जाएंगे। एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा करने वाले यात्रियों को परोसने के लिए मेन्यू तैयार हो गया है। दुर्गा पूजा और दशहरे के दौरान यात्रियों की फ्लाइट अनुभव को यादगार बनाने के लिए एयरलाइंस की तरफ से यह फैसले लिए गए हैं।इसी दिशा में कदम उठाते थे भारतीय रेलवे की आईआरसीटीसी में भी खास तैयारी की है। आईआरसीटीसी ने





ऐलान किया था कि नवरात्रों के दौरान यात्रियों को सात्विक भोजन परोसा जाएगा। सात्विक भोजन की सुविधा देश के 96 स्टेशनों पर उपलब्ध है। आईआरसीटीसी ने अपने मेन्यू में साबूदाना खिचड़ी, कुट्टू की पूरी, सूखे मखाने, मूंगफली जैसे कई सात्विक और व्रत में खाए जाने वाले डिशेज को शामिल किया है।



# रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया दो पैसे की तेजी के साथ ही 83.25 पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में आज रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.22 पर खुला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी कोष की निरंतर निकासी के कारण रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। वैश्विक बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.24 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 83.22 पर पहुंच गया, यह पिछले बंद स्तर से पांच पैसे ज्यादा है। इससे पहले सोमवार को रुपया 83.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 106.30 पर रहा।



**देशभर के स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों में क्या बदलाव किया जाए, इसके निर्धारण का अधिकार अब विद्यार्थियों को भी होगा. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी कोर्सेज कमेटियों में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शामिल करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है.**

# छात्र भी तय करेंगे क्या हो उनका कोर्स

देशभर के स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों में क्या बदलाव किया जाए, इसके निर्धारण का अधिकार अब विद्यार्थियों को भी होगा. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपनी कोर्सेज कमेटियों में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शामिल करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है. 12वीं की परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों में से कुछ चुनिंदा छात्रों को कोर्स कमेटियों में शामिल किया जाएगा. बता दें कि बोर्ड की अलग-अलग कोर्सेज की कमेटियां हैं, जिनमें वोकेशनल कोर्स कमेटियां शामिल हैं. इन कोर्स कमेटियों में परीक्षा परिणाम व बोर्ड से संबद्ध स्कूलों की सिफारिश के बाद विद्यार्थी कोर्स कमेटी का हिस्सा बन सकेंगे. बोर्ड की प्रत्येक कोर्स कमेटी में एक विद्यार्थी का चयन होगा, जिसमें विद्यार्थी कोर्स में बदलाव को लेकर अपने सुझाव दे सकेंगे.


बोर्ड के चेयरमैन विनीत जोशी का कहना है कि हम पाठ्यक्रम अधिक समावेशी और अनुप्रयोग आधारित बनाना चाहते हैं, इसीलिए कमेटी द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम में छात्रों का हस्तक्षेप महत्वपूर्ण होगा, हम उनकी राय को भी सुनेंगे. विद्यार्थियों की राय कोर्स को बेहतर बनाने में हमारी मदद करेगी. बता दें कि सीबीएसई के पास व्यावसायिक विषयों सहित इसके सभी पाठ्यक्रमों के लिए कोर्स कमेटियां हैं. प्रत्येक तीन साल के बाद हर कमेटी का पुनर्गठन किया जाता है. यह कमेटी विषयों से संबंधित विचारों पर वाद-विवाद और चर्चा करती है और विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इनकी समीक्षा करती है.

इतिहास में पहली बार, सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों से विद्यार्थियों को बैठकों में हिस्सा लेने और अपने विचार व्यक्त करने का मौका मिलेगा. वे विद्यार्थी जो मार्च 2014 में कक्षा 12 की परीक्षा पास कर चुके हैं, उन्हें उनके प्रदर्शन तथा स्कूलों के साथ परामर्श के आधार पर सीबीएसई द्वारा नामांकित किया जा रहा है. बोर्ड को विास है कि छात्र उम्मीदवार इसके पाठ्यक्रमों के विकास में सक्रिय योगदान देंगे.

सीबीएसई का यह भी मानना है कि पाठ्यक्रम के निर्धारण में विद्यार्थियों का सहयोग बहुत लाभकारी साबित होगा, क्योंकि ये छात्र विषय की भावी संभावनाओं के साथ-साथ इसकी सीमाओं को भी बेहतर समझते हैं. कोर्स कमेटी में विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के विशेषज्ञ, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ, निजी एवं सार्वजनिक स्कूल और मौजूदा शिक्षक शामिल हैं.

# क्रिएटिव हैं तो आजमाएं फैशन डिजाइनिंग

**यहां हमेशा नया करने का मौका भी है और इसके माध्यम से खुद को स्थापित करने का अवसर भी. फैशन डिजाइनिंग में रुचि रखने वालों को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) के कोर्स नई राह दिखाते हैं. राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) डिजाइन शिक्षा, व्यावहारिक शोध, प्रशिक्षण, डिजाइन परामर्शी सेवाएं के अलावा कई क्षेत्रों में अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है.**



आये दिन बाजार में फैशन के नये डिजाइन, नए तरीके का कलर कंबिनेशन देखने को मिलता है. इस कारण फैशन डिजाइन का क्रेज दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है. हमेशा कुछ न कुछ नया करने की ख्वाहिश रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह करियर का बेहतर आप्शन है. यहां हमेशा नया करने का मौका भी है और इसके माध्यम से खुद को स्थापित करने का अवसर भी. फैशन डिजाइनिंग में रुचि रखने वालों को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) के कोर्स नई राह दिखाते हैं. राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) डिजाइन शिक्षा, व्यावहारिक शोध, प्रशिक्षण, डिजाइन परामर्शी सेवाएं के अलावा कई क्षेत्रों में अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है.

## पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा

वर्ष 1961 में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन इस स्वायत्त संस्थान की स्थापना की गई. एनआईडी में ग्रेजुएशन डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइन (जीडीपीडी) और पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइन (पीजीडीपीडी) पाठ्यक्रमों के लिए वर्ष 2014-15 के लिए आवेदन मांगे हैं. ग्रेजुएट कोर्स के लिए बारहवीं पास और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के लिए बैचलर की डिग्री जरूरी है. अनुभवी अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाती है. अभ्यर्थी के पास विजुअॅल परसेप्शन एबिलिटी, ड्राइंग स्किल, लॉजिकल रीजनिंग, क्रिएटीविटी औ र कम्युनिकेशन स्किल्स का होना जरूरी है. चयन एनआईडी द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए इच्छुक छात्रों को संस्थान द्वारा आयो जित डिजाइन एप्टीटयूड टेस्ट (डीएटी) की परीक्षा पास करनी होगी. यह परीक्षा दो चरणों में होगी. पहले चरण में लिखित परीक्षा है. इसमें 100 अंक के प्रश्न पत्र होंगे.

## परीक्षा

लिखित परीक्षा में एनिमेशन, एबस्ट्रैक्ट सिम्बोलिज्म, कम्पोजिशन, मेमोरी ड्रॉइंग, थीमेटिक कलर अरेंजमेंट, विजुअल डिजाइन के अलावा विजुअल परसेप्शन एबिलिटी, ड्राइंग स्किल, लॉजिकल रीजनिंग, क्रिएटिव एंड कम्युनिकेशन स्किल, फंडामेंटल डिजाइन के अलावा डिजाइन से संबंधित प्रॉब्लम सॉ ल्विंग कैपेसिटी आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं. इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य उम्मीदवारों की योग्यता, नवीनता और धारणाओं का मूल्यांकन करना है. लिखित परीक्षा के आधार पर परीक्षार्थियों को शॉर्ट लिस्टेड किया जाएगा. इसके आधार पर योग्य अभ्यर्थी को स्टूडियो टेस्ट और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. स्टूडियो टेस्ट के माध्यम से अभ्यर्थी की क्रिएटिविटी और फैशन के प्रति लगाव, डिजाइनिंग के प्रति सोच, नए आइडिया, कल्पनाशक्ति और कुछ अलग हटकर सोचने की क्षमता को परखा जाता है. परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए एनआईडी कैम्पस से संपर्क कर सकते हैं या फिर वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं. तैयारी इसकी तैयारी अन्य परीक्षाओं से काफी अलग है. इसमें विद्यार्थियों को रट्टा लगाने से सफलता नहीं मिल सकती है.

## डिजाइनिंग के प्रति रुझान

इसमें कामयाब होने के लिए मौलिकता की सख्त दरकार होती है. अभ्यर्थियों का डिजाइनिंग के प्रति रुझान, उसके प्रति उनकी समझ, विचारों व समस्या को सुलझाने की क्षमता को परखी जाती है. ऐसे में बेहतर करने के लिए जरूरी है कि आप जो भी बनाएं, उसे इलेस्ट्रेशन एवं शब्दों के माध्यम से समझाने की भी क्षमता रखें. डीएटी और स्टूडियो टेस्ट के जरिये अभ्यर्थी की ऑब्जर्वेशन पावर, डिजाइन करने की काबिलियत और कुछ नया तैयार करने की क्षमताओं को परखा जाता है. ऐसे में आप जो भी डिजाइन और चित्र बनाएं, उसके रंगों के कंबिनेशन पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है. स्टूडियो टेस्ट में अभ्यर्थी को एक सवाल और उससे संबंधित कुछ सामान उपलब्ध कराया जाता है, जिसके जरिये अभ्यर्थी को उस सवाल के आधार पर सामान तैयार करना होता है. टेस्ट के तुरंत बाद एक्सपर्ट पैनल उसे देखता है और मार्किंग करता है.

# जेनेटिक विशेषज्ञ की बढ़ रही है मांग

**जिस तरह क्लोन बनाने को लेकर काम हो रहा है, नई दवाइयां तैयार की जा रही हैं, ऐसे में जेनेटिक से जुड़े विशेषज्ञों की मांग बढ़ती जा रही है इससे संबंधित बीटेक/बीएससी डिग्री अभी देश के किसी भी संस्थान में नहीं शुरू है लेकिन पांच वर्षीय डयूएल डिग्री एमटेक करायी जा रही है. जेनेटिक इंजीनियरिंग से लैस कई उत्पाद आज बाजार में उपलब्ध हैं.**



**पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर के काफी कम संस्थान हैं जहां जेनेटिक की पढ़ाई होती है लेकिन अधिकतर संस्थानों में जेनेटिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई ग्रेजुएशन स्तर पर होती है और बीटेक संचालित किया जाता है. इसके तहत जेनेटिक मेकअप के अलावा विशिष्ट जींस का अध्ययन किया जाता है.**

जेनेटिक इंजीनियरिंग यह विज्ञान की अत्याधुनिक ब्रांच है, जिसमें सजीव प्राणियों के डीएनए कोड में मौजूद जेनेटिक को अत्याधुनिक तकनीक के जरिए परिवर्तित किया जाता है. जेनेटिक तकनीक द्वारा ही रोग प्रतिरोधक फसलें और सूखे में पैदा हो सकने वाली फसलों का उत्पादन किया जाता है. बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र में जेनेटिक इंजीनियरिंग का इस्तेमाल बृहद पैमाने पर होता है. छात्र ने 12वीं लेवल पर फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथमेटिक्स और बायोलॉजी का अध्ययन किया है, उनके लिए जेनेटिक इंजीनियरिंग का क्षेत्र बेहतरीन विकल्प है.

लेकिन इस फील्ड में आगे तभी बढ़ा जा सकता है जब आप विषय को अच्छी तरह समझ सकें. तभी रोजगार भी मिल सकता है. पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर के काफी कम संस्थान हैं जहां जेनेटिक की पढ़ाई होती है लेकिन अधिकतर संस्थानों में जेनेटिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई ग्रेजुएशन स्तर पर होती है और बीटेक संचालित किया जाता है. इसके तहत जेनेटिक मेकअप के अलावा विशिष्ट जींस का अध्ययन किया जाता है. जो छात्र जेनेटिक्स या जेनेटिक इंजीनियरिंग का अध्ययन करना चाहते हैं उन्हें गहरे तौर पर 12वीं स्तर पर फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथमेटिक्स और बायोलॉजी का अध्ययन करना चाहिए. जेनेटिक्स बायोटेक्नोलॉजी के व्यापक क्षेत्र का हिस्सा है. बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री पूरी तरह जेनेटिक्स पर आधारित है क्योंकि इसी के जरिए फार्मास्यूटिकल्स के प्रोडक्ट मसलन, इंसुलिन या दूसरी दवाइयां बनती हैं. मेडिकल फील्ड में जेनेटिक्स का फोकस बीमारियों, बीमारियों के मॉल्यूक्युलर आधार और इससे बचाव पर होता है. औद्योगिक उत्पादन में बायोटेक्नोलॉजी अहम भूमिका निभाता है खासकर बायोकेमिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में. इसके दायरे में बायोलॉजी की तमाम शाखाएं मसलन माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, जेनेटिक्स और मॉलिकुलर बायोलॉजी के अलावा केमिकल और सिस्टम इंजीनियरिंग आते हैं. अधिकतर विविद्यालय जेनेटिक्स में अलग कोर्स संचालित नहीं करते बल्कि बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री जैसे स्ट्रीम के तहत सब्सिडियरी विषय के तौर पर संचालित करते हैं. बीटेक लेवल पर जेनेटिक इंजीनियरिंग के कोर्स काफी कम ही जगह संचालित किए जाते हैं. यही कारण है कि अधिकतर छात्र बायोटेक्नोलॉजी या बॉयोकेमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक कोर्स में एडमिशन लेते हैं. दूसरा ऑप्शन यह है कि जेनेटिक्स, बॉयोलॉजिकल साइंस, लाइफ साइंसेज या बायोटेक्नोलॉजी में बीएससी की डिग्री हासिल करते हैं और तब जेनेटिक्स में पोस्ट ग्रेजुएशन.

## करियर

यदि जेनेटिक से संबंधित डिग्री लेने के बाद आप वैज्ञानिक बनना चाहते हैं तो आपको डॉक्टोरल डिग्री लेनी होगी. रिसर्च और डेवलपमेंट ऑग्रेनाइजेशन, फार्मास्यूटिकल कंपनियों, बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्रीज के अलावा एकेडमिक इंस्टीटयूशन आदि में संभावनाएं हैं.

## संस्थान

किसी भी आईआईटी में जेनेटिक इंजीनियरिंग में बीटेक का कोर्स नहीं हैं. इसके बदले बायोटेक्नोलॉजी और बायोकेमिकल इंजीनियरिंग प्रोग्राम ऑफर करते हैं. आईआईटी, चेन्नई में बायोटेक्नोलॉजी में बीटेक और पांच वर्षीय डयूएल डिग्री एमटेक प्रोग्राम है. आईआईटी खड़गपुर में बायोटेक्नोलॉजी और बायोकेमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और पांच वर्षीय डयूएल एमटेक का कोर्स है.

आईआईटी गुवाहाटी में बायोटेक्नोलॉजी में बीटेक कोर्स है. आईआईटी दिल्ली में बायोके मिकल इंजीनियरिंग और बायोटेक्नोलॉजी में पांच वर्षीय डयूएल डिग्री एमटेक कोर्स संचालित किया जाता है. आईआई टी रुड़की में बॉयोटेक्नोलॉ जी में एमटेक कोर्स है. पुणो वि.विद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी में एमएससी और एमटेक प्रोग्राम संचालित किये जाते हैं. यहां वि.विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर एडमिशन होते हैं.

## अन्य संस्थान

दिल्ली विविद्यालय दक्षिणी परिसर, नई दिल्ली
उस्मानिया वि. विद्यालय, हैदराबाद
पंजाब एग्रीकल्चरल वि. विद्यालय, लुधियाना
चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चरल वि.विद्यालय, हिसार
आंध्रा वि.विद्यालय, विशाखापत्तनम
मद्रास वि.विद्यालय, चेन्नई
बनारस हिंदू वि.विद्यालय, वाराणसी

## समृद्धि हाईवे पर सिर्फ 9 महीने में 1282 हादसे, 135 लोगों की गई जान !

मुंबई। बीते 15 अक्टूबर को हुए भीषण हादसे के बाद मुंबई-नागपुर समृद्धि हाईवे एक बार फिर सुर्खियों में है। इस घटना में 12 लोगों की मौत हुई थी. इस बीच समृद्धि हाईवे को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं. दिसंबर 2022 में समृद्धि हाईवे के खुलने के बाद से अब तक कुल 1282 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं. जिसमें वाहन दुर्घटना की 67 घटनाएं शामिल हैं। इसमें कुल 135 लोगों की मौत हो चुकी है. उनमें से 37 की एक बड़ी दुर्घटना में मृत्यु हो गई। दरअसल महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास बोर्ड (एमएसआरडीसी) ने इस संबंध में जानकारी दी है. बताया गया है कि जुलाई में नशे में धुत एक ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया. इसके बाद एक निजी एसी स्लीपर बस में आग लग गई. 15 अक्टूबर को एक घटना में 12 लोग मारे गए और 23 लोग घायल हो गए। एमएसआरडीसी ने इस संबंध में ताजा आंकड़े सामने लाये हैं. इसके मुताबिक, नौ महीने में करीब 48 लाख वाहनों ने नागपुर से इगतपुरी के भारवीर तक 600 किमी की दूरी तय की है। उधर आरोप लगाया जा रहा है कि आरटीओ अधिकारियों की ढिलाई के कारण यह हादसा हुआ। हालांकि, अधिकारियों ने इससे इनकार करते हुए कहा कि एक्सप्रेसवे में कोई इंजीनियरिंग खामी नहीं है। ऐसा भी कहा जाता है कि इंटरनेशनल रोड सुरक्षा सुविधाओं के साथ बनाए गए राजमार्गों में से यह एक है। यह भी कहा जाता है कि समृद्धि हाईवे पर दुर्घटनाओं की संख्या अन्य राज्य राजमार्गों की तुलना में कम है। इस साल अगस्त 2023 तक 855 दुर्घटनाएं हुईं. इनमें से 51 जानलेवा दुर्घटनाएं सामने आई हैं जिनमें 106 लोगों की मौत हो गई है. 23 अगस्त को बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने समृद्धि एक्सप्रेसवे पर जब तक कि यह ठीक नहीं हो जाता तब तक यातायात को अस्थायी रूप से बंद करने की याचिका पर महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) को नोटिस जारी किया।

**- दुर्घटनाओं के पीछे कारण** - नियंत्रण की कमी, स्किडिंग, फ्लैट टायर, यांत्रिक विफलता, आग, तेज गति और पीछे से टक्कर को इसके कारणों के रूप में रिपोर्ट किया गया है।

## दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश, हवाएं चलने से पारा आया नीचे

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में सोमवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। दिल्ली में हवाओं के कारण आज पारा गिरकर 30.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो मौसम के औसत से तीन डिग्री कम है। नोएडा, इंदिरापुरम, दक्षिणी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली के कुछ हिस्सों में गरज और बिजली कड़कने के साथ बारिश दर्ज की गई। स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन) महेश पलावत ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, 'भारी गरज और बारिश वाले बादल दिल्ली और एनसीआर में छाए हैं। पश्चिम से पूरब तक। तीव्र बारिश और ओलावृष्टि संभव है। ध्यान रखें।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि हल्की बारिश और ठंडी हवाओं के कारण दिल्ली का अधिकतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। उन्होंने एक पोस्ट में कहा, 'पिछले 24 घंटों में पारा 36.5 से 30.5 तक पहुंचा। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट हो सकती है।

## पंजाब में कांग्रेस के पूर्व विधायक कुलबीर सिंह गिरफ्तार

चंडीगढ़ । पूर्व कांग्रेस विधायक कुलबीर सिंह जीरा को पुलिस ने मंगलवार तड़के पंजाब के फिरोजपुर जिले के जीरा शहर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया और 31 अक्टूबर तक जेल भेज दिया। उन पर अपने समर्थकों के साथ एक खंड विकास कार्यक्रम अधिकारी (बीडीपीओ) के कर्तव्य के निर्वहन में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया था। जीरा ने बीडीपीओ कार्यालय पर पंचायतों को ग्रांट जारी करने में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। वह लोगों के हितों की अनदेखी करने पर बीडीपीओ के खिलाफ धरना दे रहे थे। गिरफ्तारी के बाद जीरा को उपमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने उनके आवास पर पेश किया गया और 31 अक्टूबर तक फिरोजपुर जेल भेज दिया गया।



## महाराष्ट्र के सतारा में 3.3 तीव्रता का भूकंप

सतारा। महाराष्ट्र के सतारा जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि इसमें अभी तक किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक सोमवार की रात 11:36 बजे महाराष्ट्र के सतारा में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.3 मापी गई है। इसका केंद्र जमीन के अंदर पांच किलोमीटर गहराई में था। समाचार लिखने तक कहीं से किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

## पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार में संदिग्ध जहरीली शराब त्रासदी में दो लोगों की मौत

पटना। पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार के दरभंगा जिले में संदिग्ध जहरीली शराब त्रासदी में सोमवार को दो ग्रामीणों की मौत हो गई, जबकि कई लोग उपचाराधीन हैं। दरभंगा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार के अनुसार, सभी प्रभावित लोग रुस्तमपुर गांव के निवासी हैं और परिवार के सदस्यों के इस आरोप की जांच की जा रही है कि इन्होंने रविवार को जहरीली शराब का सेवन किया था। उन्होंने कहा, ''आज शाम को संतोष दास और भुखला सहनी की मृत्यु के तुरंत बाद परिवार के सदस्यों ने दोनों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। इसलिए, पोस्टमॉर्टम नहीं किया जा सका। हम मृतकों के परिजन के बयान दर्ज कर रहे हैं।'' वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि घटना के संदर्भ में बीमार एवं मृतकों के परिजनों से पूछताछ की गई है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों द्वारा किसी भी प्रकार की शराब या किसी नशीले पदार्थ का सेवन से अभी तक इनकार किया गया है। इस संदिग्ध जहरीली शराब त्रासदी में बीमार हुए लोगों में लालटुन सहनी और अर्जुन दास शामिल हैं। अप्रैल, 2016 में नीतीश कुमार सरकार द्वारा बिहार में शराब की बिक्री और सेवन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## 'स्वामी प्रसाद मौर्य को गोली मारने वाले को 25 करोड़ दूंगा...', जगतगुरु परमहंस का विवादित बयान

अयोध्या। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की तरह अयोध्या में चर्चा में बने रहने वाले जगतगुरु परमहंस आचार्य ने एक बार फिर बड़ा विवादित बयान दिया है. स्वामी प्रसाद मौर्य के रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और भारत-पाकिस्तान बंटवारे में जिन्ना के बजाय हिंदू महासभा की भूमिका के संबंध में दिए गए बयान को लेकर परमहंस आचार्य ने कहा कि जो कुछ भी कहा गया उसे कतई सही नहीं ठहराया जा सकता.

उन्होंने सोमवार को कहा कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को जो गोली मारेगा मैं उसको 25 करोड़ रुपये का इनाम दूंगा. ये पैसे उसके घर भिजवा दूंगा और उसकी विधि सहायता करूंगा क्योंकि इसने सभी हदें पार कर दी हैं. अब इसको कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इसके बावजूद भी अगर इसको कोई गोली नहीं मारता है तो जरूरत पड़ेगी तो मैं स्वयं इसको गोली मारूंगा.

**जगतगुरु परमहंस आचार्य ने क्या कहा?**

इस बयान के पहले उन्होंने जिन्ना और स्वामी प्रसाद मौर्य के पोस्टर जलाए. जगतगुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि देश का विभाजन करने वाला राक्षस मोहम्मद अली जिन्ना का हमने पुतला जलाया और जिन्ना पुत्र सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का भी पुतला जलाया. क्योंकि स्वामी प्रसाद मौर्य ने जो कहा वो सही नहीं है. मौर्य ने कहा कि देश के विभाजन का जिम्मेदार जिन्ना नहीं बल्कि हिंदू महासभा और वीर सावरकर हैं.

**स्वामी प्रसाद मौर्य की आलोचना की**

उन्होंने कहा कि अयोध्या से मैं तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य आज इनाम की घोषणा करता हूं कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को जो गोली मारेगा मैं उसको 25 करोड़ का इनाम दूंगा. स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान को सहन नहीं किया जाएगा. वे इससे पहले भी ऐसे बयान कई बार दे चुके हैं.

# देश के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है 'इंडिया' गठबंधन : राहुल गांधी

**आइजोल (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' देश के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से भी अधिक है। गांधी ने आरोप लगाया कि मिजोरम की दोनों प्रमुख पार्टियां मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) और विपक्षी ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) का इस्तेमाल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ईसाई बहुल राज्य में पैर जमाने के लिए कर रही है।




उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस मिजोरम में सत्ता में आती है तो बुजुर्गों को दो हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन, 750 रुपये में गैस सिलेंडर और उद्यमियों को समर्थन देगी। मिजोरम में सात नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार के लिए चुनावी राज्य मिजोरम की यात्रा के दौरान राजधानी आइजोल में राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी गठबंधन अपने मूल्यों, संवैधानिक ढांचे और धर्म या संस्कृति से परे लोगों की खुद को अभिव्यक्त करने और सद्भाव से रहने की स्वतंत्रता को संरक्षित कर 'भारत की अवधारणा' की रक्षा करेगा।

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा, 'हमारे देश के लिए उनका दृष्टिकोण हमसे अलग है। आरएसएस का मानना है कि भारत को एक ही विचारधारा और संगठन द्वारा शासित किया जाना चाहिए, जिसका हम विरोध कर रहे हैं। हम विकेंद्रीकरण में विश्वास करते हैं जबकि भाजपा का मानना है कि सभी निर्णय दिल्ली में लिए जाने चाहिए।' उन्होंने दावा कि कांग्रेस मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव जीतेगी।

राहुल ने कहा, 'हम मध्य प्रदेश में भाजपा को समेट देंगे। हमने छत्तीसगढ़ में उनको हराया और दोबारा हराएंगे। पिछले चुनावों में राजस्थान में भाजपा को हराया था और यहां भी जीत दोहराएंगे। हम पूर्वोत्तर में भी ऐसा ही करेंगे। किसी को भी कांग्रेस को कम नहीं आंकना चाहिए।' उन्होंने भाजपा पर देश के संपूर्ण संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश की नींव स्थापित करने में मदद की है और इस पुरानी पार्टी का उस नींव की रक्षा करने का इतिहास रहा है।

उन्होंने कहा, 'पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्य भाजपा और आरएसएस के हमलों का सामना कर रहे हैं, यह आपकी धार्मिक आस्थाओं की बुनियाद के लिए खतरा है। हम चाहते हैं कि मिजोरम के लोग अपने भविष्य को लेकर सही निर्णय लें और वे खुद को, अपनी धार्मिक या सामाजिक प्रथाओं को व्यक्त करने में सहज महसूस करें। हम नहीं मानते कि मिजोरम पर दिल्ली से शासन किया जाना चाहिए। हम राज्य के लोगों को सत्ता सौंपने में विश्वास करते हैं।'

भाजपा पर मिजोरम में पैर जमाने के लिए एमएनएफ और जेडपीएम को इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव मिजोरम की अवधारणा और स्थानीय निवासियों की स्वतंत्रता, परंपरा और धर्म की रक्षा करने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर एमएनएफ सीधे तौर पर भाजपा से जुड़ी हुई वहीं स्पष्ट कि जेडपीएम केंद्र में सत्तारूढ़ दल से मुकाबाल नहीं कर रही है। राहुल ने यह दावा किया, 'मिजोरम में कांग्रेस सरकार बनाएगी। राज्य के लोग सब समझते हैं कि क्या हो रहा हैः चुनाव में असली सवाल यही है कि क्या आरएसएस मिजोरम को शासन करने जा रहा है या नहीं। एमएनएफ या जेडपीएम के जरिये ऐसा किया जा सकता है।'

## टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की जमानत याचिका, आंध्र हाईकोर्ट ने 19 अक्टूबर तक के लिए की स्थगित

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कौशल विकास मामले में तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की जमानत याचिका 19 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। चंद्रबाबू नायडू की कानूनी टीम के कुछ सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण टीम के बाकी सदस्यों ने सुनवाई को कल के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया लेकिन उच्च न्यायालय ने सुनवाई 19 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, आंध्र प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया कि फाइबरनेट घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू को 18 अक्टूबर तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मामले में अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली नायडू की याचिका पर सरकार को नोटिस भी जारी किया और मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर को तय की। शीर्ष अदालत इस सप्ताह की शुरुआत में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार करने के आदेश के खिलाफ नायडू की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने नायडू द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर भी गौर किया, जिसमें कौशल विकास घोटाले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की गई है। उन्होंने एफआईआर रद्द करने की उनकी याचिका खारिज करने के हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।



# भारतीय सेना खरीदेगी आठ लैंडिंग अटैक क्राफ्ट और छह तेज गश्ती नौकाएं

### -पाकिस्तान और चीन सीमा पर उन्नत नौकाओं के साथ तटीय अभियानों में बढ़त हासिल होगी

### -सर क्रीक एरिया व ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सुरक्षित रखने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना चुनौतीपूर्ण समुद्री वातावरण में तेजी से प्रतिक्रिया देने के लिए लैंडिंग क्राफ्ट और तेज गश्ती नौकाओं के साथ सर क्रीक क्षेत्र में रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाएगी। सेना ने आठ लैंडिंग अटैक क्राफ्ट और 'मेक इन इंडिया इन डिफेंस' कार्यक्रम के तहत छह तेज गश्ती नौकाएं हासिल करने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे भारतीय सेना को पाकिस्तान और चीन सीमाओं पर उन्नत नौकाओं के साथ तटीय अभियानों में बढ़त हासिल होगी।

भारतीय सेना ने 06 फास्ट पेट्रोल बोट और 08 लैंड क्राफ्ट की खरीद के लिए एक आरएफआई जारी किया है। सेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि लैंड क्राफ्ट को सर क्रीक क्षेत्र और ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन में वाहन, सामग्री के परिवहन, नाव गश्ती और सीमित खोज और बचाव के लिए तैनात किया जाना है। इसी तरह सर क्रीक क्षेत्र सहित समुद्र और जल निकायों पर निगरानी, गश्त और अवरोधन के लिए तेज़ गश्ती नौकाओं को तैनात किया जाना है।



भारतीय सेना के एक अधिकारी ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में क्रीक क्षेत्रों और नदी घाटियों में खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए सेना समुद्री या नदी तट का उपयोग किए बिना जल निकायों के अंदर और बाहर आने में सक्षम होना चाहती है। इनके खरीदने का मकसद सर क्रीक क्षेत्र, ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन और सुंदरबन डेल्टा क्षेत्रों में अपने अभियानों को रणनीतिक बढ़त दिलाना है। भारत और पाकिस्तान की सीमा पर स्थित सर क्रीक क्षेत्र लंबे समय से भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बिंदु, सीमा पार घुसपैठ और तस्करी गतिविधियों का केंद्र रहा है। पाकिस्तान की समुद्री सीमा अरब सागर से मिलती है, जहां इसके जलमार्गों के जटिल नेटवर्क की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए विशेष समुद्री बल की आवश्यकता होती है, ताकि चुस्त और तीव्र प्रतिक्रिया दी जा सके। सेना की लैंडिंग क्राफ्ट और तेज गश्ती नौकाओं से समुद्री परिवहन को सक्षम करने के साथ ही विभिन्न इलाकों में तेजी से तैनाती करके प्रतिक्रिया दी जा सकेगी। इसके अतिरिक्त ये क्राफ्ट सैनिकों और सामग्रियों की आवाजाही को आसान बनाएंगी, जिससे महत्वपूर्ण परिदृश्यों में समय पर सुदृढ़ीकरण और रसद सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी।

इसके अलावा ये क्राफ्ट गश्त करने और तटीय क्षेत्रों में निगरानी और सुरक्षा बढ़ाने में भी माहिर होंगी। यह रणनीतिक खरीद सर क्रीक एरिया और ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सुरक्षित करने में भारतीय सेना के रुख के अनुरूप है, जिससे घुसपैठ और तस्करी जैसी अवांछित गतिविधियों की संभावना कम होगी। एकीकृत नेविगेशन सूट से लैस सेना की लैंडिंग क्राफ्ट को सभी गतिशील और स्थिर संपर्कों, समुद्र तट सुविधाओं, नेविगेशनल सहायता और बंदरगाह प्रतिष्ठानों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो ऑपरेटरों के लिए व्यापक स्थितिजन्य जागरुकता सुनिश्चित करता है। इसमें लगा रडार स्वचालित पहचान प्रणाली, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और हेडिंग सेंसर सहित विभिन्न सेंसर से डेटा को एकीकृत करता है।

तटीय क्षेत्रों में पोत ट्रैकिंग की सटीक जानकारी देने के लिए एक हेडिंग सेंसर शामिल है, जिससे जहाज की पहचान और आसपास के क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलती है। यह इकाई समुद्री संचालन में विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक जनरेटर आपूर्ति और माध्यमिक बैटरी आपूर्ति के बीच एक ऑटो-चेंजओवर तंत्र के साथ एक स्थिर बिजली आपूर्ति बनाए रखती है। इन जहाजों से कम से कम 40 समुद्री मील प्रति घंटे की अधिकतम गति की उम्मीद की जाती है, जिससे चुनौतीपूर्ण समुद्री परिस्थितियों में भी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता सुनिश्चित होगी।

## समलैंगिक विवाह, डेस्टिनेशन वेडिंग पर सिख धर्म के तमाम तख्त हुए सख्त, बठिंडा गुरुद्वारे के ग्रंथी को अयोग्य घोषित कर दिया



**जयपुर (एजेंसी)।** अकाल तख्त ने पिछले महीने बठिंडा गुरुद्वारे में समलैंगिक विवाह कराने के बाद वहां के पुजारियों को धार्मिक सेवाएं करने से अयोग्य घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपना फैसला सुनाए जाने से एक दिन पहले अमृतसर में 'पंज सिंह साहिबान' (पांच सिख पादरी) की एक बैठक के बाद, सिखों की सर्वोच्च लौकिक संस्था, अकाल तख्त के जत्थेदार ने इस फैसले की घोषणा की थी। 18 सितंबर को बठिंडा जिले के गुरुद्वारा कलगीधर साहिब में दो महिलाओं ने शादी कर ली। इसके बाद, अकाल तख्त ने गुरुद्वारे के 'ग्रंथियों' (सिख पुजारियों), प्रबंधन और 'रागियों' (गुरबानी व्याख्याताओं) को निलंबित कर दिया था।

अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सिख सिद्धांतों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए कोई जगह नहीं है और पुजारियों को धार्मिक सेवाएं करने से अयोग्य घोषित कर दिया। गुरुद्वारे के प्रमुख ग्रंथी हरदेव सिंह, पुजारी अजायब सिंह, 'रागी' सिकंदर सिंह और 'तबला वादक' सतनाम सिंह को 'सिख राहत मर्यादा' (आचार संहिता) का उल्लंघन करने के लिए पांच साल के लिए काली सूची में डाल दिया गया है। जत्थेदार ने सोमवार को कहा कि उन्हें किसी भी गुरुद्वारे या धार्मिक आयोजनों में कोई धार्मिक सेवा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों को किसी भी अन्य गुरुद्वारे में कोई भी पद संभालने से रोक दिया गया है। अकाल तख्त ने 2005 में समलैंगिक विवाह के खिलाफ 'हुकमनामा' (धार्मिक आदेश) जारी किया था जब ज्ञानी जोगिंदर सिंह वेदांती जत्थेदार थे। उन्होंने तब सिख समुदाय से आग्रह किया था कि वे किसी भी गुरुद्वारे में ऐसी शादियों की अनुमति न दें।

## त्योहारों के मौसम में महंगाई से लोग परेशान, प्रधानमंत्री को चिंता नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस ने थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित थोक महंगाई सितम्बर में नकारात्मक बने रहने की ओर ध्यान दिलाते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि त्योहारों के मौसम में महंगाई ने ग़रीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों का जीना मुहाल कर दिया है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसकी कोई चिंता नहीं है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित थोक महंगाई भारत में सितम्बर के दौरान लगातार छठे महीने नकारात्मक बनी रही। सितम्बर में यह शून्य से 0.26 प्रतिशत नीचे रही। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'महंगाई ने ग़रीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का जीना मुहाल कर दिया है। लेकिन प्रधानमंत्री को इसकी कोई चिंता नहीं है।



दाल-दूध जैसी दैनिक आवश्यकता की चीज़ों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिसके कारण यह त्योहारी सीज़न भी फीका साबित हो रहा है।' उन्होंने सवाल किया कि ऐसा क्यों है कि आंकड़ों में थोक महंगाई दर घटती दिख रही है लेकिन ज़रूरी वस्तुओं की क़ीमतें लगातार बढ़ रही हैं? रमेश ने कहा, 'अब समय आ गया है कि मोदी जी आंकड़ों के माध्यम से लोगों की आंखों में धूल झोंकना बंद करें और रिटायरमेंट ले लें। तभी देश को मोदी-मेड महंगाई से राहत मिलेगी।'

## दिल्ली हाई कोर्ट से मिली राहत पर बोले राघव चड्ढा, यह मकान या दुकान नहीं, संविधान को बचाने की लड़ाई है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा मंगलवार को ट्रायल कोर्ट के पूर्व आदेश को रद्द करने के बाद आप सांसद राघव चड्ढा को अपना सरकारी बंगला खाली नहीं करना पड़ेगा। उच्च न्यायालय ने राज्यसभा सचिवालय को उन्हें आवंटित सरकारी बंगले से बेदखल करने से रोकने वाले निचली अदालत के अंतरिम आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका आज स्वीकार कर ली। इसकी को लेकर राघव चड्ढा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ये मकान या दुकान की नहीं, संविधान को बचाने की लड़ाई है।

अपने एक्स पोस्ट में राघव चड्ढा ने कहा कि ये मकान या दुकान की नहीं, संविधान को बचाने की लड़ाई है। अंततः सत्य और न्याय की जीत हुई। मुझे मेरे आधिकारिक आवास से बेदखल करने के अन्यायपूर्ण आदेश को रद्द करने के माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले पर मेरा बयान। उन्होंने कहा कि इस आवंटन को रद्द करना राजनीतिक प्रतिशोध का स्पष्ट मामला था, जिसका उद्देश्य एक युवा, मुखर सांसद को चुप कराना था। मेरे




आधिकारिक आवास को रद्द करने का निर्णय मनमाना, अनुचित और अन्यायपूर्ण था, जो राजनीतिक प्रतिशोध में एक नए निचले स्तर का प्रतिनिधित्व करता है। आप नेता ने कहा कि विपक्षी आवाजें, जो लाखों भारतीयों की चिंताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में, चड्ढा ने कहा कि उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र की आलोचना करते हुए संसद में दो भाषण दिए हैं, और उनके पहले भाषण के बाद, उनका आधिकारिक आवास रद्द कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि मेरे दूसरे भाषण के बाद, एक सांसद के रूप में मेरी सदस्यता निलंबित कर दी गई। कोई भी सांसद तब तक काम नहीं कर सकता जब तक उसे यह चिंता न सताए कि उसके स्पष्ट और ईमानदार भाषण की उसे आगे क्या कीमत चुकानी पड़ेगी।

## चन्द्रमा पर 2040 तक मानव भेजने की तैयारी करने के अंतरिक्ष विभाग को मोदी ने दिये निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की, जिसमें आने वाले समय में अंतरिक्ष में खोज के भारत के प्रयासों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन (केन्द्र) स्थापित करेगा और 2040 तक चंद्रमा पर मानव को पहुंचाएगा। भारत इस समय मंगल और शुक्र ग्रहों के अध्ययन के अभियान में भी लगा हुआ है।

आज की समीक्षा बैठक में अंतरिक्ष विभाग ने प्रधानमंत्री के समक्ष गगनयान मिशन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। विभाग ने इस दिशा में अब तक विभिन्न नई प्रौद्योगिकियों के विकास में हुयी प्रगति की जानकारी दी। मनुष्य को अंतरिक्ष में ले जाने वाले में प्रयोग किए जा सकने वाले प्रक्षेपण वाहनों की प्रौद्योगिकी और उपयुक्त प्रणालियों के विकास में प्रगति शामिल है। बैठक में बताया गया कि अंतरिक्ष में मानव भेजने के तैयारियों के सिलसिले में बड़े परीक्षण किए जाएंगे, जिनमें तीन परीक्षण मनुष्यों की अंतरिक्ष यात्रा के लिए उपयुक्त प्रक्षेपणयान (एचएलवीएम3) के प्रक्षेपण की योजना है। एचएलवीएम3 के तीन अभियान मानवरहित होंगे।

विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतरिक्ष अभियान के क्षेत्र में भारत की अब तक की सफलताओं की नींव पर अब देश को नये महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए, उन्होंने इसी सन्दर्भ में 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चाँद पर भारत का पहला मानव मिशन भेजने का लक्ष्य रखा।

उल्लेखनीय है कि भारत ने चंद्रयान तीन मिशन और आदित्य एल वन मिशन के साथ अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में लम्बी छलांग लगाई है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के इस सपने को पूरा करने के लिए अंतरिक्ष विभाग चन्द्रमा पर खोज कार्यों के लिए वृहद् योजना तैयार करेगा, इसके तहत कई चंद्रयान मिशन शुरू किये जाएंगे, एक नई पीढ़ी का प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) विकसित किया जाएगा, एक नया प्रक्षेपण मंच का निर्माण किया जाएगा और मानव केंद्रित प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी तथा उनसे जुड़ी प्रौद्योगिकी का विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों को शुक्र की परिक्रमा करने वाले



उपग्रह और मंगल पर उतरने वाले यंत्र 'मार्स लैंडर' की तैयारी करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं पर विश्वास जताया और कहा कि भारत इस दिशा में नई ऊचाइंयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ऑस्ट्रेलिया ने यौन शोषण कंटेंट मामले में एक्स पर लगाया 380,000 डॉलर से ज्यादा का जुर्माना

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के ईसेफ्टी कमिश्नर ने बाल यौन शोषण कंटेंट का पता लगाने, हटाने और रोकने के तरीके के बारे में जानकारी न देने पर एक्स कंपनी पर 610,500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (380,000 डॉलर से ज्यादा) का जुर्माना लगाया है। वहीं गूगल को चेतावनी जारी की गई है। ईसेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने कहा कि ऑनलाइन बाल यौन शोषण का प्रसार ऑस्ट्रेलिया और विश्व स्तर पर एक बढ़ती समस्या है, और प्रौद्योगिकी कंपनियों की बच्चों को उनकी सेवाओं पर संग्रहीत, साझा और पेश जा रहे यौन शोषण और दुर्व्यवहार से बचाने की नैतिक जिम्मेदारी है। ग्रांट ने कहा, ट्विटर/एक्स ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि बाल यौन शोषण से निपटना कंपनी की प्राथमिकताओं में पहले नंबर पर है, लेकिन यह सिर्फ खोखली बात नहीं हो सकती, हमें ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक्स के पास ईसेफ्टी कार्यालय के जुर्माने का जवाब देने या भुगतान करने के लिए 28 दिन का समय है। उन्होंने कहा, एप्पल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट, स्काइप, स्नैप, व्हाट्सएप और ओमेगल की विशेषता वाली हमारी पहली रिपोर्ट में ये कंपनियां इस मुद्दे से निपटने के तरीके में गंभीर कमियों को उजागर करती हैं। ग्रांट ने कहा, नई रिपोर्ट में इसी तरह की कमियों का भी पता चलता है कि ये पांच टेक कंपनियां समस्या से कैसे निपट रही हैं, ये यौन उत्पीड़न में वृद्धि से कैसे निपट रहे हैं और हमें उन सभी को बेहतर करने की जरूरत है। ईसेफ्टी ने पाया कि दो प्रदाताओं एक्स और गूगल ने दिए गए नोटिस का अनुपालन नहीं किया, दोनों कंपनियां अपने संबंधित नोटिस में कई सवालों के पर्याप्त जवाब देने में विफल रहीं। गूगल को एक औपचारिक चेतावनी जारी की गई है, जिसमें कंपनी द्वारा विशिष्ट प्रश्नों के लिए कई सामान्य प्रतिक्रियाएं प्रदान करने और विशिष्ट सेवाओं के बारे में सवाल पूछे जाने पर समग्र जानकारी प्रदान करने के कारण अनुपालन में विफलता के बारे में सूचित किया गया है। ट्विटर/एक्स का गैर-अनुपालन अधिक गंभीर पाया गया। कंपनी कुछ सवालों के जवाब देने में विफल रही, जिससे कुछ अनुभाग पूरी तरह से खाली रह गए।

## पाकिस्तान में सैन्य अभियानों में दो सैनिक, दो आतंकवादी मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो सैन्य अभियानों में दो सैनिक और दो आतंकवादी मारे गये हैं। सेना ने यह जानकारी दी है। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार रात एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों के जवानों की प्रांत में दो अलग-अलग स्थानों पर आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गयी। आईएसपीआर ने कहा कि पहली मुठभेड़ दक्षिण वजीरिस्तान जिले के अस्मान मुंजा इलाके में हुई, जिसमें एक आतंकवादी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस दौरान हुई गोलीबारी में एक सैनिक भी मारा गया। उन्होंने बताया कि एक अन्य अभियान में प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीरान शाह इलाके में आतंकवादियों के साथ हुई गोलीबारी के दौरान एक सैनिक और एक आतंकवादी की मौत हो गई। बयान में कहा गया है पाकिस्तान में सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## गाजा में ग्यारह फिलिस्तीनी पत्रकारों की हत्या

गाजा। गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में कम से कम 11 फिलिस्तीनी पत्रकार मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए है। फिलिस्तीनी पत्रकार सिंडिकेट ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक प्रेस बयान में सिंडिकेट ने कहा कि गाजा पर 10 दिनों से जारी इजरायली हवाई हमलों में 50 स्थानीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संगठनों को निशाना बनाया गया। इसके अलावा, दो पत्रकार लापता हो गए हैं। ये दोनों पत्रकार गाजा में सत्तारूढ़ फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) और इज़रायल के बीच तनाव को कवर कर रहे थे। बयान में यह भी कहा गया कि गाजा में लगातार बिजली कटौती और इंटरनेट समस्या से कवरेज जारी रखने की क्षमता सीमित हो गई है। सिंडिकेट ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पत्रकारों की सुरक्षा के लिए हस्तक्षेप करने का आह्वान करते हुए कहा, 'सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पत्रकारों को इज़रायल से सीधे धमकियों का सामना करना पड़ा।'

## मध्य पूर्व में हिंसा ख़त्म करने, स्थिति स्थिर करने के लिए साझेदारों के साथ समन्वय करने को तैयार : रूस

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को कहा कि रूस फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष में हिंसा को समाप्त करने और स्थिति को स्थिर करने के लिए सभी रचनात्मक विचारधारा वाले भागीदारों के साथ समन्वय करने के लिए तैयार है। रूसी नेता ने सोमवार को सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी के साथ अलग-अलग टेलीफोन पर बातचीत के दौरान यह बयान दिया, जिसमें नेताओं ने इजराइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष में हालिया वृद्धि पर चर्चा की। पुतिन ने नागरिकों के खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा की अस्वीकार्यता पर जोर दिया और कहा कि मॉस्को सभी आवश्यक मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्तावित रूस के मसौदा प्रस्ताव में तत्काल मानवीय संघर्ष विराम के कार्यान्वयन का आह्वान किया गया है, उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव का किसी भी तरह से राजनीतिकरण नहीं किया गया है।

## एस्टेरॉयड की छह साल की यात्रा पर भेजा अंतरिक्ष यान

केप केनावेरल। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अंतरिक्ष यान को दुर्लभ धातु के आवरण वाले एक एस्टेरॉयड की छह साल की यात्रा पर भेजा गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह किसी प्रारंभिक ग्रह के 'कोर' के टूटे हुए अवशेष हो सकते हैं, और पृथ्वी और अन्य चट्टानी ग्रहों के दुर्गम केंद्रों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर सकते हैं। 'स्पेसएक्स' ने नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से अंतरिक्ष यान को रवाना किया। इसका नाम उस एस्टेरॉयड के नाम पर रखा गया है जिसका यह पीछा कर रहा है, 'साइके' के 2029 में विशाल, आलू की आकृति जैसी इस वस्तु तक पहुंचने की उम्मीद की जा रही। दशकों तक चट्टान,



बर्फ और गैस की सुदूर दुनिया की यात्रा करने के बाद, नासा धातु के आवरण वाले इस तरह की वस्तु का अन्वेषण करने के लिए उत्साहित है। अब तक खोजे गए लगभग नौ धातु-समृद्ध एस्टेरॉयड में से, साइके सबसे बड़ा है, जो लाखों अन्य अंतरिक्ष चट्टानों के साथ मंगल और बृहस्पति के बीच मुख्य एस्टेरॉयड बेल्ट के बाहरी हिस्से में सूर्य की परिक्रमा करता है। इसकी खोज 1852 में की गई थी और इसका नाम ग्रीक पौराणिक कथाओं की आत्मा की देवी के नाम पर रखा गया था। एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी की प्रमुख वैज्ञानिक लिंडी एल्किंस-टैंटन ने कहा, 'हमारी पृथ्वी के धातु के कोर में जाना मनुष्य का लंबे समय से सपना रहा है।' उन्होंने कहा, 'वहां दबाव बहुत ज्यादा है। तापमान बहुत अधिक है। प्रौद्योगिकी पहुंचाना असंभव है। लेकिन हमारे सौर मंडल में एक तरीका है जिससे हम धातु कोर को देख सकते हैं और वह है इस एस्टेरॉयड पर जाकर।' खगोलविदों को रडार और अन्य अवलोकनों से पता चला है कि यह एस्टेरॉयड बड़ा है – लगभग 144 मील चौड़ा और 173 मील लंबा। उनका मानना है कि यह लोहे, निकल और अन्य धातुओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा, यह भी संभव है कि एस्टेरॉयड के लोहे और निकल में थोड़ी मात्रा में सोना, चांदी, प्लेटिनम या इरिडियम घुले हों। अंतरिक्ष यान की इस यात्रा के दौरान एक प्रायोगिक संचार प्रणाली भी उसके साथ है, जो गहरे अंतरिक्ष से पृथ्वी तक डेटा के प्रवाह को विस्तारित करने के प्रयास में रेडियो तरंगों के बजाय लेजर का उपयोग करती है। अंतरिक्ष यान को एक साल पहले रवाना किये जाने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ प्रबंधकीय व तकनीकी कारणों से परीक्षण में देरी के कारण इसे रोक दिया गया था। इसलिए, मूल योजना के अनुसार 2026 में क्षुद्रग्रह पर पहुंचने के बजाय, अंतरिक्ष यान 2029 तक वहां पहुंचेगा। बताया जा रहा है कि अधिकांश एस्टेरॉयड चट्टानी या बर्फीले होते हैं, लेकिन यह धातु की दुनिया की पहली खोज बताई जा रही है।

# भारत के खिलाफ जिहाद के लिए तैयार हो जाइए, पाकिस्तान के परमाणु हथियार...

### इजरायल विरोधी रैली में नवाज शरीफ के दामाद ने उगला जहर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ के दामाद और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के नेता कैप्टन सफदर ने पेशावर में फिलिस्तीन समर्थक रैली में खुलेआम भारत और इजरायल को लेकर भड़काऊ बयान दिया। रैली को हमास नेताओं ने संबोधित किया था और इसका आयोजन एक इस्लामी राजनीतिक दल ने किया था। उन्होंने कश्मीर और फिलिस्तीन को लेकर भारत और इजराइल पर निशाना साधा। सफदर ने कहा कि अगर मुसलमान जिहाद नहीं करते हैं, तो अपमान उनका इंतजार करता है। रैली को संबोधित करते हुए सफदर ने कहा कि मुसलमानों अगर जिहाद के लिए तैयार न रहे तो फिर जिल्लत का सामना है। जिहाद के लिए तैयार रहो। गजवा ए हिंद के लिए तैयार रहो।



रैली का आयोजन जमीयत ए उलेमा इस्लाम ने इजरायल के गाजा पट्टी पर एयरस्ट्राइक के विरोध में किया गया। जिसे दो हमास नेताओं द्वारा भी संबोधित किया गया। सफदर ने शनिवार को पेशावर में फिलिस्तीन समर्थक रैली में बोलते हुए गाजा में युद्ध का जिक्र किया और कहा कि फिलिस्तीन में महिलाओं पर हमला किया जा रहा है। फिर उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान का परमाणु बम केवल इस देश के लिए नहीं बल्कि सभी मुसलमानों के लिए है। सफ़दर ने भीड़ से आगे कहा कि जिहाद के लिए तैयार हो जाओ। आज, फ़िलिस्तीन के लोग आपकी ओर देख रहे हैं...गाज़ा के मुसलमानों को बताएं कि हम आपके साथ हैं। गाज़ा के मुसलमान, हम आपके साथ हैं। हम उत्पीड़ित फ़िलिस्तीनियों के साथ हैं।

इज़राइल गाजा के साथ युद्ध में है, जिस पर फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास का नियंत्रण है। युद्ध तब शुरू हुआ जब हमास ने इज़राइल पर सबसे घातक हमला किया, जिसमें 1,300 से अधिक इज़राइली मारे गए। हमले के जवाब में इजराइल गाजा में हवाई हमले कर रहा है। कुछ देशों में मुसलमानों ने हमास का समर्थन किया है और इज़राइल से दशकों पुराने फ़िलिस्तीनी मुद्दे को सुलझाने के लिए कहा है।

## महात्मा गांधी ने ना केवल राजनीतिक प्रेरणा दी, बल्कि कूटनीतिक के भी प्रोत्साहक रहे : एस जयशंकर

हनोई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि आज हिंसा और संघर्ष से घिरी दुनिया में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता बहुत ही महान है क्योंकि उन्होंने ना केवल राजनीतिक प्रेरणा दी, बल्कि वे कूटनीति के भी प्रोत्साहक रहे। वियतनाम के 'हो ची मिन्ह' शहर में महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण समारोह में जयशंकर ने सत्य, अहिंसा, स्वतंत्रता और लोगों की आजादी में योगदान को लेकर भारत के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'महात्मा गांधी निस्संदेह हमारे समकालीन विश्व की सबसे प्रतिष्ठित शख्सियतों में से एक हैं। सत्य, अहिंसा, स्वतंत्रता और लोगों की आजादी में उनके योगदान को संयुक्त राष्ट्र ने उनके जन्मदिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित करके मान्यता दी है।' चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रविवार को वियतनाम पहुंचे जयशंकर ने कहा कि गांधी ने न केवल भारत को एकजुट किया बल्कि अन्य देशों, महाद्वीपों और लोगों को भी इसी तरह की चाहत के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'महात्मा गांधी का योगदान इससे भी कहीं आगे तक है। आज उनके विचार मानवीय गरिमा, सामाजिक मूल्यों, आध्यात्मिकता, पर्यावरण, स्थिरता, स्वच्छता और कई अन्य क्षेत्रों के लिए एक बहुत शक्तिशाली प्रेरणा हैं।'



# मुसलमानों को कोई नहीं रोक सकता अगर... इजरायल को ईरान के खामेनेई की चेतावनी

**रियाद (एजेंसी)।** ईरानी राज्य टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने मंगलवार को कहा कि अगर गाजा में इजरायल के अपराध जारी रहे तो दुनिया भर के मुसलमानों और प्रतिरोध बलों को कोई नहीं रोक पाएगा। खामेनेई ने कहा कि अगर फिलिस्तीनियों के खिलाफ ज़ायोनी शासन के अपराध जारी रहे तो कोई भी मुसलमानों और प्रतिरोध बलों का सामना नहीं कर सकता। गाजा पर बमबारी तुरंत बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ज़ायोनी शासन के अधिकारियों पर गाजा में फिलिस्तीनियों के खिलाफ उनके अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।



ईरान मध्य पूर्व के आसपास अपने गठबंधन वाले सशस्त्र समूहों को प्रतिरोध धुरी का हिस्सा बताता है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ईरान के मौलवी शासक फिलिस्तीनी मुद्दे के समर्थन में मुखर रहे हैं। तेहरान हमास को समर्थन देने, गाजा को नियंत्रित करने वाले इस्लामी समूह को वित्त पोषण और हथियार देने का कोई रहस्य नहीं रखता है। 7 अक्टूबर को दक्षिणी इज़राइली शहरों में हुए हमले के दौरान समूह के बंदूकधारियों द्वारा 1,300 लोगों, मुख्य रूप से नागरिकों की हत्या के बाद इज़राइल ने हमास को नष्ट करने की कसम खाई है, जो इज़राइल के 75 साल के इतिहास में सबसे घातक एक दिन था।

इज़राइल ने गाजा पट्टी पर हवाई हमलों में बमबारी की है जिसमें 2,800 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से एक चौथाई बच्चे हैं और 2.3 मिलियन गाजावासियों में से लगभग आधे को उनके घरों से निकाल दिया गया है। इसने एन्क्लेव पर पूर्ण नाकाबंदी लगा दी है, जिससे भोजन, ईंधन और चिकित्सा आपूर्ति अवरुद्ध हो गई है, जो तेजी से खत्म हो रही हैं।

## सऊदी के क्राउन प्रिंस सलमान ने अमेरिका के विदेश मंत्री को घंटों कराया इंतजार

**– अमेरिका के प्रति नाराजगी जाहिर करना हो सकती है वजह**

**जेद्दा (एजेंसी)।** सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान(एमबीएस) इन दिनों अमेरिका से बेहद नाराज बताए जा रहे हैं। जिसके चलते उन्होंने अमेरिकी विदेशी मंत्री ब्लिंकन को मुलाकात के लिए न केवल घंटों इंतजार कराया बल्कि उस दिन मुलाकात को टाल दिया और दूसरे दिन उनसे मुलाकात की। रिपोर्ट के मुताबिक, यह बैठक इजरायल पर हमास के हमलों के खिलाफ समर्थन जुटाने के ब्लिंकेन एमबीएस से मुलाकात करने पहुंचे थे। इसके बाद ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ उनकी बातचीत 'बहुत सार्थक' थी। जबकि दूसरी तरफ आ रही खबरों के मुताबिक कहा जा रहा है कि हमास और इजराइल को लेकर हुई चर्चा में दोनों के विचारों में काफी भिन्नता थी।

वहीं सऊदी की सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक बैठक में क्राउन प्रिंस ने फिलिस्तीनियों को अपने वैध अधिकार प्राप्त करने और न्यायसंगत और स्थायी शांति सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रिंस ने गाजा पर इजरायली नाकाबंदी को हटाने सहित संघर्ष को रोकने और अंतरराष्ट्रीय कानून को बनाए रखने के तरीके खोजने के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि ब्लिंकन को संकट कम करने और शांति स्थापित करने के लिए रियाद द्वारा किए जा रहे राजनयिक प्रयासों पर भी विचार करना चाहिए।

वहीं दूसरी तरफ अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन संवाददाताओं पर बात करते हुए कहा कि इजरायल को हमास के इन हमलों के खिलाफ खुद का बचाव करने का पूरा हक है। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटना न हो इसके लिए प्रयास करने का अधिकार भी इजराइल रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने प्रभाव और रिश्तों का उपयोग सिर्फ इसलिए कर रहा है ताकि आने वाले समय में इस तरह की घटनाओं को विराम लगाया जा सके।

## जिनपिंग ने कजाखस्तान के राष्ट्रपति से की मुलाकात

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को कजाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव से मुलाकात की। टोकायेव तीसरे बेल्ट एंड रोड फोरम में भाग लेने के लिए बीजिंग आये हुए हैं। जिनपिंग ने कहा कि वह अपने पुराने दोस्त से मिलकर बहुत खुश हैं। एक मजबूत, स्थिर और जीवंत चीन-कजाखस्तान संबंध दोनों देशों के विकास तथा पुनरुत्थान के साथ-साथ क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के अनुकूल हैं। उन्होंने कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अंतरराष्ट्रीय स्थिति कैसे बदलती है, चीन और कजाखस्तान को अच्छे पड़ोसी तथा दोस्ती की अवधारणा को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाना चाहिए। साथ ही चीन-कजाखस्तान स्थायी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और विकास को बढ़ावा देना चाहिए। चीन के राष्ट्रपति ने दोनों पक्षों से सहयोग को मजबूत करने, बेहतर नतीजे हासिल करने के लिए बेल्ट एंड रोड सहयोग को बढ़ावा देने और दोनों देशों के लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने का आह्वान किया।

## इमरान खान-कुरेशी से जुड़ा सिफर मामला, अभियोग को 23 अक्टूबर तक के लिए स्थगित

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को देश के गुप्त कानूनों के कथित उल्लंघन के लिए सिफर मामले में पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनके करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरेशी के अभियोग को 23 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया। यह मामला एक गुप्त राजनयिक दस्तावेज़ से संबंधित है, जिसका उपयोग पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान ने पिछले साल अप्रैल में कथित तौर पर सत्ता से बाहर करने के लिए अपने विरोधियों की आलोचना करने के लिए किया था। कथित तौर पर दस्तावेज़ गायब हो गया। खान की पार्टी का आरोप है कि दस्तावेज़ में खान को पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जेल में मुकदमा चलाने के खिलाफ खान की याचिका खारिज करने के बाद सरकार द्वारा गठित विशेष अदालत ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद कमरे में सुनवाई की। न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने इस टिप्पणी के साथ सुनवाई 23 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी कि खान और पूर्व विदेश मंत्री कुरेशी को उस दिन दोषी ठहराया जाएगा। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बैरिस्टर सलमान सफदर और खालिद यूसुफ चौधरी 71 वर्षीय खान के वकील के रूप में उपस्थित थे।

कुरैशी की पत्नी और बेटी भी कोर्ट पहुंचीं। हालाँकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि उन्हें सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दी गई थी या नहीं। सुनवाई के दौरान संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के विशेष अभियोजक शाह खावर, खान, कुरेशी और उनकी कानूनी टीमें सभी मौजूद थीं। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, खावर ने पत्रकारों को बताया कि अभियोग की कार्यवाही अगले सोमवार (23 अक्टूबर) को होगी।

# बांग्लादेश, पाकिस्तान व रूस का गाजा प्रस्ताव सुरक्षा परिषद में विफल

**– प्रस्ताव में इजरायल और गाजा में युद्धविराम का आह्वान किया गया था, लेकिन हमास का उल्लेख नहीं था**

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** बांग्लादेश, पाकिस्तान, रूस और कई अरब देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पेश प्रस्ताव विफल हो गया है। इसमें इजरायल और गाजा में युद्धविराम का आह्वान किया गया था, लेकिन इसमें हमास का कोई उल्लेख नहीं किया गया था। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा एक बंद बैठक में आम सहमति बनाने के आखिरी मिनट के प्रयास के बावजूद परिषद के सदस्य एक आम दृष्टिकोण पर सहमत नहीं हो सके, इसके बाद सोमवार रात को प्रस्ताव पर मतदान कराया गया। प्रस्ताव में हमास को इजरायल पर हमले के अपराधी के रूप में नामित नहीं किया गया था। पर?षद के स?थाई सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। जापान ने भी प्रस्ताव के ख़िलाफ़ मतदान किया. केवल रूस, चीन, मोज़ाम्बिक, गैबॉन और यूएई ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि छह देश अनुपस्थित रहे। गाजा में मानवीय संकट बढ़ रहा है, इजरायली बमबारी में 2,700 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मिस्र की यात्रा की योजना की घोषणा की। इजराइल ने जमीनी हमले की आशंका में गाजा के उत्तरी हिस्से के लगभग 10 लाख लोगों को दक्षिण की ओर जाने के लिए भी कहा है।

गुटेरेस ने कहा है कि मध्य पूर्व रसातल के कगार पर है और उन्होंने इज़राइल से गाजा पर नाकाबंदी हटाने का आह्वान किया है, जहां भोजन और पानी की आपूर्ति खतरनाक रूप से कम हो रही है और लोग बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। गाजा मिस्र से सटा हुआ है और राहत सामग्री इसके माध्यम से भेजी जा सकती है और लोगों को गाजा छोड़कर अफ्रीकी देश में जाने की अनुमति दी जा सकती है।गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि वह राफा क्रॉसिंग का दौरा कर सकते हैं, जो एन्क्लेव को मिस्र से जोड़ता है लेकिन अब गाजा जाने की उनकी कोई योजना नहीं है। यूएन में अमेरिकी स्थायी प्रतिनिधि लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि 7 अक्टूबर का



हमास हमला प्रलय के बाद से यहूदी लोगों का सबसे बुरा नरसंहार था और इसने सहस्राब्दियों से यहूदी विरोधी भावना को सतह पर ला दिया। उन्होंने हमास की तुलना आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से की और कहा कि प्रस्ताव में हमास की निंदा करने में विफल रहकर, रूस एक आतंकवादी समूह को कवर दे रहा है जो निर्दोष नागरिकों पर क्रूरता करता है।

# हमास के आतंकियों ने चला नया दांव, बंधकों को बना रहा हथियार

**गाजा (एजेंसी)।** गाजा में लगातार हो रही बमबारी से आतंकी संगठन हमास दहशत में है। खुद को बचाने और दुनिया को गुमराह करने के लिए अलग अलग दांव चल रहा है। अब हमास ने बंधकों को इस्तेमाल करना शुरु कर दिया है। इजरायल के म्यूजिक फेस्टिवल से जिन इजरायली नागरिकों को किडनैप किया था, अब हमास ने उसमें से एक 21 साल की लड़की मिआ शेम का वीडियो जारी किया है, जिसमें लड़की खुद को सुरक्षित बताते हुए नजर आ रही है।

वीडियो में डरी-सहमी लड़की कह रही है कि गाजा में वह ठीक तरह से रह रही है। लड़की यह दावा भी कर रही है कि हमास उसे मेडिकल ट्रीटमेंट दे रहा है। कहा जा रहा है कि इस तरह के वीडियो जारी कर हमास दुनियाभर में यह साबित करना चाह रहा है कि वह बंधकों का पूरा खयाल रख रहा है और उन्हें किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया है। इजरायली मीडिया हाउस जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक हमास ने मिआ शेम का वीडियो अपने अरेबिक टेलीग्राम चैनल पर जारी किया है।वीडियो में दिखाया गया है कि हमास की खूंखार अल कासिम ब्रिगेड का कमांडर लड़की को मेडिकल ट्रीटमेंट दे रहा है। वीडियो में लड़की कहती है कि वह बुरी तरह से घायल हो गई थी जिसका उपचार चल रहा है।

इजरायल के आर्मी रेडियो की तरफ से बताया गया कि जैसे ही हमले की रिपोर्ट आई, मिआ शेम की मां केरेन शेम ने उनके (मिआ) मोबाइल पर कॉल किया। लेकिन दूसरी तरफ से कोई जवाब नहीं आया। उन्होंने फेसबुक पर भी पोस्ट किया की उनकी बेटी लापता है, लेकिन किसी ने भी उनकी खोज खबर नहीं ली। मिआ की आंटी गैलिट ने बताया कि उन्होंने टेलीग्राम पर मिआ का वीडियो देखा। गैलिट ने कहा,मुझे लगा मैं सपना देख रही हूं। पूरे 10 दिनों के बाद हमने अपनी बेटी का चेहरा देखा। वह डरी हुई लग रही है। लेकिन हमें इस बात का संतोष है कि वह कम से कम जीवित तो है। हम चाहते हैं कि हमारी बेटी सही सलामत घर पहुंच जाए। वह अपनी सबसे पक्की दोस्त एल्या टोलेडानो के साथ म्यूजिक फेस्टिवल में गई थी। हम यह उसकी दोस्त के बारे में भी जानना चाहते हैं।



इस बीच इजरायल की सबसे चर्चित टीवी सीरीज फौदा के स्टार इत्ज़कि कोहेन ने इजरायल पर हुए हमास के हमले पर बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है,इजरायल में जो हुआ, वह काफी दर्दनाक है और अब भी जारी है। आतंकियों ने म्यूजिक फेस्टिवल में घुसकर जवानों और महिलाओं को गोली मारी। पूरे परिवार को उनके बेडरूम में जिंदा जला दिया। मां के सामने उनके बच्चों के सिर कलम कर दिए गए। महिलाओं और बच्चों सहित 100 से ज्यादा इजरायली नागरिकों को किडनैप कर गाजा ले गए। इजरायल डिफेंस फोर्स का दावा है कि गाजा में हमास ने 199 इजरायलियों को बंधक बना रखा है। जबकि 7 अक्टूबर से लेकर अबतक हमास के हमलों में इजरायल के 1400 लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि इजरायल ने पिछले 10 दिन के युद्ध में हमास के 6 कमांडर एयर स्ट्राइक में मार गिराए हैं और गाजा की हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक अब तक इस युद्ध में गाजा के अंदर 2800 लोग मारे गए हैं और उनमें लगभग एक चौथाई बच्चे हैं। इसके अलावा यह जंग और तेज होती जा रही है, जिससे जनहानि अधिक होने की संभावना है।

# अफगानिस्तान से न्यूजीलैंड को रहना होगा सतर्क

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईसीसी विश्वकप में शानदार फार्म में चल रही न्यूजीलैंड को बुधवार को चेपॉक में खेले जाने वाले 16वें मुकाबले में अफगानिस्तान से सतर्क रहना होगा। एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच अबतक दो मैच खेले गए हैं और दोनों ही मैच न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की हैं। वहीं विश्वकप इतिहास में दोनों टीमें दो बार भिड़ी है और दोनों बार न्यूजीलैंड विजयी रहा है।

इसे देखते हुए न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी नजर आता है। लेकिन अफगानिस्तान ने अपने पिछले मैच में इंग्लैंड को 69 रनों से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए पहली जीत हासिल की है। यह विश्वकप इतिहास में उसकी दूसरी जीत है। इसे देखते हुए न्यूजीलैंड को सतर्क रहने की आवश्यकता होगी। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के साथ हुए पिछले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए रहमानुल्लाह गुरबाज 80 रन और इकरम अलीखिल 58 रनों की पारी बदौलत 49.5 ओवरों में 284 बनाये थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड 40.3 ओवरों में 215 रनों पर ऑलआउट कर अपनी पहली जीत दर्ज की थी।

अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने सर्वाधिक 3-3 विकेट और मोहम्मद नबी ने दो विकेट हासिल किये। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम भी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन रहा है। टीम ने अपने तीनों ही मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की है। लेकिन बंगलादेश के खिलाफ हुए मुकाबले में उंगली में चोट लगने के कारण केन विलियम्सन बाहर हो चुके हैं। ऐसे में अगले मुकाबले में न्यूजीलैंड टीम की कमान टॉम लैथम के हाथों में होगी।

न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। बंगलादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 245 रन बनाये थे। मुश्फिकुर रहीम ने सर्वाधिक 66 रनों की पारी टीम के लिए खेली थी। लॉकी फर्गुयसन ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवोन कॉनवे के (45 रन), केन विलियम्सन (78 रन) और डेरिल मिशेल के नाबाद 89 रनों की पारी की बदौलत जीत दर्ज की थी। जानकारों के अनुसार एमए. चिदंबरम स्टेडियम, चेपॉक के पिच काफी ज्यादा धीमी है। जिसके चलते यहां स्पिनरों को काफी ज्यादा मदद मिलती है। इस पिच पर टॉस जीतकर टीम पहले बल्लेबाजी करना बेहतर हो सकती है।



# बांग्लादेश के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे शार्दुल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम अब 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। शार्दुल ने अब तक इस विश्वपक में दो मैच खेले हैं जिसमें उन्हें एक ही विकेट मिला है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शार्दुल को केवल 2 ओवर ही गेंदबाजी मिल पायी। वहीं, अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में शार्दुल ने 6 ओवर गेंदबाजी करते हुए 31 रन देकर 1 विकेट लिया था। वहीं अब वह में बांग्लादेश के खिलाफ अवसर मिलने पर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

कप्तान रोहित शर्मा अपने इस गेंदबाज पर काफी भरोसा करते हैं। शार्दुल भी उसपर खरे उतरे हैं। जब भी कोई जोड़ी जम जाती है तो रोहित उन्हें ही विकेट लेने की जिम्मेदारी देते हैं। गेंदबाजी ही नहीं बल्लेबाज में भी वह पीछे नहीं हैं। उन्होंने अपने आक्रामक खेल से कई टीमों को हैरान किया है। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में शार्दुल ने दोनों ही पारियों में अर्धशतक लगाया था और भारत इसी कारण वो टेस्ट 157 रन से जीता था।

शार्दुल ने टीम इंडिया तक पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष किया हैं। उन्होंने 2012 में फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था और 2016 में उन्होंने पहली बार मुंबई को रणजी ट्रॉफी का चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। तब उन्होंने फाइनल में सौराष्ट्र के खिलाफ 8 विकेट लिए थे और चेतेश्वर पुजारा जैसे धाकड़ बैटर का शिकार किया था. इसके एक साल बाद उन्होंने वनडे और टेस्ट दोनों डेब्यू किया और 2018 में पहला टी20 भी खेला।

# श्रीलंका ने दनुष्का गुणतिलक पर से हटाया प्रतिबंध, राष्ट्रीय टीम में हो सकती है वापसी







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट श्रीलंका ने मंगलवार को धनुष्का गुणतिलका पर आस्ट्रेलिया में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया है जिससे राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

एक विज्ञप्ति में कहा गया , ''श्रीलंका क्रिकेट की स्वतंत्र जांच समिति ने उन पर नवंबर 2022 में लगाया गया प्रतिबंध पूरी तरह से हटाने की सिफारिश की है। न्यू साउथ वेल्स की जिला अदालत ने उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया है और वह तीन अक्टूबर को श्रीलंका लौट आये हैं।'' इसमें कहा गया ,'' अब वह राष्ट्रीय टीम के लिये खेल सकते हैं।''

नवंबर 2022 में गुणतिलका पर आस्ट्रेलिया में एक महिला ने कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये थे। वह उस समय टी20 विश्व कप टीम के सदस्य के तौर पर आस्ट्रेलिया में थे। उन्हें चार दिन तक चले ट्रायल के बाद निर्दोष करार दिया गया और सारे आरोपों से बरी कर दिया गया।

# लौरा वोल्वार्ड्ट आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के करीब

**दुबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी संभालने के बाद सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ट बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) महिला टी-20 बल्लेबाजी में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के करीब पहुंच गई हैं। वोल्वार्ड्ट ने पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम की कमान संभाली है, लेकिन इस अतिरिक्त जिम्मेदारी ने उनकी बल्लेबाजी को प्रभावित नहीं होने दिया।

दक्षिण अफ्रीकी 24 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम दो टी-20 में 53 और 24 रन बनाए और कुछ समय के लिए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 712 अंक हासिल कर ली, जबकि बारिश से प्रभावित श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर रही थी। जिससे लौरा वोल्वार्ट अपने सर्वश्रेष्ठ 712 रेटिंग से 710 पर वापस आ गई हैं, लेकिन टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में अभी भी एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर है।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दाएं हाथ की बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरिम कप्तान बनने के बाद से पांच टी-20 पारियों में 46.8 की औसत और 123.2 की स्ट्राइक रेट से 234 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 70 और 61 रनों की पारी के बाद तीन पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं इस युवा खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला।




ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला खिलाड़ी ताहलिया मैकग्राथ 794 रेटिंग अंकों के साथ टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं और दूसरे स्थान पर टीम की साथी बेथ मूनी से 30 अंक आगे हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेक म्लाबा दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। जो कि एक्लेस्टोन से 27 अंक पीछे हैं। एक्लेस्टोन 765 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है। न्यूजीलैंड की अनुभवी ली ताहुहू ने पांचवें टी-20 में लौरा वोल्वार्ट और तज़मिन ब्रिट्स के बेशकीमती विकेटों सहित 2/20 लेकर अपने मौके का भरपूर फायदा मिला है।


न्यूलीलैंड की 33 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में चार ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है।हालांकि दक्षिण अफ्रीका महिला टीम 20 ओवर के प्रारूप पर ध्यान केंद्रित कर रही थीं। एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में एशले गार्डनर से मैरिज़ेन कप्प ने शीर्ष स्थान छीन लिया है। ऑस्ट्रेलिया की डायनेमो को 14 अंक का नुकसान हुआ और वह ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान गिरकर दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। इंग्लैंड की स्पिनर एक्लेस्टोन ने सफेद गेंद की रैंकिंग में अपना दबदबा कायम रखा है और आईसीसी महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में अभी भी शीर्ष स्थान पर है।

# इमाद को पाक के सेमीफाइनल में पहुंचने का भरोसा नहीं

नई दिल्ली ।पाकिस्तान के ऑलराउंड इमाद वसीम ने कहा है कि विश्वकप में अपनी टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने का उन्हें भरोसा नहीं है। जिस प्रकार लीग मुकाबले में पाक को भारत के हाथों करारी हार झेलनी पड़ी है।उससे इमाद का टीम को लेकर मनोबल कम हो रहा है।इमाद इस विश्वकप कप के लिए टीम में शामिल नहीं हैं।वहीं विश्वकप की शुरुआत से पहले जिन चार टीमों को उन्होंने सेमीफाइनल का दावेदार बताया था उनके पाक का नाम भी शामिल था।इमाद ने इस बार सेमीफाइनल के लिए भारत, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड का नाम पक्के तौर पर लिया है।उन्होंने चौथी टीम के तौर पर पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया में से किसी एक के आगे जाने की उम्मीद जताई है पर ह इस बार तो लेकर आश्वसत नहीं हैं कि उनकी टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी।इमाद ने विश्वकप सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चार टीमों के नाम सामने रखे हैं।उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और भारत को जगह मिलना तय है पर चौथी टीम के तौर पर पाक और ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक टीम हो सकती है।इससे पहले इमाद ने जिन चार सेमीफाइनल की टीमों को शामिल किया उसमें भारत, पाक, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के नाम थे पर अफगानिस्तान के हाथों मिली हार के बाद उनका मानना है कि इंग्लैंड टीम के अब अंतिम चार में पहुंचने की उम्मीदें नहीं हैं।



# कमिंस ने कहा जीत का सिलसिला बनाये रखेंगे



लखनऊ ।ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने श्रीलंका के खिलाफ विश्वकप में मिली जीत पर खुशी जतायी है।यह इस विश्वकप में ऑस्ट्रेलियाई टीम को मिली पहली जीत है।जीत के बाद कमिंस ने अपनी टीम के गेंदबाजों की जमकर प्रशंसा की है।कमिंस ने कहा कि हमारे गेंदबाजों ने श्रीलंकाई टीम को अच्छी शुरुआत के बाद भी बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया।इस मुकाबले में पहले विकेट के लिए कुसल परेरा 78 और पथुम निसंका 61 के बीच 125 रनों की साझेदारी हुई।मैच में एक समय श्रीलंकाई टीम बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी पर बाद में 209 रनों पर ही सिमट गयी।इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तय लक्ष्य आसानी से हासिल करते हुए इस मुकाबले में श्रीलंकाई टीम को पांच विकेट से हरा दिया।कमिंस ने मैच के बाद कहा कि विरोधी टीम ने बहुत अच्छी शुरुआत की थी पर जिस तरह से हमारे गेंदबाजों ने गेंदबाजी की उसका लाभ हमें मिला। टीम का ये प्रयास शानदार था।उन्होंने कहा कि हमने खेल के तीनों ही क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किया।अब आने वाले मुकाबलों में हम इसे जारी रखेंगे।वहीं दूसरी ओर हार से निराश श्रीलंकाई टीम के कप्तान कुसल मेंडिस ने कहा कि अगर उनकी टीम करीब 290 रन बनाती तो परिणाम अलग होता।उन्होंने कहा कि हमने अच्छी शुरुआत की थी पर हमारा मध्य क्रम उसे बरकारार नहीं रख पायी।अगर हमने 290 या 300 का स्कोर बनाया होता तो इस पिच पर वह अच्छा स्कोर बनता।हम स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पाए और हमने काफी गेंद खाली छोड़ी।साथ ही कहा कि हम आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे।

# वर्ल्ड कप के बीच मुश्किल में पाकिस्तान टीम, कई खिलाड़ी हुए बीमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम को लेकर एक बुरी खबर है। दरअसल, पाकिस्तान टीम के कैम्प पर वायरल इन्फेक्शन का हमला हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, इस वायरल इन्फेक्शन के कारण पाकिस्तान टीम के ज्यादातर खिलाड़ी बीमार हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप में अभी तक 3 मैच खेले हैं जिनमें उसे दो में जीत तो एक में हार झेलनी पड़ी।

वहीं अब पाकिस्तान को अपना चौथा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। ये मुकाबला 20 अक्टूबबर को बेंगलुरु के मैदान पर खेला जाना है। लेकिन उससे पहले ज्यादातर खिलाड़ियों का बीमार होना टीम के लिए मुसीबत बन सकता है। पाकिस्तान टीम बेंगलुरु पहुंच गई है। सूत्रों के हवाले से इसी दौरान ज्यादातर खिलाड़ी वायरल इन्फेक्शन के कारण बीमार हो गए हैं। लेकिन टीम के लिए एक अच्छी बात ये रही कि ज्यादातर प्लेयर इन्फेक्शन की चपेट में आकर ठीक भी हो चुके हैं, अभी 3




खिलाड़ी बीमार हैं। बता दें कि, अब्दुल्ला शफीक, शाहीन शाह अफरीदी और उसामा मीर ने बुखार की शिकायत की है। पाकिस्तान टीम को मंगलवार शाम को अपना प्रैक्टिस सेशन रद्द कर दिया था, लेकिन कुछ समय बाद ही फिर से लागू कर दिया।

# बृजभूषण ने कहा पल्स रेट की जांच कोई अपराध नहीं , मुझपर लगे आरोप राजनीति से प्रेरित


नई दिल्ली ।भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने अपने ऊपर लगे यौन शोषण और छेड़छाड़ के आरोपों को लेकर कहा है कि पल्स रेट की जांच करने को छेड़छाड़ नहीं कहा जा सकता है।बृज भूषण ने इस मामले में महिला पहलवानों के अपने ऊपर लगाये आरोपों को भी खारिज कर दिया है।बृज भूषण ने कहा कि उनपर यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के जो भी आरोप लगाये गये हैं।वह राजनीतिक कारणों से लगाये गये हैं।बृज भूषण को दिल्ली की एक अदालत में कहा कि उन्होंने महिला पहलवानों की पल्स रेट की जांच की थी और ऐसा करना कोई अपराध तो नहीं है।उन्होंने कहा कि पल्स रेट की जांच के पीछे उनकी कोई गलत मंशा नहीं थी।यही नहीं उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच के लिए एक ओवरसाइट कमेटी भी बनी थी, जिसने उनपर लगे आरोपों को गलत करार दिया था।वह इस जांच समिति के सामने पेश भी हुए थे और तब उन्होंने अपना पक्ष रखा था।इस मामले में उनके वकील ने कहा कि छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न में अंतर होता है।यौन उत्पीड़न के मामलों में तीन साल की एक समयसीमा होती है पर बाद में शिकायतकर्ताओं ने छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे।उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल से पहले बृजभूषण शरण सिंह पर छेड़छाड़ का तो कोई मामला ही नहीं था।दूसरी ओर महिला पहलवानों की वकील रेबेका जॉन ने कहा कि जांच समिति ने बृजभूषण को क्लीन चिट नहीं दी थी।



# ओडिशा के खेलमंत्री ने एशियाई खेलो में रजत जीतने वाले जेना को सम्मानित किया

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के खेल और युवा कार्यमंत्री तुषारकांति बहेड़ा ने हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले भालाफेंक खिलाड़ी किशोर कुमार जेना को सम्मानित किया। जेना ने एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 87 . 54 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता और पेरिस ओलंपिक के लिये भी क्वालीफाई कर दिया।

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था। बहेड़ा ने कलिंगा खेल परिसर में जेना को सम्मानित किया। इस मौके पर हॉकी प्रवर्तन परिषद के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, खेल निदेशक सिद्धार्थ दास, ओडिशा ओलंपिक संघ और खेल विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। बहेड़ा ने कहा ,'' जेना के कड़े परिश्रम और लगन ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उसने पिछले कुछ साल में एक खिलाड़ी के तौर पर काफी प्रगति की है। मुझे यकीन है कि वह पेरिस ओलंपिक में ओडिशा और भारत का नाम रोशन करेगा।




## ओलंपिक में क्रिकेट को फिर शामिल किये जाने पर आईसीसी ने खुशी जतायी

दुबई ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2028 लॉस ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किये जाने पर खुशी जतायी है। आईसीसी के अनुसार इससे क्रिकेट के दुनिया भर में प्रचार प्रसार में सहायता मिलेगी।गत सप्ताह मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141 वें सत्र में ओलंपिक के कार्यक्रम में क्रिकेट सहित कुछ अन्य खेलों को भी शामिल किये जाने को इसके सदस्यों ने औपचारिक रुप से मंजूरी दी थी।1900 के पेरिस ओलंपिक के बाद यह पहली बार होगा जब क्रिकेट ओलंपिक में शामिल होगा। आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने कहा, मैं अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और लॉस एंजिल्स को उनके समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।इस मंच के जरिए हम क्रिकेट को और शानदार खेल बनाने का पूरा प्रयास करेंगे।आईसीसी ने इसके साथ ही भारतीय महिला की पूर्व कप्तान मिताली राज का भी एक बयान जारी किया है जिसमें मितानी ने कहा, यह बहुत हर्ष की बात है कि क्रिकेट अब एक ओलंपिक खेल भी बन गया है और हमारी टीम को लॉस एंजिल्स में इसे खेलने का अवसर मिलेगा। इससे खिलाड़ियों को ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए उतरने का अवसर मिलेगा , इस दौरान वह विश्व भर के अन्य खेलों के शीर्ष खिलाड़ियों से भी मिल सकेंगे।

# सनम सेखों ने जीती ड्रिफ्ट चैलेंज चैंपियनशिप



ग्रेटर नोएडा।भारत के ड्रिफ्ट चैंपियन के रूप में जाने जाने वाले सनम सेखों ने पहली ड्रिफ्ट चैलेंज में दबदबा बनाए रखा और देश की पहली तीन श्रेणियों में से दो में निर्विरोध जीत हासिल की।इसके अलावा मुदित ग्रोवर भी ड्रिफ्ट चैलेंज की सभी तीन श्रेणियों में पोडियम पर रहे।सेखों ने अपनी विशेष रूप से तैयार की गई लेक्सस जीएस 300 को कोनों के चारों ओर साइड में घुमाते हुए संतुलित और नियंत्रण में रखा।इसी तरह मुदित ने अपनी बीएमडब्लू ई46 में टायर–स्मोकिंग कार नियंत्रण में अपना कौशल दिखाया।चंडीगढ़ के ड्राइवर ने 744 अंकों के साथ डी1 श्रेणी जीती, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जुगराज सिंह भुर्जी ने बीएमडब्ल्यू एम3 चलाकर केवल 476 अंक हासिल किए।मुदित ग्रोवर ने 286 अंकों के साथ बीएमडब्ल्यू में तीसरा स्थान हासिल किया।सेखों ने 460 अंक बनाए और मुदित ग्रोवर (262 अंक) और मुग्धा ग्रोवर के साथ मर्सिडीज सी200 के (156 अंक) चलाकर डी2 श्रेणी भी जीत ली और पोडियम पूरा किया।जापान से तानिगुची अत्सुशी, थाईलैंड से तनाकोर्न लेर्टयाओवर्ट और भारत से एलिस्टेयर ने जज की भूमिका निभाई और ड्राइवरों की लाइन, कोण, शैली और गति सहित कई मापदंडों को परखा।टायर की चौड़ाई के आधार पर तीन श्रेणियां – डी1, डी2 और ओपन रखी गई थीं।डी1 श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने वाली कारें 215–255 मिमी चौड़े टायरों पर चल रही थीं।डी2 श्रेणी में अधिकतम टायर की चौड़ाई 205 मिमी थी, जबकि सभी प्रतिस्पर्धी, चाहे उनके टायरों की चौड़ाई कुछ भी हो, ओपन श्रेणी के लिए पात्र थे।

# चहल या बिश्नोई टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे: आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि युजवेंद्र चहल या रवि बिश्नोई में से कोई एक टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम में जगह पक्की कर सकता है। चहल को घरेलू धरती पर होने वाले वनडे विश्व कप 2023 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली। 2016 में अपने डेब्यू के बाद से भारत की सफेद गेंद वाली टीम में नियमित 33 वर्षीय चहल ने इंग्लैंड में 2019 विश्व कप में खेला था और 12 विकेट लिए थे।

आकाश चोपड़ा ने कहा, 'युजी चहल खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं जहां भारतीय टीम उन्हें पूरे साल अपने साथ रखती है लेकिन जब कोई विश्व स्तरीय टूर्नामेंट आता है, तो वे कहते हैं, 'धन्यवाद सर' हमें आपकी सेवाओं की ज़रूरत नहीं है।' 'युज़ी या रवि में से कोई एक उस भारतीय टीम का हिस्सा होगा जिसे 2024 टी20 विश्व कप के लिए चुना जाएगा। ऐसे में ये टूर्नामेंट इन दोनों के लिए अहम है। मैं वास्तव में यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि रवि बिश्नोई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कैसा प्रदर्शन करते हैं।'

चोपड़ा ने पांच गेंदबाजों को चुना जिनके प्रदर्शन पर वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान करीब से नजर रखेंगे। चहल और बिश्नोई के अलावा, युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक भी इस सूची में थे। चोपड़ा ने कहा कि अपनी तेज रफ्तार से दुनिया को हैरान करने के बाद यह युवा खिलाड़ी फिलहाल भटका हुआ लग रहा है। उमरान मलिक की कहानी एक खूबसूरत कहानी रही है, लेकिन यह अभी तक पूरी नहीं हुई है। अर्शदीप सिंह भी सूची में थे। साथ ही दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज, मुकेश कुमार, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के दौरान खेल के विभिन्न प्रारूपों में पदार्पण किया था, वो भी इस लिस्ट में शामिल हैं।



THE PHOTON NEWS

12 www.thephotonnews.com

Wednesday, 18 October 2023





# जब वी मेट से ज्यादा टशन के लिए उत्साहित थीं करीना

**करीना कपूर हाल ही में वेब सीरीज जाने जां में नजर आई थीं। अब हाल ही में दिए इंटरव्यू में अभिनेत्री ने अपनी फिल्म जब वी मेट के बारे में बात की। अभिनेत्री करीना कपूर ने कहा कि जब वह फिल्म जब वी मेट बनाने की तैयारी कर रही थीं तो उन्हें समझ नहीं आया था कि यह उनके लिए कितनी प्रभावशाली होने वाली है, क्योंकि वह फिल्म टशन को लेकर अधिक चिंतित थीं, जिस पर वह साथ-साथ काम कर रही थीं।**

करीना ने कहा कि निर्देशक इम्तियाज अली को भी यकीन हो गया होगा कि वह इस पल के जादू को मिस कर रही हैं। हाल ही में करीना ने कहा कि इम्तियाज ने सबसे पहले शाहिद कपूर से संपर्क किया था और फिल्म का नाम शुरू में गीत रखा गया था, जो कि उस किरदार के नाम पर था जिसे उन्होंने निभाया था। उन्होंने इसे एक और फिल्म के रूप में सोचकर इस प्रोजेक्ट को साइन किया था। पूरे समय जब वह जब वी मेट पर काम कर रही थीं तो वह बस टशन के बारे में बात कर सकती थीं, जो उन्हें लगा कि यह उनके लिए एक बड़ा करियर मील का पत्थर होगा। हालांकि, जब वी मेट उनकी सबसे यादगार फिल्म बनकर उभरी, जबकि टशन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मैंने इसे प्रकट भी नहीं किया। मैं वास्तव में डेढ़ साल तक बिना काम के थी, क्योंकि मैं फिल्मों को ना कह रही थी। मुझे उस तरह की फिल्में नहीं मिल रही थीं, जैसी मैं चाहती थीं। मुझे कभी नहीं पता था कि यह इतनी प्रतिष्ठित फिल्म होगी। यहां तक कि इम्तियाज भी हमेशा मुझे ऐसे देखते थे कि तुम समझ नहीं रही हो कि यह किरदार क्या है, तुम्हें नहीं पता कि तुम क्या कर रही हो। करीना ने कहा कि मैं सोचती थी कि यह गीत क्या है? मैं टशन के साथ आ रही हूं। यह दुनिया को हिला देगा, लेकिन यह वह फिल्म नहीं थी, बल्कि जब वी मेट ने मेरी पहचान को बढ़ाया। जब वी मेट की शूटिंग के दौरान मैंने बस टशन के बारे में बात की। इम्तियाज ने सचमुच सोचा होगा कि करीना कुछ पता नहीं है और वही काम आया। वास्तव में मुझे कोई अंदाजा नहीं था।



# अपने देश की स्वतंत्र, महत्वाकांक्षी लड़कियों का प्रतिनिधित्व करती हूं

युवा बॉलीवुड स्टार भूमि पेडनेकर एक अविश्वसनीय अभिनेत्री हैं जिन्होंने अपनी सभी फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। भूमि ने अब तक अपनी अधिकांश फिल्मों में छोटे शहर की भारतीय लड़कियों की आकांक्षाओं और अटूट साहस का प्रतिनिधित्व किया है। मुंबई में जन्मी और पली-बढ़ी एक लड़की होने के नाते, भूमि इस बात से खुश हैं कि आखिरकार वह अपनी नवीनतम रिलीज थैंक यू फॉर कमिंग (टीवाईएफसी) में एक बड़े शहर की लड़की की भूमिका निभाने में सक्षम हो गईं। भूमि पेडनेकर कहती हैं, मैं एक शहरी लड़की हूं और मैंने अपने करियर में कभी इस तरह की भूमिका नहीं निभाई है। इसलिए, मुझे वास्तव में खुशी है कि करण बुलानी और रिया कपूर ने मुझे थैंक यू फॉर कमिंग में एक वास्तविक, भरोसेमंद के रूप में प्रस्तुत किया है। मेरा जन्म और पालन-पोषण मुंबई में हुआ है। मैं गर्व से अपने देश की स्वतंत्र, महत्वाकांक्षी महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती हूं। भूमि के प्रदर्शन को आलोचकों से सर्वसम्मति से प्रशंसा मिली है। वह कहती हैं, मुझे इस बात की भी खुशी है कि लोगों ने शहरी लड़की के रूप में मेरी भूमिका को पसंद किया है, बड़े पर्दे पर नारीत्व का जश्न पहले कभी नहीं मनाया। मेरे अंदर का कलाकार हमेशा भूमिकाएं तलाशना और नई चुनौतियां लेना चाहता है। भूमि की नवीनतम रिलीज़ पितृसत्ता पर आधारित है और यह एक लड़की के आत्म-सुख के अधिकार पर केंद्रित है जो किसी पुरुष पर निर्भर नहीं है। वह कहती हैं, मुझे लगता है कि टीवाईएफसी मेरे लिए लोगों को यह बताने के लिए एकदम सही फिल्म रही है।



# एनिमल में अपने किरदार को लेकर बॉबी देओल ने की बात

संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल का टीजर हाल ही में सामने आया था, जो दर्शकों ने खूब पसंद किया है। रणबीर कपूर के अलावा टीजर में बॉबी देओल की भी झलक देखने को मिली थी। अभिनेता के इस छोटे से सीन ने फैंस की उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ा दी है। फिल्म में बॉबी के किरदार और वह सीन में क्या कर रहे हैं, इसे लेकर कई तरह की थ्योरी चल रही हैं। जहां कुछ प्रशंसक अनुमान लगा रहे हैं कि वह समलैंगिक की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, कुछ का कहना है कि वह नरभक्षी की भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में इंटरनेट पर सामने आए एक वीडियो में बॉबी फिल्म में अपने किरदार के बारे में कुछ जानकारी देते नजर आ रहे हैं। टीजर में अपने सीन के बारे में बात करते हुए बॉबी ने कहा, यह वाकई रोमांचक है कि मैं अलग दिख रहा हूं और आप जानना चाहेंगे कि मैं उस शॉट में क्या कर रहा हूं, लेकिन जैसा कि मैंने कहा, मैं आपको नहीं बता सकता। मैं इसमें कुछ न कुछ जरूर खा रहा हूं। कुछ चबा रहा हूं। बता दें कि सीन में बॉबी दरवाजा खोल रहे हैं और चाकू पकड़े हुए हैं। वह बेहद डरावने लग रहे है और कुछ चबा भी रहे है। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर आया, हर तरफ से कमेंट्स आने लगे और यूजर्स फिल्म में बॉबी के नरभक्षी होने के कयास लगाने लगे।

# ओटीटी पर दिखाई गलत चीजों का छोटे शहरों पर पड़ रहा है घातक प्रभाव

गीतांजलि मिश्रा जितनी हंसमुख मिजाज नजर आती हैं, उतनी बेबाक भी हैं। फिर चाहे खासियत गिनानी हों या कमियां, हिचकिचाहट उनके लफ्जों से कोसों दूर रहती है। उनसे ओटीटी से होने वाले मनोरंजन जगत के फायदे का जिक्र छिड़ा तो उन्होंने इस सिक्के के दोनों पहलुओं को अलट-पलटकर दिखा दिया। लैंगिक समानता पर बात शुरू हुई तो उन्होंने पुराने वक्त में स्त्री को सर्वोपरि दिखाने वाली चीजों तक को गिना दिया। उन्होंने टीवी शो में चली आ रही सास-बहू की खटपट से इतर उसमें संयुक्त परिवार के रूप में दिखने वाली संभावनाओं पर गौर करने के लिए कहा। ओटीटी की गलत चीजों का प्रभाव घातक है जो कलाकार छोटे शहरों में स्टेज शो या थिएटर किया करते थे, उनको ओटीटी के आने से रोजगार मिल गया है। पहले माध्यम ही कम थे तो उनके पास संभावनाएं नहीं थीं, लेकिन अब उनके लिए कई दरवाजे खुल गए हैं। कुल मिलाकर ओटीटी ने ऐक्टर्स को बहुत बड़ा मंच उपलब्ध करा दिया है। हालांकि, मैं अपनी बात करूं तो इसने मुझे बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं किया है। इस मंच पर आने वाली 10 प्रतिशत चीजें बहुत अच्छी हैं, लेकिन उनकी तरफ हमारा-आपका आकर्षण नहीं होता है। बची 90 प्रतिशत फिल्में व वेब सीरीज़ हमारी सभ्यता पर सवालिया निशान उठाती हैं। खासकर, औरतों को प्रस्तुत करने में। ओटीटी प्लेटफॉर्म रिश्तों के दायरों को जो तोड़ रहा है, वह हमारे समाज पर सवालिया निशान है। अगर हम एक ही चीज़ ज्यादा समय तक देखते हैं तो उसका हम पर प्रभाव पड़ना लाज़िमी है। हम उसी की तरह करने लगते हैं। ओटीटी की कुछ गलत चीजों का प्रभाव कहीं ना कहीं छोटे शहरों और उन जगहों पर रहने वाले लोगों पर पड़ रहा है, जो मुझे लगता है कि घातक है।

## जिंदगी के एक ही रंग देख-देखकर बोर हो जाएंगे आप

टीवी शो में सारा ध्यान बस सास-बहू की नोक-झोंक और राजनीति पर केंद्रित हो गया, लेकिन उसकी बड़ी संभावना को किसी ने नहीं देखा। हर कोई बस एक चीज को ही देख रहा है। उसके 5 अलग-अलग वर्जन भी देखिए। आज महानगरों में परिवार सिकुड़ते जा रहे हैं। यानी हम दो हमारे दो, बस। फिर भी ये सास-बहू वाले शो हैं, जिन्होंने संयुक्त परिवार को दिखाया है। वहां ननद हैं, जेठ हैं, देवर हैं, उनके बच्चे हैं, वगैरह-वगैरह। फिर आप टीवी शो साथिया देख लीजिए या फिर नागिन। सबमें एक संयुक्त परिवार है और उसका एक महत्व भी है। रही बात उनके बीच होने वाली खटखट और राजनीति की तो जहां दो-चार या 10 बर्तन एक जगह पर रखें होंगे तो वो आपस में टकराएंगे जरूर। उन्हें कोई नहीं रोक सकता। ये मानवीय स्वभाव है। अगर गौर करें तो ये सिर्फ जागरूक करने के लिए है, ताकि आप उससे सीख लें। वैसे भी थोड़ा-बहुत ऊपर-नीचे चलता रहता है और यही किसी रिश्ते की खूबसूरती है। वरना उसके अलग-अलग रंग नहीं दिखेंगे। उसे एक ही रंग में देखे-देखे आप बोर होने लगेंगे। वो चाहे असली जीवन में हो या पर्दे या टीवी पर।

## ईश्वर की कृपा समझ तीसरी बार में स्वीकार किया

जब 2019 में शो हप्पू की उल्टन-पल्टन बनने वाला था, तब मेरे पास ऑडिशन की कॉल राजेश के किरदार के लिए ही थी। वह मेरे लिए जनरल ऑडिशन की तरह था कि फलां जगह नौकरी का फॉर्म निकला है, उसे भर दूं। मैंने तब उसे वैसे ही भर दिया था, लेकिन जब उसकी शर्तें देखीं कि महीने के 26 दिन शो को देने पड़ेंगे तो मैं वहीं पर ठहर गई। मैंने सोचा कि अगर मैं अपनी जिंदगी के 26 दिन इन्हीं को दे दूंगी तो मेरे पास क्या बचेगा। 2021 में फिर से मेरे पास ऑडिशन का मौका आया। उस वक्त शायद कामना पाठक जी की शादी-वगैरह की बातचीत चल रही होगी। मैंने कास्टिंग डायरेक्टर से पूछा कि आखिर मुझे ही क्यों बार-बार ऑडिशन की कॉल आ रही तो उन्होंने कहा कि तुम्हारा लुक राजेश की तरह है। फिर भी मेरी पसंद कुछ और थी इसलिए मैंने नहीं किया। तीसरी बार जब ऑडिशन का मौका मिला तो मैंने सोचा कि अब सच में ईश्वर चाहते हैं कि मैं इसे चुपचाप कर लूं तो तुरंत हां कर दी। मुझे लगता है कि इसके साथ कुछ ना कुछ तो राब्ता जरूर होगा कि जो इससे जुड़ना पड़ा।

# तमन्ना ने बांधे सुपरस्टार रजनीकांत की तारीफों के पुल

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार तमन्ना भाटिया पिछले काफी दिनों से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। चारों तरफ अभिनेत्री के विजय वर्मा संग प्यार के चर्चे हैं। दोनों ने जिस दिन से एक-दूसरे के लिए प्यार कुबूल किया है उसी दिन से दोनों इस रिश्ते को लेकर मुखर रहे हैं। हालांकि, अभिनेत्री अपनी निजी जिंदगी के अलावा अपनी फिल्मों पर भी पूरा ध्यान दे रही हैं। तमन्ना भाटिया आखिरी बार रजनीकांत और चिरंजीवी जैसे कलाकारों के साथ काम करती नजर आई थीं। दोनों कलाकारों के साथ काम करने के एक्सपीरियंस अभिनेत्री पहले ही साझा कर चुकी हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने रजनीकांत की तारीफों के पुल बांधें। पिछले दिनों रजनीकांत की फिल्म जेलर में अपने धांसू डांस नंबर के कारण सुर्खियों में रहीं तमन्ना भाटिया इस साल लगातार फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर रही हैं। जेलर, भोला शंकर जैसी फिल्मों और लस्ट स्टोरीज 2 जैसी सीरीज में काम करने के बाद तमन्ना भाटिया हाल ही में लैक्मे फैशन वीक में जलवा बिखेरती नजर आईं। रजनीकांत के साथ तमन्ना भाटिया की आखिरी फिल्म जेलर ब्लॉकबस्टर रही थी। लैक्मे फैशन वीक में अभिनेत्री से थलाइवर के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछा गया। हाल ही में अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया। अभिनेत्री ने बताया, रजनीकांत सर सबसे विनम्र व्यक्ति हैं, जिनसे मैं कभी मिली हूं। किसी ऐसे व्यक्ति को देखना सुंदर है, जिसने उस तरह का सुपरस्टारडम देखा है और फिर भी उसमें उसी तरह की सादगी और मासूमियत है और उसे बरकरार रखना वाकई मुश्किल है।



# बॉर्डर-2 के लिए 50 करोड़ रुपए चार्ज करेंगे सनी देओल

सनी देओल लगातार अपनी अपकमिंग फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। आमिर खान के साथ लाहौर 1947 और पुष्पा के मेकर्स के साथ एक अनटाइटल्ड फिल्म के बाद उनकी एक और फिल्म पर बड़ी अपडेट सामने आई है। यह फिल्म है 'बॉर्डर-2' जिसको लेकर काफी वक्त से चर्चा है। मीडिया रिपोर्ट्स और फिल्म से जुड़े सूत्रों की मानें तो इस फिल्म के लिए सनी देओल को फीस के तौर पर 50 करोड़ रुपए मिलेंगे। इतना ही नहीं, सनी इस फिल्म के प्रोड्यूसर्स के साथ प्रॉफिट शेयरिंग भी करेंगे। इस फिल्म को डायरेक्टर जेपी दत्ता और भूषण कुमार मिलकर प्रोड्यूस करेंगे। रिपोर्ट की मानें तो, फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि सनी फिल्म के लिए 50 करोड़ रुपए अपफ्रंट फीस लेंगे। इस अलावा उनके साथ एक बैक-एंड डील भी की जाएगी जिसमें प्रोड्यूसर्स उनके साथ प्रॉफिट शेयरिंग करेंगे। फिल्म से जुड़े लोगों का मानना है कि सनी की मौजूदगी इस फिल्म को ऊंचाईयों पर लेकर जाएगी। प्रोड्यूसर्स सनी के साथ यह डील करके काफी खुश भी हैं।' बॉर्डर 2 को लेकर चर्चा है कि इसे जेपी दत्ता ही डायरेक्ट करेंगे। फिल्म में सनी के अलावा आयुष्मान खुराना, एम्मी विर्क और अहान शेट्टी जैसे एक्टर्स भी नजर आ सकते हैं। फिल्म की शूटिंग 2024 के सेकंड हाफ में शुरू होगी। इस बार भी इसकी कहानी इंडिया-पाकिस्तान वॉर पर बेस्ड होगी।





# शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी पूजा हेगड़े

साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने बॉलीवुड में भी अपनी एक अलग पहचान बना ली है। बीते दिनों वह सलमान खान के साथ किसी का भाई किसी की जान में नजर आई। वहीं अब पूजा शाहिद कपूर के साथ रोमांस करती नजर आने वाली हैं। ज़ी स्टूडियो और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित रोशन एंड्रयूज की आगामी एक्शन थ्रिलर में वह शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म के लिए पूजा हेगड़े को मुख्य महिला के रूप में चुना गया है। यह शाहिद कपूर और निर्देशक रोशन एंड्रयूज के साथ उनका पहला सहयोग है।

ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद बहुमुखी और आशाजनक हैं। उनके साथ जोड़ी बनाने वाले किसी भी अभिनेता के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम उन्हें इसमें शामिल करके बहुत खुश हैं। पूजा हेगड़े ने कलाकारों में शामिल होने के बारे में अपना उत्साह साझा किया और कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। ताकि दर्शक मुझे ऐसी अनूठी और अलग भूमिका में देख सकें। एक्ट्रेस ने कहा, मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा। पूजा हेगड़े को हाउसफुल 3, अला वैकुंठपुरमुलू और बीस्ट जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है। शाहिद और पूजा की यह फिल्म 2024 में रिलीज होने वाली है।